नई दिल्ली
मंगलवार, 28 मई 2024
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 28, अंक : 47
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 43
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


पूरे टैंक का 250-300 किमी का माइलेज

## भारतीय सेना को मिली हाइड्रोजन से चलने वाली 'पहली बस'



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली पहली बस मिल गई है। नई दिल्ली में सोमवार को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गया। सेना प्रमुख को यह बस आईओसीएल शेष पेज 5 पर

राजकोट गेमिंग जोन हादसे में गुजरात सरकार का बड़ा एक्शन

# 7 सीनियर अधिकारी सस्पेंड, हाईकोर्ट ने निगम को फटकारा-क्या आप अंधे हो गए थे, 4 साल से चल रहा था तो क्या 'सो' गए थे?

### इस हादसे में 12 बच्चों समेत 28 लोगों की हुई थी मौत

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात के राजकोट में टीआरपी गेमिंग जोन हादसे को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 सीनियर अधिकारों को सस्पेंड किया है। इस हादसे में 12 बच्चे समेत 28 लोगों की आग में झुलसने से मौत हो गई।

हादसे को लेकर राजकोट नगर निगम के दो अधिकारी असिस्टेंट इंजीनियर जयदीप चौधरी और टाउन प्लानर गौतम जोशी को सस्पेंड किया गया है।

इसके साथ ही राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव का तबादला कर दिया गया है। दो अधिकारी पुलिस इंस्पेक्टर एनआर राठौर और पुलिस इंस्पेक्टर वीआर पटेल को भी सस्पेंड किया गया है। वहीं, सड़क और निर्माण विभाग के दो अधिकारी एडिशनल इंजीनियर पारस कोठिया और डिप्टी इंजीनियर एम आर सुमा पर भी गाज गिरा शेष पेज 5 पर



### हजारों लीटर पेट्रोल-डीजल जमा था, उससे विकराल हुई आग


इस घटना को लेकर गुजरात सरकार ने सुभाष त्रिवेदी के नेतृत्व में 5 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। जिस समय गेमिंग जोन में आग लगी उस दौरान वहां जनरेटर के लिए 1500 से 2000 लीटर डीजल, गो कार रेसिंग के लिए 1000 से 1500 लीटर पेट्रोल रखा था। इसी वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरा गेमिंग जोन आग के चपेट में आग गया। गेम जोन से बाहर निकलने और बाहर से अंदर जाने के लिए 7 फीट का एक ही रास्ता है।

### हाईकोर्ट ने चार नगर निगमों से मांगा जवाब

*गुजरात हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई करते हुए अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगम से स्पष्टीकरण मांग है। हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह मानव निर्मित आपदा है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि गेमिंग जोन के निर्माण और संचालन के लिए सही नियमों का पालन नहीं किया गया। गुजरात हाईकोर्ट ने राजकोट नगर निगम से स्पष्टीकरण मांगा है। राजकोट नगर* शेष पेज 5 पर

### डीएनए जांच से हुई नौ शवों की पहचान

*गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी ने फोरेंसिक लैब का दौरा किया और उसके बाद डीएनए जांच के जरिए नौ शवों की पहचान की घोषणा की। सांघवी ने कहा, चूंकि जले हुए शवों से खून के नमूने लेना असंभव था, फोरेंसिक विशेषज्ञों ने मृतकों और उनके रिश्तेदारों के* शेष पेज 5 पर






भाजपा अध्यक्ष ने वाराणसी में आयोजित बैठक को किया संबोधित

# मोदी की गारंटी ने गांव, गरीब और किसान की तकदीर बदली, 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकाले: नड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को यूपी के वाराणसी में आयोजित विद्वत बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व विकास हुए हैं। इससे पहले नड्डा ने वाराणसी में काल भैरव मंदिर और संकट मोचन मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प की सिद्धी की कामना की।

पूजा अर्चना के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए नड्डा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलेगा। नड्डा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ काम करना गौरव का विषय है। 10 वर्षों पहले भारत भ्रष्टाचारी देशों में से एक था, लोग मानने लगे थे कि भारत में कुछ नहीं बदलेगा और भारत में उदासीनता का माहौल बन गया था। 10 वर्षों में सामान्य लोगों में ये विश्वास पैदा किया कि भारत विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ सकता है। आज भारत का नाम अग्रणी देशों में गिना जाता है।

*नड्डा ने कहा जब देश की बागडोर सही नेतृत्व के हाथों में पहुंचती है तब देश आगे बढ़ता है लेकिन जब गलत व्यक्तियों के हाथ में आती है, तो देश पिछड़ने और बिखरने लगता है*

**खास बातें**

- पीएम मोदी के नेतृत्व में कई विकास कार्य हुए हैं
- विकसित भारत के संकल्प सिध्दी की कामना की




### अब सबका साथ सबका विकास

पहले राजनीति का मतलब हुआ करता था कि 'फूट डालो - राज करो'। देश में जाति, धर्म और क्षेत्र की राजनीति होती थी, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र पर देश की राजनीति की परिभाषा, संस्कृति और तरीका बदल गया है। आज देश आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत की नींव रखने का समय 1 जून 2024 है, जब वाराणसी की जनता भाजपा को आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कि जी-7, जी-20 और एससीओ तक ऐसा कोई वैश्विक फोरम नहीं है जहां भारत का प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा है। जिस वैश्विक संगठन का सदस्य भारत नहीं है, वहां भी आमंत्रित सदस्य के तौर पर भारत की मौजूदगी है। विश्व मित्र के रूप में भी भारत ने खुद को स्थापित किया है। नेपाल में कोई घटना घटी, तुर्की में भूकंप आया, कहीं सुनामी आई या त्रासदी हुई तो भारत सबसे पहले मदद के लिए आगे आता है।

### 9 माह के भीतर बना कोरोना का टीका

भारत में टीबी की दवा आने में 25 साल लग गए, टिटनेस की दवा को आने में 28 साल लग गए, जापानी बुखार की दवा आने में 100 साल लग गए, लेकिन बदलते भारत ने कोरोना का पहला केस आने के 9 महीनों के भीतर दो वैक्सीन बनाकर तैयार कर लीं। नड्डा ने कहा कि मोदी ने 25 लाख करोड़ रुपए के एक पैकेज की व्यवस्था की थी, जिसमें किसानों के लिए 1 लाख करोड़ रुपए, लघु उद्योग क्षेत्र के लिए और 80 करोड़ जनता को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से गरीबों को निःशुल्क अनाज मुहैया करवाया। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11 वें स्थान से 5 वें स्थान पर पहुंच गई है और पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की अर्थव्यवस्थ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आज भारत दवाइयों के उत्पादन में दूसरे नंबर पर हैं, दुनिया में सबसे सस्ती और असरदार दवाई भारत में बन रही है। केमिकल शेष पेज 5 पर

शाह का दावा- तीन साल के अंदर मिलेगा न्याय



# नई आपराधिक कानून प्रणाली पूरी तरह से तकनीक पर निर्भर

90 फीसदी गवाह वीडियो कॉल के जरिए पेश होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों में प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण कारक होगी। उन्होंने कहा कि समन एसएमएस द्वारा भेजे जाएंगे, 90 फीसदी गवाह वीडियो कॉल के जरिए पेश होंगे और अदालतें प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर आदेश जारी करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास के साथ कह सकता हूं कि तीन साल बाद हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी।

### बीते साल मिली थी मंजूरी

नए कानूनों में देशद्रोह कानून को नए अवतार में लाया जा रहा है और इसके दोषी को उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। लोकसभा में बीती 21 दिसंबर को तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक को मंजूरी मिली थी। ये कानून मौजूदा कानूनों भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानूनों को मंजूरी दे दी थी। अब यह कानून एक जुलाई से लागू होंगे। शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### काले कोट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** वकीलों की पहचान काला कोट होता है। लेकिन इस काले कोट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। 1961 के एडवोकेट एक्ट में संशोधन के लिए अदालत में दाखिल की गई याचिका दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि गर्मी के दिनों में काला कोट पहनने से शरीर को परेशानी होती है। इससे बीमारी भी होने का डर बना रहता है। काला कोट पहनने से सेहत, कार्य क्षमता पर कैसा प्रभाव पड़ता है इसके अध्ययन होना चाहिए।



### राहुल गांधी की रैली में भर-भराकर गिरा मंच


**नई दिल्ली।** चुनाव प्रचार के तहत ही बिहार के पाटलिपुत्र में एक रैली के दौरान राहुल गांधी एक बड़े हादसे का शिकार होने से बच गए। राहुल की मौजूदगी में अचानक रैली का मंच भर-भराकर गिर गया। हालांकि कोई नुकसान नहीं पहुंचा। दरअसल, पाटलिपुत्र में एक चुनावी रैली के दौरान अचानक मंच टूट गया, जिसके चलते राहुल गांधी भी लड़खड़ागए और गिरने से बाल बाल बच गए। स्टेज पर मौजूद लोगों ने संभाला।



रेवन्ना का वीडियो सामने आया

# 31 मई को एसआईटी के सामने पेश होऊंगा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू



कहा- मुझ पर लगे सभी आरोप झूठे

कर्नाटक में सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना ने सोमवार को कहा कि मैं 31 मई को एसआईटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मेरे खिलाफ लगे सभी आरोप झूठे हैं।

मुझे अदालत पर भरोसा है और विश्वास है कि मैं अदालत के जरिए झूठे मामलों से बाहर आऊंगा। प्रज्वल का यह बयान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उनके दादा की गुरुवार 23 मई को दी चेतावनी के 3 दिन बाद आया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस मामले की जांच में उनके और उनके परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी। प्रज्वल के खिलाफ 3 महिलाओं के उत्पीड़न के 3 मामले दर्ज हैं। वे 26 अप्रैल को लोकसभा की वोटिंग के बाद जर्मनी चले गए थे, तब से उनका कोई पता नहीं है। प्रज्वल हासन लोकसभा सीट से जेडीएस के उम्मीदवार हैं।

# बंगाल में चक्रवात 'रेमल' ने जमकर मचाया कोहराम



छह की मौत, दो लाख लोगों ने ली राहत शिविरों में शरण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चक्रवात रेमल की वजह से दो लाख लोग राहत शिविरों में हैं। राज्य सरकार की ओर से विभिन्न जिलों में 1400 से भी अधिक राहत शिविर खोले गए हैं। कुछ जगहों पर नदी तटबंध टूटने से खेतों में पानी घुस गया है जिससे फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। कई इलाकों में बिजली के खंभे गिर गए हैं जिससे वहां बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। चक्रवात की चपेट में आकर अब तक छह लोगों की मौत की खबर है, हालांकि सरकारी तौर पर चार की मौत की बात कही गई है। दर्जनों घायल हुए हैं। दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप, बकखाली, फ्रेजरगंज, शेष पेज 5 पर

# लोकसभा चुनावों के बीच 'दो तारीखों' का ऐलान

लोकसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत पक्की

## सरमाः भाजपा सरकार की 10 जून को शपथ, फिर से मोदी पीएम बनने जा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा सरकार 10 जून को शपथ लेगी। इसके बाद 11 जून को हमें पांडियन को वापस तमिलनाडु भेजना है।

ओडिशा के पटकुरा में आखिरी दौर के मतदान के लिए चुनाव प्रचार करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत पक्की है। फिर से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि ओडिशा में भी भाजपा जीत रही है। बस, चुनाव परिणाम का इंतजार है। असम के सीएम ने कहा कि 10 जून को भाजपा की सरकार शेष पेज 5 पर

कोई सवाल उठाएगा तो ये रकम दोगुनी कर देंगे

## राहुल : 5 जुलाई को आपके बैंक अकाउंट में आ जाएंगे 8500 रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और आखिरी चरण के चुनाव प्रचार में लगे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के आरा में एक रैली को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में गरीबों की एक लिस्ट तैयार की जाएगी। हर गरीब परिवार से एक महिला का नाम चुना जाएगा। इंडिया गठबंधन सरकार बनाएगा और देश की करोड़ों गरीब महिलाओं के बैंक खाते में



8500 रुपए आएंगे। उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन के सामने 2 समस्याएं हैं, एक अमीर-गरीब असमानता और दूसरी बेरोजगारी। कांग्रेस शेष पेज 5 पर




### मुंगेशपुर, नजफगढ़ और नरेला में 48 डिग्री से ऊपर पहुंचा तापमान

# दिल्ली में इस सीजन का सबसे अधिक पारा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भीषण गर्मी के बीच रविवार का दिन दिल्ली में सीजन का सबसे गर्म दर्ज हुआ। इस मौसम में दिल्ली में अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जबकि सोमवार को अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं दिल्ली के तीन क्षेत्रों में सोमवार को अधिकतम तापमान 48 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार मुंगेशपुर में सबसे ज्यादा 48.8 डिग्री सेल्सियस, नजफगढ़ में 48.6 डिग्री सेल्सियस, नरेला में 48.4 डिग्री सेल्सियस और जाफरपुर 47.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने मौसम को लेकर अनुमान जताया है कि मंगलवार को पारा और चढ़ेगा जिसके चलते तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आईएमडी ने 27-29 मई तक भीषण गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि 30 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार मई के अंत तक दिल्ली में भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लू लोगों के लिए परेशानी का कारण बना रहेगा। आईएमडी ने कहा कि 1 और 2 जून को पारे में गिरावट के साथ ही हल्की बारिश भी राहत दे सकती है। जबकि रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में मानसून 25 से 30 जून के बीच पहुंच सकता है। वैसे तो दिल्ली में मानसून की बारिश जुलाई के पहले हफ्ते से शुरू होती है लेकिन इस बार की स्थिति थोड़ी अलग हो सकती है। इससे पहले जून महीने की शुरूआत प्री मानसून बरसात से हो सकती है। स्काईमेट वेदर के अनुसार उत्तरी मैदानी इलाकों में कम गर्मी के कारण उत्तरी राजस्थान और आसपास के पंजाब क्षेत्र के कुछ हिस्सों में निम्न स्तर का चक्रवाती परिसंचरण बन गया है। हालांकि, यह शुष्क परिसंचरण है और किसी मौसमी गतिविधि की संभावना नहीं है। इस परिसंचरण से पूर्व-पश्चिम ट्रफ रेखा, जो पहले दिल्ली के करीब थी, अब उत्तर की ओर बढ़ गई है। बता दें, पिछले शनिवार से दिल्ली एनसीआर में शुष्क और गर्म उत्तर-पश्चिमी हवाएँ लौट आई हैं। जिसके कारण पारे का स्तर 40 के मध्य से 45 तक बढ़ गया है। दिल्ली में पिछले 2 सप्ताह से लगातार अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया जा रहा है। तब से यह तीन बार 44 डिग्री के स्तर को पार कर चुका है। मई महीने के आखिर तक पारा 45 डिग्री के आसपास बना रहेगा। इस अवधि के दौरान तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच सकता है। इससे पहले, दिल्ली में पिछले 2 दशकों में केवल एक बार 46 डिग्री सेल्सियस का तापमान पहुंचा था। सफदरजंग में 46 डिग्री का रिकॉर्ड है, जो 27 मई 2020 को दर्ज किया गया था। यह पिछले 2 दशकों में मई के महीने में सबसे अधिक है। अगले 2 दिनों में तापमान इस रिकॉर्ड को भी तोड़ सकता है। मौसम की स्थिति गर्म और शुष्क रहेगी, दोपहर में लू की स्थिति रहेगी।



### बिजली की मांग फिर आठ हजार मेगावाट की और बढ़ने लगी, 7897 मेगावाट पहुंची खपत

दिल्ली में गत दिनों आठ हजार मेगावाट बिजली की खपत हुई जो नया ऑल टाइम रिकॉर्ड के रूप में दर्ज हुआ था। जिसके बाद बिजली की मांग में कमी आने लगी। लेकिन अब भीषण गर्मी बढ़ने के साथ ही पुन बिजली की मांग का आंकड़ा 8 मेगावाट के करीब पहुंचने लगा है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार सोमवार को दोपहर 3.31 बजे बिजली की मांग बढ़कर 7897 मेगावाट पहुंच गई, जो आठ हजार के आंकड़े के बहुत करीब है। बिजली कंपनियों ने कहा कि यह मांग सोमवार देर रात और अधिक हो सकती है। जबकि रविवार को बिजली की मांग का ग्राफ 7680 मेगावाट दर्ज हुई थी। जबकि 22 मई 2024 को दिल्ली ने 8000 मेगावाट बिजली खर्च कर राजधानी में बिजली मांग का नया इतिहास दर्ज किया था। इसके बाद मौसम की राहत मिलने से बिजली की मांग भी कम होने लगी थी। अब पुन रविवार से बिजली की खपत में बढ़ोतरी दर्ज होने लगी है। निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों का कहना है कि बिजली की मांग पुन 8000 मेगावाट तक या इससे भी ऊपर पहुंच सकती है। बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही कटौती होने लगी है। लोगों की शिकायतें है कि बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काटी जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि लो वोल्टेज के चलते फ्रिज व एसी जैसे उपकरण काम नहीं कर रहे और कई बार तकनीकी खराबी भी आ जाती है। इस मुद्दे पर बिजली कंपनियों का दावा है कि बेशक बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। लेकिन मांग के अनुरूप पर्याप्त बिजली होने के कारण कटौती की कोई गुंजाइश नहीं है। कंपनियों का कहना है कि 8000 मेगावाट की ऐतिहासिक मांग को निर्बाध तरीके से आपूर्ति की गई थी। ऐसे में वर्तमान में बिजली कटौती की कोई जरूरत ही नहीं है।



### लू से पीड़ित मरीजों के लिए 26 सरकारी अस्पतालों में बिस्तर होंगे आरक्षित

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि लू लगने से बीमार पड़ने वाले मरीजों के लिए 26 सरकारी अस्पतालों में दो-दो तथा एलएनजेपी अस्पताल में पांच बिस्तर गर्मी से बीमार पड़ने वाले मरीजों के लिए आरक्षित होंगे।

# कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भीषण गर्मी और लू के बीच दिल्ली के कई क्षेत्रों में पीने के पानी की किल्लत उपभोक्ताओं के लिए दोहरी मार साबित हो रही है। दिल्ली जल बोर्ड के लाख दावों के बावजूद दिल्ली वाले पीने के पानी की कमी की मार झेल रहे है। कई क्षेत्रों में जहां आपूर्ति प्रभावित हो रही है, वहीं कई क्षेत्रों में गंदा पानी आपूर्ति हो रही है। इन दिनों बदरपुर, आली गांव, संगम विहार, खानपुर, देवली, किराड़ी, नांगलोई, लिबासपुर, सिरसपुर, खामपुर, इब्राहिमपुर, बुराड़ी के क्षेत्र, तिमारपुर, ढका, सीलमपुर, करावल नगर, दुर्गा पार्क, जौहरीपुर, नंद नगरी, सीमापुरी आदि क्षेत्र शामिल हैं। संगम विहार कालोनी के लोगों का आरोप है कि लंबे समय से पीने के पानी की आपूर्ति नहीं होने से एक एक बूंद के लिए तरस रहे है। स्थानीय निवासी चौधरी राधे का आरोप है कि यहां जल माफिया और प्रशासन की मिली भगत से लोगों को महंगा बोतल बंद पानी खरीदना पड़ रहा है। बदरपुर निवासी सुनील शर्मा का कहना है कि दिल्ली सरकार के दावे एकदम गलत है, क्योंकि यहां पीने के पानी की एक एक बूंद की बाट जोह रहे है। किराड़ी के लोगों का आरोप है कि यहां लंबे

■ **किराड़ी में गंदे पानी से उपभोक्ता परेशान**

समय से जलापूर्ति ने लोगों का जा हराम कर रखा है। यहां की नई कालोनियों में पाइप लाइन नहीं होने क चलते टैंकरों से गंदा पानी भेजा जा रहा है। साफ पानी की उम्मीद में लोग टैंकर आते ही उसके पीछे भागते है। स्थानीय निवासी लक्ष्मण झा का कहना है कि यहां गत कई दिनों से गंदा पानी आपूर्ति हो रहा है। जबकि भीषण गर्मी की वजह से पानी ज्यादा चाहिए, लेकिन हो उल्टा रहा है। दूषित पेयजल आपूर्ति की वजह से इस भीषण गर्मी में लोगों को पेट संबंधित बिमारियां बढ रही है। स्थानीय निवासी शबनम खातून का कहना है कि विधायक रितुराज से कई बार शिकायत की है, लेकिन समस्या जस की तस खड़ी है। डीजेबी के अधिकारियों से भी शिकायत की गई है, वह भी भरोसा देते है कि जल्द ही सब ठीक कर दिया जाएगा। इस समस्या को लेकर डीजेबी के एक अधिकारी ने स्वीकार किया की संगम विहार व किराड़ी जैसे क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या को लेकर शिकायतें मिल रही है। डीजेबी ने इस दिशा में कदम उठाए है और बहुत जल्द ही समस्या को हल कर लिया जाएगा।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC
LiFE Lifestyle for Environment

विज्ञापन एजेंसी के इम्पैनलमेंट के लिए ईओआई। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से प्री–बिड मीटिंग: **10.06.2024**, जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: **18.06.2024** को **12:00 बजे** तक।

विस्तृत विवरणों के लिए **www.irctc.com** एवं **www.tenderwizard.com/IRCTC** देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल वेबसाइट **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर की जा सकती है।


उपरोक्त के संबंध में जारी किया गया कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल **www.irctc.com** एवं **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in

कार्यालय पता: आईआरसीटीसी लि., 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001; फोन: 011–23311263

# दो चलती कारों और एक फर्नीचर गोदाम में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में बढ़ती गर्मी के कारण आग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को हुई आग की घटनाओं की बात करें तो शाम सात बजे तक आग की तीन घटनाएं सामने आईं। इनमें दो चलती कारें और एक फर्नीचर गोदाम शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार चलती दो कारों में लगी आग में एक कार सरकारी है। जो डीसीपी एम आई हैदर के घर पर लगी है। इस कार में आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को करीब 2 बजकर 57 मिनट पर मिली। सूचना के मुताबिक जब कार दिल्ली कैंट इलाके के पालम रोड, एनएच 8 पर जा ही तब उसके अचानक आग लग गई। हालांकि हादसे समय कार के अंदर डीसीपी मौजूद नहीं थे। कार एसआई चला रहा था। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। हादसे वाली गाड़ी टोयोटा कंपनी की है जिसका नंबर डीएल1सीटी 5023 है। वहीं दूसरी घटना पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में घटी। यहां सोमवार को चलती टैक्सी में आग लगने से वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। दिल्ली यातायात पुलिस के मुताबिक इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि दिल्ली अग्निशमन सेवा को तुरंत इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस घटना के दौरान केवल कार चालक ही वाहन में मौजूद था। हालांकि, वाहन में चिंगारी उठते ही वह बाहर कूद गया था। दिल्ली यातायात पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तम नगर से द्वारका मोड़ की ओर जाने वाले मार्ग में मेट्रो के एक पिलर के पास एक कार में आग लगने की घटना के कारण नजफगढ़ रोड पर यातायात प्रभावित हुआ। दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। वहीं तीसरी घटना भलस्वा डेयरी इलाके में हुई जहां एक लकड़ी के गोदाम में आग लग गई। इस आग में दो कारें, दो बाइक और गोदाम में रखा फर्नीचर जल कर राख हो गया। हालांकि किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। दिल्ली अग्निशमन विभाग को घटना के बारे में दोपहर 2:15 बजे मिली। अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। जिनकी कड़ी मशक्कत के बाद शाम छह बजकर 6 मिनट पर आग पर काबू पाया गया। दरअसल गोदाम के पास कई घर थे। गोदाम में लकड़ी का सामान होने से आग ने तुरंत ही विकराल रूप धारण कर लिया। जिसमें दो कारें और दो बाइकें चपेट में आ गईं।

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
CIN: L15421UP1991PLC019160
पंजी. कार्यालय : गांव लोयान मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
Tel.: 01234-259206 Fax:+91-1234-259200
E-mail: investors@sbecsugar.com, Website: www.sbecsugar.com

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन 31 मार्च 2024 को समाप्त 3 माह अंकेक्षित | स्टैंडअलोन 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित | स्टैंडअलोन 31 मार्च 2023 को समाप्त अनुकूल 3 माह अंकेक्षित | समेकित 31 मार्च 2024 को समाप्त 3 माह अंकेक्षित | समेकित 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित | समेकित 31 मार्च 2023 को समाप्त अनुकूल 3 माह अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 23,447.32 | 64,460.58 | 21,177.92 | 23,998.88 | 65,534.94 | 21,816.57 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 3,389.76 | 465.02 | 1,268.64 | 3,603.93 | 152.01 | 1,460.09 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 3,389.76 | 465.02 | 1,268.64 | 3,603.93 | 152.01 | 1,460.09 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 3,389.76 | 465.02 | 1,268.64 | 3,237.74 | (329.67) | 1,472.86 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 3,373.71 | 456.87 | 1,335.38 | 3,222.39 | (338.15) | 1,531.46 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व्स | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| a | बेसिक | 7.11 | 0.98 | 2.66 | 6.79 | (0.69) | 3.09 |
| b | डायल्युटेड | 7.11 | 0.98 | 2.66 | 6.79 | (0.69) | 3.09 |

**टिप्पणी :–**
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 27 मई 2024 को आयोजित उनकी बैठकों में बोर्ड द्वारा अनुमोदित किये गये हैं।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानदंड (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी शुगर लिमिटेड
हस्ता/–
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं प्रधान
डीआईएन : 00002757

स्थान : लंदन
दिनांक : 27 मई 2024

# स्वाति मालीवाल मारपीट मामला : अदालत ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी, जिन पर मुख्यमंत्री आवास पर आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री के निजी सहायक कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है। सुनवाई के दौरान, राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने अदालत से कहा कि अगर कुमार को रिहा किया गया, तो उनकी जान को खतरा है और उनके परिवार को गंभीर खतरा है। मालीवाल ने दावा किया कि घटना के बारे में एक यूट्यूबर द्वारा एकतरफा वीडियो बनाया गया था, जिसके बाद उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गईं। 13 मई को घटना के दिन से मुख्यमंत्री आवास के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें से एक में मालीवाल को सुरक्षाकर्मियों के साथ बहस करते हुए देखा जा सकता है, जबकि दूसरे में वह सिविल लाइंस में मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकलती दिखाई देती हैं। मालीवाल के वकील ने कहा कि कुमार के जेल में होने के बावजूद आप सांसद को धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने कुमार के निर्दोष होने पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कुमार ने अपना फोन फॉर्मेट कर दिया था और घटना की सीसीटीवी फुटेज डिलीट कर दी थी। अतिरिक्त लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि मालीवाल ने मुख्यमंत्री आवास में जबरन प्रवेश नहीं किया था। उन्होंने कहा कि अपनी सेवाएं समाप्त होने के बावजूद कुमार एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। कुमार के वकील ने जमानत का अनुरोध करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल जमानत पाने की तीन शर्तें पूरी करते हैं, क्योंकि उनके फरार होने का खतरा नहीं है, न ही सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने या गवाहों को प्रभावित करने की संभावना है। कुमार के वकील ने दावा किया कि पुलिस के साथ सहयोग करने के बावजूद उनके मुवक्किल को गिरफ्तार कर लिया गया। वकील ने कहा कि मामले में प्राथमिकी तीन दिन की देरी के बाद सोच समझकर दर्ज की गई थी। कुमार को शनिवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था और मंगलवार को उन्हें अदालत में पेश किए जाने की संभावना है।

### जमानत याचिका खारिज होने के बाद हाईकोर्ट का रुख करेंगे बिभव कुमार: आप

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार स्वाति मालीवाल 'हमला' मामले में शहर की एक अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की एक अदालत ने 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर 'आप' की राज्यसभा सदस्य मालीवाल पर हमले के मामले में आरोपी कुमार की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। 'आप' ने एक बयान में कहा, "कुमार निचली अदालत के निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख करेंगे।" मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केजरीवाल के निजी सहायक कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है।

### बिभव कुमार ने सांसद स्वाति मालीवाल को क्यों पीटा : सचदेवा

**हरिभूमि,नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की जमानत आवेदन की अस्वीकृति का स्वागत किया है और कहा है कि वह दिन दूर नहीं जब स्पष्ट होगा कि बिभव कुमार ने बेहद क्रूरता से सांसद स्वाति मालीवाल को क्यों पीटा। सचदेवा ने कहा है कि अब तक पुलिस जांच से स्पष्ट है कि बिभव कुमार को सांसद मालीवाल को पीटने का कोई व्यक्तिगत कारण नहीं था और स्पष्ट रूप से उसने मुख्यमंत्री के निर्देशों पर कार्रवाई की है। सचदेवा ने कहा है कि यह बहुत स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल और उनका परिवार दोनों उस समय घर पर मौजूद थे जब बिभव कुमार स्वाति मालीवाल को पीट रहे थे। केजरीवाल दम्पति ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी क्योंकि बिभव कुमार सांसद मालीवाल पर अपनी राज्यसभा सीट से इस्तीफा देने के लिए दबाव बना रहा था। पीटा जाने का दो में से एक कारण था या तो बिभव केजरीवाल के निर्देशों पर मालीवाल को इस्तीफा लेना चाहता था या फिर केजरीवाल परिवार के निर्देशों पर वह चाहता था कि मालीवाल मुख्यमंत्री आवास से दूर रहे। पुलिस जांच जल्द ही मामले के पीछे की सच्चाई को उजागर करेगी।

### नियमित अंतराल पर करें हल्की सिंचाई : पूसा

**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में लू (गर्म हवा) की संभावना को ध्यान में रखते हुए सब्जियों, सब्जियों की नर्सरी, जायद फसलों तथा फलों के बगीचों में हल्की सिंचाई नियमित अंतराल पर करें। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा के अंतर्गत कृषि परामर्श सेवाओं, कृषि भौतिकी संभाग की नोड़ल अधिकारी डॉ. अनन्ता वशिष्ठ ने किसानों को उक्त सलाह जारी की। उन्होंने दिल्ली देहात और आसपास के किसानों को सलाह दी जाती है कि सब्जी नर्सरी को लू से बचाव के लिए दिन के समय ढककर रखें। ग्रीष्मकाल हरी खाद के लिए सनई, ढैंचा की बुवाई कर सकते हैं।

**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhagerla House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**
IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DBR01535C | Arif | DL3CCV8152 | B4DA417E115635 | MEEHBC003MB034149 | Renault Kiger RXZ Petrol MT 1.0 | 2021 |
| DBR02410C | Shailesh Verma | DL9CBB3493 | F8DN6792535 | MA3EUA61S00L54693 | Maruti New Alto 800 VXI | 2023 |
| DED02125C | Prashant | DL4CAW6457 | L12B32516051 | MAKDF153CFN110580 | Honda Amaze 1.2 S(O) MT-Ivtec | 2015 |
| DBO01349C | SUMIT SHARMA | DL1CAG0971 | 1887557 | MA3EJKD1S00A36616 | SWIFT DZIRE VXI | 2016 |
| DBO01416C | RIYAJ AHMED | DL9CAL4367 | G12BN378832 | MA3ERLF1S00402180 | MARUTI EECO FLEXI GREEN | 2015 |
| DAS03904L | A NOOR | HR55AM6095 | E426CDNF397420 | MC2ESLRC0NF209542 | EICHER PRO 2114XP L HSD 22FT PRM BS 6 | 2022 |
| DDF01348L | K SURENDER | HR38AA6334 | KEHZ404632 | MB1A3GCD5KREC5500 | AL ECOMET 1214 | 2019 |
| DDF01631L | Y JANG BAHADUR | HR38AC3518 | 3.3lngd06fyx514042 | MAT563010M7F11512 | TATA 1512 LPT DCR 48HSD BSVI | 2021 |
| DDM00948L | EQUIPMENT PLUS INDIA | DL1LAG8582 | MNH013045P | MB1AA23E8NRMU8843 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2022 |
| DDM00981L | ELIT TRANSPORT CORPORATION | UP14LT3755 | E416NCNC388996 | MC2EDERC0NC506445 | EICHER PRO 2059 CBC 14 FT CNG BS VI | 2022 |
| DDM01096L | M AASH | DL1LAH9730 | UKN1G27634 | MA1ZP2UKKN1G72238 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2022 |
| DDP00706L | MK INDUSTRIAL ENGINEERS | HR38AE4846 | UKN1G26649 | MA1ZN2UKKN1G68268 | BOLERO PIK-UP CNG PS BS VI | 2022 |
| DDP00802L | K JAHID | HR38AF5545 | TTP1E23269 | MA1ZN2TTKP1E47397 | BOLERO PICKUP FB PS 1.3 T AC BS 6 | 2023 |
| DDZ02909L | V SONU | DL1LAL9610 | UKN1M29839 | MA1ZN2UKKP1A10349 | BOLERO PIK-UP CNG PS BS VI | 2023 |
| DDZ02939L | T SATPRAKASH | DL1LAJ8527 | PNH073179P | MB1AA23E5PRNF5928 | DOST PLUS CNG LS | 2023 |
| DED00655L | ELIT TRANSPORT CORPORATION | UP14LT2672 | UKN1F25457 | MA1ZP2UKKN1F60078 | MAHINDRA BMT PLUS CBC BS VI | 2022 |
| DED00656L | ELIT TRANSPORT CORPORATION | UP14LT2671 | UKN1F25309 | MA1ZP2UKKN1F60064 | MAHINDRA BMT PLUS CBC BS VI | 2022 |
| DSG00291L | T MOHAMMAD | DL1MA8651 | E416NCML369517 | MC2EBJRC0ML499279 | EICHER PRO 2095 G HSD BS VI | 2021 |
| DSG00393L | P KIRAN | HR69E1380 | 3.3LNGD06FXX516770 | MAT563010N7F14264 | TATA 1512 LPT DCR 48HSD BSVI | 2022 |
| DSG00483L | K AJAY | DL1LAH8400 | UKN1G27380 | MA1ZN2UKKN1G71177 | BOLERO PIK-UP CNG PS BS VI | 2022 |
| DSG00615L | R PURAN | HR38AF6620 | 33LNGD06NXX534228 | MAT563010NAN12776 | TATA 1512 LPT DCR 42 HSD 125 M5 BS VI | 2023 |
| DDM01376L | S ANURAG | DL1MB2278 | E416CCPE437277 | MC2EBKRC0PE529950 | EICHER PRO 20.95 XP HSD Bs6 | 2023 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi
Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245

## खबर संक्षेप

### पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने की श्रद्धांजलि अर्पित

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में सोमवार को आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व.पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेसियों ने स्व.नेहरू की फोटो पर फूल मालाएं चढ़ाकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व पार्षद व वर्तमसन पार्षद, प्रदेश से लेकर ब्लाक कांग्रेस तक के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद थे। प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि पंडित नेहरु ने वकालत की पढ़ाई पूरी करके भारत लौटने के बाद 1912 में कांग्रेस में शामिल हो गए। नेहरु राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रबल समर्थकों में से एक थे और देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। पंडित नेहरु ने देश के सबसे निचले स्तर तक सरकारी सुविधाओं को पहुंचाने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं को लागू किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की अहम उपलब्धियों में भारत की विदेश नीति का निर्माण करना था।

### केजरीवाल ने पं. नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। सीएम केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन।

### खेल प्रतिस्पर्धा में आईपी यूनिवर्सिटी को चौथा स्थान

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के छात्र एवं छात्राओं की अलग टीमों ने चेन्नई के जेप्पियार यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ज़ोनल चैम्पियनशिप में टग ऑफ वार प्रतिस्पर्धा में यूनिवर्सिटी का परचम लहराते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है। छात्राओं की 500 किलोग्राम स्पर्धा में 36 टीमों ने और छात्रों की 640 किलोग्राम स्पर्धा में 39 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस चैम्पियनशिप का आयोजन एसोशिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटिज ने किया था। उन्नीस सदस्यीय इन दोनों टीमों का कैम्पस वापसी पर भव्य स्वागत किया गया। यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा ने सभी टीम सदस्यों को सम्मानित किया।

### अस्पताल में आग लगने के समय ड्यूटी पर थे डॉक्टर आकाश

# शिशु अस्पताल अग्निकांड : कोर्ट ने मालिक, एक अन्य डॉक्टर को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने सोमवार को उस निजी अस्पताल के मालिक और हादसे के समय ड्यूटी पर तैनात रहे डॉक्टर को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया, जहां आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के लिए उनकी हिरासत का अनुरोध किया था। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची और डॉक्टर आकाश को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। डॉक्टर आकाश शनिवार देर रात अस्पताल में आग लगने के समय ड्यूटी पर थे। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है। पुलिस ने रविवार को दोनों डॉक्टर को गिरफ्तार किया था।

गौरतलब है कि पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में 'बेबी केयर न्यू बॉर्न चाइल्ड हॉस्पिटल' में शनिवार रात भीषण आग लग गई थी। अस्पताल संचालन का लाइसेंस कथित तौर पर समाप्त हो चुका है और इसके पास अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं है। विवेक विहार पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) और 304ए (लापरवाही से मौत), 304 (गैर इरादतन हत्या के लिए सजा) और 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है।



जांच करते हुए फोरेंसिक टीम।

## पांच नवजात शिशुओं के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंपे

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने के कारण मारे गए सात में से पांच नवजात शिशुओं के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजन को सौंप दिए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि दो अन्य शिशुओं के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजन को सौंपे जाएंगे। पुलिस ने बताया कि ऐसा दावा किया गया है कि एक नवजात शिशु की मौत आग लगने से कुछ घंटे पहले हो गई थी, लेकिन इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम के बाद ही की जा सकती है। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लग जाने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल लाइसेंस की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने कहा कि अस्पताल में योग्य डॉक्टर भी नहीं थे और अग्निशमन विभाग से कोई मंजूरी भी नहीं ली गई थी। पुलिस ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन किची और डॉ. आकाश को गिरफ्तार कर लिया है। डॉ. आकाश शनिवार रात घटना के वक्त ड्यूटी पर थे।



## मंत्री भारद्वाज के ओएसडी की भूमिका बेहद संदिग्ध : सचदेवा

### ओएसडी पर अस्पताल मालिक से मिलीभगत का मामला होना चाहिए दर्ज

**नई दिल्ली**। विवेक विहार स्थित शिशु अस्पताल अग्निकांड मामले में मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी डॉ. आर.एन. दास की भूमिका बेहद संदिग्ध है और उन पर अस्पताल मालिक से मिलीभगत का मामला दर्ज होना चाहिए। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को उक्त अग्निकांड को लेकर यह बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि विवेक विहार स्थित इस शिशु अस्पताल अग्निकांड मामले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी एवं 2021 में तत्कालीन मेडिकल सुपरिटेंडेंट नर्सिंग होम्स डॉ. आर.एन. दास की भूमिका बेहद संदिग्ध है। सचदेवा ने कहा है कि डॉ. आर.एन. दास 2021 के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन से लेकर वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के बेहद नजदीकी रहे हैं। इस अस्पताल के मामले में सत्येन्द्र जैन एवं सौरभ भारद्वाज की भूमिका भी संदिग्ध है और इन दोनों की भी अवैध रूप से अस्पताल चलाने में भूमिका की जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि अस्पताल मालिक के साथ ही डॉ. आर.एन. दास पर भी मिलीभगत एवं लापरवाही का मामला दर्ज हो और उनकी भी जांच एवं गिरफ्तारी हो।



### पांच की क्षमता थी और 10 बच्चों के इलाज की दी स्वीकृति

सचदेवा ने कहा कि वर्ष 2021 में स्वास्थ्य विभाग ने एक निरीक्षण में इस शिशु अस्पताल को केवल पांच बच्चों की देखभाल योग्य पाया था पर तब डॉ. आर.एन. दास ने अस्पताल मालिक के आवेदन के आधार पर बिना जांच 10 बच्चों के इलाज की क्षमता स्वीकृत करने का प्रयास किया था और फीस जमा भी करवा दी थी। इसके बावजूद आग के समय अस्पताल में 12 बच्चे भर्ती थे जो साफ करता है कि अस्पताल लगातार अनधिकृत रूप से चल रहा था और इसे दिल्ली सरकार का संरक्षण प्राप्त था और इसलिए कभी स्थानीय आरडब्ल्यूए की शिकायतों पर भी सुनवाई नहीं हुई है।

## दिल्ली के अस्पतालों को आठ जून तक करना होगा अग्नि सुरक्षा ऑडिट पूरा : भारद्वाज

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार इलाके में स्थित एक बेबी केयर सेंटर में शनिवार रात आग लगने से 7 नवजातों की मौत के मामले को स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गंभीरता से लेते हुए सोमवार को अधिकारियों की एक आपात बैठक बुलाई और उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पताल 8 जून तक अपने-अपने अस्पतालों की फायर ऑडिट की कंप्लायंस रिपोर्ट जमा कराएं, ताकि यह सुनिश्चित हो जाए, कि सभी अस्पतालों में आगजनी की घटनाओं से निपटने के इंतजामों की पुख्ता जांच हो गई है। वहीं उन्होंने अस्पतालों को अपने इलेक्ट्रिकल सिस्टम की जांच करने के भी आदेश दिए हैं, क्योंकि गर्मियों के मौसम में अक्सर शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की घटनाएं देखी जाती हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक के बाद प्रैसवार्ता में बताया कि बीते शनिवार 25 मई 2024 को दिल्ली के विवेक विहार में स्थित एक बेबी केयर सेंटर में लगभग रात 11:30 बजे भीषण आग लगने का हादसा हुआ, जिसमें कई मासूम बच्चों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों द्वारा मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि अगले दिन 26 मई की सुबह मीडिया के माध्यम से मुझे यह जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि यह जानकारी मिलने के पश्चात मैंने स्वास्थ्य सचिव को कई बार फोन किया, कई मैसेज भी किये परंतु ना तो उनसे मेरा संपर्क हो पाया और ना ही उनकी ओर से मैसेज का कोई जवाब आया तो मैं अकेले ही घटनास्थल पर मामले की जानकारी लेने पहुंचा। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मैंने तुरंत प्रभाव से आज स्वास्थ्य विभाग की एक आपातकालीन बैठक बुलाई, जिसमें डीजीएचएस और स्पेशल सेक्रेट्री हेल्थ आदि बड़े अधिकारी मौजूद रहे।




■ किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा चाहे कोई कितना भी बड़ा आदमी हो

### 'इसी प्रकार का एक और नर्सिंग होम चलाता है मालिक'

सौरभ भारद्वाज ने बताया कि इस नर्सिंग होम के जो मालिक हैं वह इसी प्रकार का एक और नर्सिंग होम पश्चिम पुरी में भी चलाते हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना से पहले भी इस नर्सिंग होम के मालिक के ऊपर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो अलग-अलग मामलों में दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट और तीस हजारी कोर्ट में मुकदमे चल रहे हैं।

### 'नर्सिंग होम के नीचे तल में चल रहा था ऑक्सीजन रिफलिंग काम, जांच जारी'

नीचे वाले तल में ऑक्सीजन के रिफलिंग का काम चल रहा था। उन्होंने कहा कि हम इसकी भी जांच कर रहे हैं, कि यदि वहां पर इस प्रकार का कोई काम चल रहा था तो क्या अस्पताल प्रशासन के पास उसका लाइसेंस है और यदि नहीं है तो फिर किस आधार पर यह काम अस्पताल में चल रहा था और किसके द्वारा यह काम किया जा रहा था, इसकी जांच की जा रही है।

### 'अब सभी अस्पतालों को लेनी होगी फायर एनओसी'

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि एक नियम है कि 9 मी से कम ऊंचाई वाले अस्पताल को फायर एनओसी की आवश्यकता नहीं होती है। यही कारण है कि इस अस्पताल ने भी फायर एनओसी नहीं ली हुई थी। उन्होंने कहा कि इस घटना को देखते हुए हमने यह निर्देश दिए हैं, कि सभी अस्पताल चाहे वह एक मंजिला हो या दो मंजिला हो सभी को आग से निपटने के सभी सुरक्षा इंतजाम अपने अस्पतालों में रखने होंगे। उन्होंने कहा कि इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी अस्पतालों में वाटर स्प्रिंकलर सिस्टम और ऑटोमेटिक स्मोक डिटेक्टर लगाए जाएं।

## आध्यात्मिक व नैतिक विकास के बिना भौतिक प्रगति, सम्पन्नता, सफलता अधूरी : द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा कि आध्यात्मिक व नैतिक विकास के बिना समाज की भौतिक प्रगति, सम्पन्नता व सफलता अधूरी है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तिकरण धार्मिक सीमाओं से परे है। इस आध्यात्मिकता की दायरे में हमारी आत्मा का परिपोषण, ईश्वर के साथ संबंध और अपने विचारों और कर्मों में करुणा, सहानुभूति और सत्यता के सिद्धांतों का समावेश शामिल है। राष्ट्रपति ने कहा कि किन्तु उनके लिए हमें अपने जीवन के आध्यात्मिक पहलू की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यही वह नींव है जिस पर एक सामंजस्यपूर्ण और संपन्न समाज का निर्माण के साथ पूरे देश और मानवता की सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू भारत मंडपम में आयोजित ब्रह्मा कुमारी संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक योजना आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ और स्वस्थ समाज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। इस मौके पर महामहिम मुर्मू के अलावा अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके जयंती, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोहित गुप्ता, जी बी पंत हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग के निर्देशक डॉ मोहित गुप्ता, ब्रह्माकुमारी संस्था के अतिरिक्त महासचिव ब्रह्माकुमार राजयोगी बृजमोहन, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बी के पुष्पा सहित अन्य मौजूद थे।



## ईवीएम व वीवीपैट के लिए दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू : सीईओ

नई दिल्ली। सात संसदीय क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम में रखे गए ईवीएम और वीवीपैट के लिए दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है और मतदाताओं की पसंद से कोई समझौता नहीं है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा 2024 के आम चुनाव के लिए शनिवार, 25 मई, 2024 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के सभी सात संसदीय क्षेत्रों में मतदान हो चुका है और अब उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि 4 जून, 2024 को होने वाली मतगणना के साथ चुनावी प्रक्रिया की अखंडता की रक्षा के लिए पूरी सक्रियता बरती जा रही है। सीईओ कृष्णमूर्ति ने बताया कि निर्वाचन आयोग सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार मतदान वाले ईवीएम और वीवीपीएटी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

### चौबीसों घंटे दो स्तरीय सुरक्षा की तैनाती

सीईओ ने बताया कि यहां चौबीसों घंटे दो स्तरीय सुरक्षा की तैनाती, सबसे भीतरी परिधि में केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) द्वारा और सबसे बाहरी परिधि में राज्य सशस्त्र पुलिस द्वारा पहरा दिया जाएगा। स्ट्रांग रूम और गलियारों के सीलबंद दरवाजों पर दिन रात सीसीटीवी कैमरा कवरेज, निरंतर निगरानी। स्ट्रांग रूम के लिए एकल प्रवेश/निकास द्वार। डबल लॉक सिस्टम। स्ट्रांग रूम खोलने और बंद करने के दौरान अनिवार्य वीडियोग्राफी। वीडियोग्राफी के तहत अधिकृत अधिकारियों (सामान्य पर्यवेक्षकों, डीईओ, या डीसीपी) की यात्राओं की रिकॉर्डिंग के लिए एक लॉग बुक का रखरखाव। स्ट्रांग रूम के निकट एक परिचालन नियंत्रण कक्ष। वीआईपी और अधिकारियों सहित किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित।

## केजरीवाल ने चिकित्सकीय जांच के लिए अंतरिम जमानत एक हफ्ते बढ़ाने का न्यायालय से किया अनुरोध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अचानक अपना वजन छह से सात किलोग्राम कम हो जाने के चलते कई चिकित्सकीय जांच कराने के लिए उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है। केजरीवाल ने 26 मई को दायर अपनी याचिका में कहा है कि वह जेल लौटने के लिए न्यायालय द्वारा निर्धारित की गई तिथि दो जून के बजाय नौ जून को आत्मसमर्पण करना चाहते हैं। सूत्रों के अनुसार, अपीलार्थी ने अपनी अंतरिम जमानत एक हफ्ते बढ़ाने का अनुरोध किया है, जिस दौरान वह चिकित्सकीय जांच कराएंगे और उसकी रिपोर्ट प्राप्त करेंगे। वह तीन जून (सोमवार) से सात जून (शुक्रवार) तक ये जांच कराएंगे और फिर उसी हफ्ते के अंत में नौ जून को आत्मसमर्पण कर देंगे। याचिका में कहा गया है कि उनका वजन छह से सात किलोग्राम कम हो गया है और उनका कीटोन स्तर बहुत अधिक है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है। याचिका में कहा गया है कि मुख्यमंत्री को 'पैट-सीटी स्कैन' सहित कुछ चिकित्सकीय जांच कराने की जरूरत है। 'पैट-सीटी स्कैन' यानी 'पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी-कंप्यूटेड टोमोग्राफी' जांच के जरिए शरीर के अंगों एवं ऊतकों की विस्तृत तस्वीरें ली जाती हैं।

शीर्ष अदालत ने 10 मई को, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी, जिसके अनुसार उन्हें दो जून को जेल लौटना है। न्यायालय ने यह भी कहा था कि केजरीवाल इस दौरान अपने कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे और ना ही किसी भी सरकारी फाइल पर हस्ताक्षर कर सकते हैं, जब तक कि उपराज्यपाल की मंजूरी प्राप्त करने के लिए ऐसा करना आवश्यक न हो। केजरीवाल को आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।



### जब जेल जाने का वक्त आया है तो सीएम केजरीवाल का स्वास्थ्य होने लगा खराब : भाजपा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पूरे चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक रहा है लेकिन जब जेल जाने का वक्त आया है तो उनका स्वास्थ्य खराब होने लगा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर 7 दिन की अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग को एक नौटंकी बताते हुए यह बातें कही हैं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सिर्फ बहानों और झूठ की दुकान चलाते हैं इसलिए अब वह अपनी अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए नये बहाने बना रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि अंतरिम जमानत को बढ़ाने के लिए केजरीवाल चाहे जितने भी बहाने बना लें लेकिन उन्हें जेल जाना ही होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के खजाने और दिल्लीवासियों को लूटने वाले अब बचने वाले नहीं है। जब केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मेडिकल सर्टिफिकेट लगाया तो उसमें उन्होंने दिल्ली सरकार के किसी सरकारी अस्पताल की नहीं बल्कि एक निजी अस्पताल का मेडिकल सर्टिफिकेट लगाया है।

### आरपी सेल के प्रयास जारी लेकिन नहीं हो रहा नियंत्रित

# विज्ञापन और अवैध पार्किंग से निगम को हो रहा भारी राजस्व का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के लाभकारी परियोजना सेल (आरपी सेल) के अंतर्गत आने वाले विज्ञापन और पार्किंग विभाग को प्रतिमाह करोड़ों के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। दिल्ली के किसी भी मुख्य मार्ग पर चले जाए वहां बड़ी बड़ी अवैध प्रचार सामग्री, विज्ञापन नीति-2017 का उल्लंघन करते हुए और फुटपाथों व सड़क किनारे अवैध पार्किंग आसानी से मिल जाएगी। वहीं, बता दें कि नरेला जोन में करीब एक साल पहले अवैध रूप से चलने वाली एक पार्किंग का खुलासा हरिभूमि ने किया था, जोकि फ्री पार्किंग थी लेकिन पार्किंग विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से यहां पर्ची काट कर मनमानी राशि वसूली जा रही थी और इस पार्किंग का खुलासा होने के बाद निगम प्रशासन ने इस बंद कराना पड़ा था। लेकिन निगम प्रशासन ने इसके बाद भी दिल्ली में अन्य पार्किंग पर संज्ञान नहीं लिया। वहीं आरपी सेल के एक अधिकारी का कहना है कि हमारे प्रयास जारी लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। वहीं, हाल ही में राष्ट्वादी युवा संघ ने कई जगह संचालित हो रही अवैध पार्किंग को प्रमुखता से सोशल मीडिया एक्स पर साझा करते हुए निगम प्रशासन सहित कई प्रमुख विभागों की कार्यशैली पर निशाना साधते हुए खुलासे किए। राष्ट्वादी युवा संघ ने ताजा खुलासा करते हुए लिखा है कि दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए तीस हजारी कोर्ट के बाहर सड़क पर दोनों तरफ पार्किंग फ्री होने के बाद भी पार्किंग-माफियाओं द्वारा बिना पर्ची अवैध वसूली जारी है। यहां 2 घंटे के 50 रुपये और उसके बाद 100 रुपये वसूले जा रहे हैं।



### पार्किंग समस्या को लेकर महापौर ने लिखा था निगमायुक्त को पत्र

दिल्ली में अवैध पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय ने 12 मई को अवैध पार्किंग की समस्या पर कहा था कि उन्होंने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि दिल्ली में विभिन्न जगहों पर अवैध पार्किंग के कारण ट्रैफिक जाम लगता है और लोगों को असुविधा होती है। साथ ही इससे एमसीडी की प्रतिष्ठा पर भी सवाल उठते हैं और उसे वित्तीय नुकसान भी होता है। महापौर ने आयुक्त से इस पर जल्द से जल्द कड़े कदम उठाने को कहा है। साथ ही उन्होंने आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि वो अवैध पार्किंग के हॉट स्पॉट्स की पहचान कर, दस्तावेज तैयार कराने और इसके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दें।

खबर संक्षेप

## ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत 185 चालान



**गुरुग्राम ।** नशे में धुत होकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 185 वाहन चालकों को पकड़ा है। इन वाहन चालकों में एक महिला भी शामिल है जो नशे की हालत में गाड़ी चला रही थी। पुलिस की मानें तो 20 मई से 26 मई तक ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर पुलिस नाकाबंदी की थी। नाकाबंदी के दौरान कई वाहन चालकों की जांच की गई जिसमें से 185 वाहन चालक ऐसे मिले जिन्होंने अत्याधिक शराब पी हुई थी। इनमें एक महिला चालक भी शामिल थीं।

## ट्रस्ट ने छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई



**फरीदाबाद।** भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्था सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ओल्ड फरीदाबाद स्थित लाला लाजपत राय चौक के समीप मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें सैकड़ों आने-जाने वालों ने गर्मी में पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। संस्था के संस्थापक नरेन्द्र जैन ने बताया कि लगातार भीषण गर्मी के चलते लोग परेशान हो रहे है। इसे लेकर उनकी संस्था के सभी सदस्यों ने शहर में मतदान वाले दिन से ही अलग-अलग स्थानों पर मीठे व ठंडे पानी के वितरण का प्रबंध करने का निश्चय किया था।

## शराब तस्कर को अपराध शाखा ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी इकबाल तुगलकाबाद दिल्ली का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना कोतवाली के एरिया बाटा पुल के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देशी शराब के 100 पव्वे बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में अवैध शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

## फरार दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना सदर बल्लबगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार की टीम पुलिस चौकी आईएमटी ने लड़ाई-झगड़े के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों में मिंटू और धर्मेन्द्र का नाम शामिल है। आरोपियों के खिलाफ आरोपियों के एक भाई के साथ हुए झगड़े के कारण संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिस मुकदमे में आरोपी माननीय अदालत से अंतरिम जमानत पर थे। जिन्होंने पुलिस को अपने ब्यान दर्ज कराए है।

## आयोग के निर्देशों की अनुपालना का दिया भरोसा

# भारत निर्वाचन आयोग ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से की मतगणना की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा

*वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने मौके पर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विस्तार से मतगणना को लेकर चर्चा की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मतगणना की तैयारियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बैठक लेते हुए विस्तृत चर्चा की। सुचारू रूप से मतगणना का कार्य संपन्न करवाने के लिए आयोग ने विशेष दिशा-निर्देश दिए।

फरीदाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा दिया। वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मौके पर ही लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विस्तार से मतगणना को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मतगणना के लिए पूर्ण बंदोबस्त करें। सभी हिदायतों की अनुपालना करवाना सुनिश्चित करें।

**मतगणना के लिए कर्मियों को दिया जाए प्रशिक्षण**



### स्ट्रांग रूम से ईवीएम लाने कर्मचारियों की व्यवस्था करें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना के लिए सीसीटीवी कैमरों को स्थापित करवाएं। फायर, एंबुलेंस और पावर बैकअप इत्यादि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें। स्ट्रांग रूम से ईवीएम लाने के लिए कर्मचारियों की पूर्ण व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए नियुक्त किये जाने वाले सभी कर्मचारियों की ट्रेनिंग करवाएं। इसके अलावा भी उन्होंने अन्य जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल, जिला परिषद के सीईओ सतबीर मान, एसडीएम अमित मान, एसडीएम त्रिलोकचंद, एसडीएम शिखा, नगराधीश अंकित, डीआईओ लक्ष्मीनारायण मित्तल आदि अधिकारी मौजूद थे।

विक्रम सिंह ने बताया कि पृथला विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का कार्य सेक्टर-16 स्थित पंजाबी भवन में होगा। इसी प्रकार फरीदाबाद एनआईटी की मतगणना लखानी धर्मशाला में, बड़खल की मतगणना का कार्य दौलतराम खान धर्मशाला में, बल्लभगढ़ की मतगणना सुषमा स्वराज राजकीय महिला महाविद्यालय बल्लबगढ़ में तथा फरीदाबाद की मतगणना का कार्य सेक्टर-14 स्थित महात्मा हंसराज सभागार डीएवी स्कूल और तिगांव विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में होगी।

## नौकरी के नाम पर लाऊस, कंबोडिया व वियतनाम भेजकर करवाता था साइबर ठगी

# नौकरी के लिए विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला यूट्यूबर बॉबी गिरफ्तार

मशहूर यूट्यूबर बॉबी कटारिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बॉबी कटारिया के खिलाफ कबूतरबाजी के मामले में गुरुग्राम के बजघेड़ा थाने में केस दर्ज किया गया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मशहूर यूट्यूबर बॉबी कटारिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बॉबी कटारिया के खिलाफ कबूतरबाजी के मामले में गुरुग्राम के बजघेड़ा थाने में केस दर्ज किया गया था। कबूतरबाजी मामले में ही पुलिस ने बॉबी कटारिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कटारिया के खिलाफ आईपीसी की धारा 370 के तहत केस दर्ज किया है। कटारिया गुरुग्राम जिले के बसई गांव का रहने वाला है।

कटारिया पर यूपी मूल के दो युवकों से लाखों रुपए लेकर उन्हें वैन्टाइन भेजकर बंधक बना चाइनीज कंपनी में ले जाने का आरोप है। वहां उनके साथ मारपीट कर पासपोर्ट छीन लिए गए और उन्हें अमेरिकन के साथ साइबर फ्रॉड करने को मजबूर किया गया। जैसे-तैसे युवक मौका पाकर वहां से भाग निकले और इंडियन एंबेसी पहुंचकर वापस इंडिया आए। पीड़ित युवकों का आरोप है कि जिस कंपनी में उन्हें बंधक बनाया गया, वहां करीब 150 भारतीय इसी प्रकार मानव तस्करी करके लाए गए थे। जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, जिनको बॉबी कटारिया जैसे दलालों ने नौकरी का झांसा देकर मानव तस्करी करके भेजा हुआ है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

बजघेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में फतेहपुर निवासी अरुण कुमार व हापुड़ निवासी मनीष तोमर ने कहा कि वे बेरोजगार थे। वे इंस्टाग्राम पर अपने-अपने स्तर पर यूट्यूबर बॉबी कटारिया के संपर्क में थे। बॉबी के यूट्यूब चैनल एमबीके का साथ में उन्होंने विदेश में नौकरी दिलाने का विज्ञापन देखा। जिसके बाद उन्होंने बॉबी से उसके मोबाइल पर कॉल किया और वाट्सएप पर संपर्क किया। बॉबी ने उन्हें विदेश में नौकरी दिलवाने झांसा देकर अपने सेक्टर-109 स्थित ऑफिस बुलाया।

कॉन्सेंट वन मॉल में वे बॉबी कटारिया के ऑफिस उससे मिलने 1 फरवरी 2024 को अरुण पहुंचे । उसने दो हजार रुपए में अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इसके बाद बॉबी के कहने पर 13 फरवरी को उसके ऑफिस के खाते एमबीके ग्लोबल वीजा प्र.लि. में 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद फिर उसके कहने पर 14 मार्च को अंकित शौकीन नामक व्यक्ति के खाता में एक लाख और ट्रांसफर किए। बॉबी ने शौकीन के वाट्सएप से वैन्टाइन (एलएओएस) की टिकट भिजवाई। जिसके बाद वह 28 मार्च को बॉबी के कहने के मुताबिक एयरपोर्ट पर 50 हजार रुपए यूएसडी में बदलवाकर वैन्टाइन की फ्लाइट में बैठ गया। इसी प्रकार उसके दोस्त मनीष तोमर से भी लाखों रुपए सिंगापुर भेजने के नाम पर लिए गए, लेकिन उसे भी वैन्टाइन की फ्लाइट में बैठा दिया गया।

**खास बातें**

- 150 भारतीय इसी प्रकार मानव तस्करी करके लाए गए
- बेरोजगार युवकों को नौकरी के नाम पर दिया झांसा



### कटारिया का दोस्त पाकिस्तानी एजेंट

जब दोनों वैन्टाइन के एयरपोर्ट पर उतरे तो वहां उन्हें अभी नामक युवक मिला। जिसने खुद को बॉबी कटारिया का दोस्त व पाकिस्तानी एजेंट बताया। उसने उन्हें वैन्टाइन के होटल माइकन सन में छोड़ दिया। दूसरे दिन अभी ने उन्हें नावतुई ट्रेन की टिकट कराकर ट्रेन में बैठा दिया। नावतुई स्टेशन से अभी ने टैक्सी द्वारा उन्हें गोल्डन ट्रैंगल भिजवा दिया। जहां पर उन्हें अंकित, शौकीन व नितीश शर्मा उर्फ रॉकी नामक युवक मिले। जो उन्हें बेनामी चाइनीज कंपनी में ले गए। वहां दोनों के साथ जमकर मारपीट की गई और उनके पासपोर्ट छीन लिए गए। वहीं उन्हें अमेरिकन लोगों के साथ साइबर फ्रॉड करने को मजबूर किया गया। दोनों को धमकी दी गई कि यदि उनके अनुसार काम नहीं किया गया तो इंडिया नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें यहीं मार दिया जाएगा। उस कंपनी में करीब 150 भारतीय इसी प्रकार मानव तस्करी करके लाए गए थे। जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, जिनको बॉबी कटारिया जैसे दलालों ने नौकरी का झांसा देकर मानव तस्करी करके भेजा है। जैसे-तैसे युवक मौका पाकर वहां से भाग निकले और इंडियन एंबेसी पहुंचकर वापस इंडिया आए और बजघेड़ा थाना पुलिस में शिकायत दी। मामले में सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने आरोपी बॉबी कटारिया को गिरफ्तार कर लिया और कार्रवाई शुरू कर दी।

### विवादों में रहे हैं बॉबी कटारिया

*सोशल मीडिया में बॉबी की काफी फैन फॉलोइंग है। वे रील्स को लेकर काफी विवादों में रहा है। विवाद भी इतने संगीन की उसे पुलिस तलाश कर रही है। बॉबी के अक्सर शराब - सिगरेट के साथ वीडियो इंटरनेट पर वायरल होते हैं। इससे पहले देहरादून के कैंट कोतवाली क्षेत्र में बीच सड़क पर कुर्सी टेबल लगाकर शराब पीते हुए यूट्यूबर बॉबी की वीडियो वायरल हुई थी। जिसके खिलाफ कैंट कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था।*

## जनरल वीके सिंह के आवास के पास हुई घटना

# गनपॉइंट पर पेट्रोलपंप कर्मी से 9.50 लाख रुपए लूट लिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कविनगर थाना क्षेत्र के पॉश इलाके में राजनगर सेक्टर 3 में केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के आवास के पास सोमवार को बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े पेट्रोल पंप कर्मी से करीब साढ़े नौ लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। पेट्रोल पंप के मुंशी उस समय नवयुग मार्केट स्थित एसबीआई में नकदी जमा करने जा रहे थे। कर्मचारी ने पेट्रोलपंप मालिक को सूचना दी। मालिक ने इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मयंक राजपूत राजनगर एक्सटेंशन स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर बतौर मुंशी कार्य करते हैं। मयंक बैंक में रुपए जमा करने जा रहे थे। जैसे ही वह राजनगर में सर्विस रोड पर पहुंचे तो पीछे से बाइक सवार दो बदमाश उनकी जेब से मोबाइल निकालने लगे।

### स्कूटी की डिग्गी से निकाल लिए रुपए

इसके बाद ओवरटेक करके उन्होंने स्कूटी साइड लगवा ली। एक बदमाश ने तमंचा तानकर स्कूटी की डिग्गी खोलकर नकदी से भरा बैग निकाल लिया और भाग गए। दोनों ने हेलमेट लगाए हुए थे। उन्होंने मालिक को सूचना दी। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। अभिषेकश्रीवास्तव का कहना है कि घटना के अनावरण के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। बदमाशों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेश शाह पुत्र श्री शंभू शाह, निवासी– मकान नंबर 20ए, नानक वली पियान ढांसा मार्ग, गोपाल नगर, नजफगढ़, दिल्ली ने मुकदमा संख्या 886/2021 धारा 33/38/58 Delhi Excise Act अन्तर्गत थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश शाह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश शाह** फरार हो गया है (या उक्त वारटं के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 886/2021 धारा 33/38/58 Delhi Excise Act अन्तर्गत थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरेश शाह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री शशांक नन्दन भट्ट**
महानगर दंडाधिकारी–02 (पश्चिम)
कमरा संख्या–356
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/5786/WD/2024 (Court Matter)**

## सहोदया फरीदाबाद चैप्टर ने दिया सहयोग

# शिक्षा मंत्री ने अच्छे बोर्ड रिजल्ट वाले छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के सात विद्यार्थियों को सहोदया उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यार्थियों को 10वीं व 12 वीं कक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रेटर फरीदाबाद स्थित शिव नादर स्कूल में सहोदया फरीदाबाद चैप्टर के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप हरियाणा शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में तिगांव विधायक राजेश नागर के अलावा गणमान्य लोग उपस्थित रहें। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए सीमा त्रिखा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना उद्देश्य बनाकर सकारात्मक तरीके से मेहनत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।



## एचआरएमएस को लेकर की गई समीक्षा

# नियमित व अनियमित कर्मचारियों का डेटा पोर्टल में की जाएगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सीटीएम अंकित कुमार ने बताया की हरियाणा एनआईसी द्वारा बनाए गए एचआरएमएस पोर्टल को अपग्रेड कर उसमें नए मॉड्यूल डिजाइन किए गए है। जिसके अंदर नए सिरे से सभी नियमित व अनियमित कमचारियों का डेटा अपलोड किया जाएगा। हरियाणा सरकार ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट द्वारा एचआरएमएस पोर्टल के अपडेशन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। सीटीएम ने कहा कि एचआरएमएस 2.0 पोस्ट पोर्टल का अपडेटेड वर्जन है। पोर्टल पर पहले जितनी भी समस्या बताई गई थी उन सबको दूर कर दिया गया है। सभी कर्मचारी एक सप्ताह के अंदर सभी रेगुलर और नॉन रेगुलर कर्मचारियों का डेटा पोर्टल पर अपलोड करवाएं।




## कांग्रेसियों ने श्रद्धापूर्वक मनाई पूर्व प्रधानमंत्री प.नेहरू की पुण्यतिथि

**फरीदाबाद।** भारत के प्रथम पीएम पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेसजनों ने श्रद्धापूर्वक मनाई। पूर्व प्रदेश महासचिव नेता बलजीत कौशिक पं. नेहरू की प्रतिमा को गंगाजल से साफ कर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि उन्होंने देश के विकास और लोकतंत्र की मजबूत बुनियाद रखी।

## आरोपियो से गाड़ी, देसी पिस्टल व 6 जिंदा रोंद बरामद

# अपहरण व लूट के मुकदमे में 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



21 मई की देर रात को अशोक कुमार वासी मुकेश कॉलोनी को उनकी कार स्कॉर्पियों में बंधक बना लिया। आरोपियों ने स्कूटी से स्कॉर्पियो में टक्कर मारी और पीड़ित को उनकी गाड़ी में देसी पिस्तौल दिखाकर अपहरण कर ग्रेटर नोएडा ले गए।

नोएडा में उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसके बाद आरोपी गाड़ी छोड़कर भाग गए। स्थानीय पुलिस ने कार से व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। जिसकी सूचना पुलिस को प्राप्त हुई । उच्च अधिकारियों को मामले के संबंध में अवगत कराया गया। पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा व पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार के द्वारा तुरंत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए। कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा व पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने बताया कि अपराध शाखा उंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपियों में चरण सिंह, विक्की उर्फ विवेक, अनिल व भारत नागर उर्फ भालू नाम शामिल है। आरोपियों को अपराध शाखा टीम ने मौजपुर एरिया से काबू किया है। मौके पर गाड़ी, देसी पिस्तौल व 6 जिंदा रोंद भी बरामद किए गए हैं। आरोपी चरण का आरोपी भारत भांजा है। आरोपी अनिल व विक्की दोस्त हैं।

आरोपी देसी पिस्तौल को ऋषिकेश की व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपियों ने वारदात को पैसे के लिए अंजाम दिया है। देर रात को सेक्टर-11 पेट्रोल पंप के पास से स्कॉर्पियों में आते हुए व्यक्ति को अपनी स्कूटी से टक्कर मारी जिसको लेकर स्कॉर्पियो में से व्यक्ति उतरा तो उसका उसकी गाड़ी में अपहरण कर ग्रेटर नोएडा ले गए। आरोपियों ने पीड़ित से 2500 नकद, सोने की चेन व एटीएम कार्ड स्नैचिंग किए गए तथा एटीएम कार्ड को प्रयोग कर पैसे निकालने की कोशिश की गई।

**पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड**

PET JARS BOTTLES

CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजी. कार्यालय : ए-97/2, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020, भारत
Tel. No.: +91-11-47385300, Fax : +91-11-47480746
Email : pearl@pearlpet.net, Web : www.pearlpet.net

**31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही हेतु 31.03.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही हेतु 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही हेतु 31.03.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 636.84 | 620.23 | 548.41 | 2,435.88 | 1,949.40 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर और असाधारण मदों से पूर्व) | (70.26) | 58.72 | (291.42) | 32.71 | (803.17) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | (70.26) | 58.72 | (291.42) | 32.71 | (803.17) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | (49.66) | 58.72 | (305.52) | 65.41 | (817.27) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (63.66) | 58.72 | (292.61) | 51.41 | (804.36) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | | | | 2,172.60 | 2,121.19 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | |
| | 1. बेसिक | (0.30) | 0.35 | (1.82) | 0.39 | (4.86) |
| | 2. डायल्युटेड | (0.30) | 0.35 | (1.82) | 0.39 | (4.86) |

**टिप्पणी :**
उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये अअंकेक्षित तिमाही एवं समाप्त अंकेक्षित वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स www.nseindia.com, www.bseindia.com पर और कम्पनी की वेबसाइट www.pearlpet.net पर उपलब्ध हैं।

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 27 मई 2024**

**कृते पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड**
हस्ता/-
(उदित सेठ)
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**डीआईएन :** 00005403

## खबर संक्षेप

### गैंगस्टर मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**प्रयागराज।** विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड मामले में गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी को



गैंगस्टर एक्ट के तहत एमपी-एमएलए कोर्ट से मिली चार साल की सजा के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार के वकीलों ने एमपीएमएलए कोर्ट से मिली सजा को नाकाफी बताया। सजा को और बढ़ाने की मांग की। कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष राय ने भी सजा को बढ़ाने की मांग की।

### ट्रक ने सामने से कार को मारी टक्कर, मौत

**बलरामपुर।** यूपी के बलरामपुर से एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक क्रिस्टा को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में कार सवार गोरखपुर रेलवे




में तैनात सेक्सन अफसर की मौत हो गई। जबकि कार में बैठे अन्य रेलवे के अधिशासी अभियंता और ड्राइवर को खरोच तक नहीं आई। दुर्घटना के बाद केले से भरा ट्रक भी सड़क पर ही पलट गया। ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग निकला। जानकारी के मुताबिक ड्राइवर केला लेकर नेपाल जा रहा था।

### यमुना में स्नान करने गए 3 दोस्त डूबे, 2 की मौत

**प्रयागराज।** अतरसुइया थाना क्षेत्र के दरियाबाद के पास जोगी घाट पर स्नान करने गए दो किशोर गहरे



पानी में समा गए। घाट पर स्नान कर रहे लोगों ने दोनों को बचाने का प्रयास किया लेकिन दोनों का पता नहीं चला। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गए। गोताखोरों की मदद से दोनों की खोजबीन की गई। काफी देर मशक्कत करने के बाद गोताखोरों ने दोनों को बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## सितंबर तक पूरा हो जाएगा 7 मंदिरों का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर के 70 एकड़ परिसर में स्थित कुबेर टीले पर रामायण कालीन पौधे लगाए जाएंगे। वहीं, राम मंदिर परिसर में बने अन्य मंदिरों का निर्माण कार्य भी सितंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा। उसी के बाद इन मंदिरों में भी दर्शन शुरू हो जाएगा। जहां रामलला के दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश नंगे पांव करने पड़ते हैं, वहीं अन्य मंदिरों में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं को जूते और चप्पल नहीं उतारने पड़ेंगे। सप्त मंडलप का निर्माण सितंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा।

# कुबेर टीले पर लगाए जाएंगे रामायण कालीन पौधे, बॉटनी गार्डन कर रहा शोध

*नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि कुबेर टीले का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जटायु महाराज भी स्थापित हो चुके हैं। जो श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने आते हैं वह कुबेर टीले के दिशा में*

**खास बातें**

- अन्य मंदिरों में दर्शन के लिए जूते और चप्पल नहीं उतारने पड़ेंगे
- स्थापित हो चुके हैं जटायु महाराज

### पौधे लगाने पर काम कर रहा है उद्यान विभाग



नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि शेषावतार मंदिर भी जल्द बनकर पूरा हो जाएगा। कुबेर टीले का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जटायु महाराज भी स्थापित हो चुके हैं, जो श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने आते हैं, वह कुबेर टीले में भी जाएं, कुबेर टीले पर रामायण कालीन पौधे लगाए जाएंगे, उद्यान विभाग उस पर काम कर रहा है।

### 150 से अधिक रामायण कालीन पौधों का उल्लेख

उन्होंने कहा कि नेशनल बॉटनी गार्डन लखनऊ इस पर शोध कर चुका है कि रामायण में कौन- कौन से पौधों का उल्लेख है, 150 से ज्यादा रामायण कालीन पौधों का उल्लेख है, उन्ही में से ही चयन करके कुबेर टीले पर पौधे लगाए जाएंगे।

### एक छात्र की मौत

# पटना यूनिवर्सिटी में दो छात्र गुटों के बीच जमकर मारपीट

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना विश्वविद्यालय में छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक छात्र की मौत हो गई है। घटना सुलतानगंज थाना क्षेत्र के लॉ कॉलेज कैंपस की है। सूचना मिलते ही मौके पर एसपी सेंट्रल के साथ कई थानों की पुलिस पहुंची। मृत छात्र की पहचान हर्ष के रूप में हुई है। वह वैशाली प्रखंड के मझौली गांव के रहने वाले थे। हर्ष के पिता अजीत कुमार वैशाली प्रखंड से एक अखबार के रिपोर्टर हैं। इस बीच पीयू में अगले आदेश सभी परीक्षाएं



स्थगित रखने का लिया गया निर्णय। इसके अलावा मंगलवार को विश्वविधालय बंद रखने का भी आदेश जारी किया गया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लॉ कॉलेज और पटेल छात्रावास के छात्रों ने बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष के साथ मारपीट की। इस घटना में हर्ष बुरी तरह से घायल हो गया।

### मऊ में सीएम योगी का विपक्ष पर हमला, बोले-

# बेटियों व महिलाओं को घरों में कैद करने की साजिश रच रहे इंडिया गठबंधन के नेता

एजेंसी ▶▶ मऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया सब मिट्टी में मिल गए। समाजवादी की नाकारात्मक सोच को कामयाब नहीं होने देंगे। ये तालिबानी कानून लाना चाहते हैं। ये भारत के संविधान का अपमान है। ऐसा नहीं होने देंगे। अब कुछ नहीं बचा। चार दिनों में घर- घर जाकर बुढ़ापे का सहारा छड़ी के पक्ष में मतदान के लिए लोगों से अपील करिए और एनडीए के प्रत्याशी को संसद तक पहुंचाएं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ही नहीं प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा है कि 4 जून को सरकार बनेगी। 70 साल के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा।

सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का इंडी गठबंधन है। इनकी सोच नकारात्मक है। वो केवल नकारात्मक ही सोच सकते हैं। दलितों का विरोध करते हैं और ये पिछड़ों के हक को मारते हैं। इनका घोषणा पत्र कहता है कि उनकी सरकार बनेगी तो मुसलमान आरक्षण देने का काम करेंगे। ये सत्ता में आयंगे तो जनता पर वरासत टैक्स लगाएंगे। आपके पूर्वजों ने जो संपत्ति बनाई है, वो इनके द्वारा उस संपत्ति को आधा ले लिया जाएगा और रोहिंग्या, बांग्लादेशियों को दे दिया जाएगा।

सीएम योगी ने कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह गठजोड़ देश में शरिया कानून लागू करके महिलाओं और बेटियों को घर में कैद करने की साजिश रच रहा है।

*देश ही नहीं प्रदेश भी विकास की ओर*

*हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना का मिलेगा लाभ*



### अरविंद राजभर ने जमीन पर बैठकर योगी को किया प्रणाम

मऊ में यूपी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर ने जमीन पर बैठकर सीएम योगी को प्रणाम किया। सीएम ने भी पीठ थपथपाकर शाबाशी दी। अरविंद घोसी लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी हैं।

### कांग्रेस आई तो महिलाओं को बुर्के में रहना पड़ेगा

सीएम योगी ने कहा कि ये कहते हैं पर्सनल कानून लागू करेंगे। इसका मतलब है तालीबानी शासन। बेटी स्कूल नहीं जा पाएगी, महिलाएं बाजार नहीं जा पाएंगी। तीन तलाक को फिर से चालू करवाएंगे। बुर्के के अंदर महिलाओं के दुबक कर रहना पड़ेगा। भारत में तालिबानी कानून लागू नहीं होने दिया जाएगा। ये भारत के संविधान का अपमान है। भारत बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान से चलेगा। यहां पर तालिबानी कानून नहीं आने दिया जाएगा।

### सम्राट चौधरी के निशाने पर राहुल गांधी, कहा-

# कांग्रेस पार्टी ने 55 सालों में इस देश को लूटने का काम किया, बिहार आने से नहीं होगा फायदा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे को लेकर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बिहार आने से कोई फायदा नहीं होने वाला है।

उन्होंने कहा कि राज्य में लालू यादव का परिवार जिस तरह से शोर मचा रहे हैं, उससे स्पष्ट लगता है कि यह सारे लोग भ्रष्टाचारी हैं। इस बीच भ्रष्टाचारियों का सरदार दिल्ली से आ रहे हैं, जिनके नेतृत्व में पूरे देश में भ्रष्टाचार हो रहा है। मीडिया के साथ बातचीत के दौरान सम्राट चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछले 55 वर्षों में इस देश को लूटने का काम किया। इस तरह अंग्रेजों ने लूटा इस तरह कांग्रेस ने भी देश को 55 साल तक लूटने का काम किया।



### नरेंद्र मोदी पर विश्वास करती है जनता

*कहा कि बिहार के लोग भी जानते हैं कि कांग्रेस ने 55 साल तक देश में राज किया और देश को कहां धकेल दिया था। नरेंद्र मोदी ने 10 साल में देश को कहां से कहां लाकर खड़ा कर दिया है। कहा कि निश्चित तौर पर देश की जनता नरेंद्र मोदी पर विश्वास करती है। बिहार में राहुल गांधी आए या नहीं आए कोई फर्क नहीं पड़ता है।*

## गाजीपुर में अखिलेश यादव ने कसा सियासी तंज

# भाजपा और बसपा ने मिला रखा है हाथ, सावधान हो जाइए

एजेंसी ▶▶ गाजीपुर

अखिलेश यादव ने कहा कि यह संविधान बचाने का भी चुनाव है। भाजपा और बसपा ने अंदर ही अंदर हाथ मिला रखा है। इसलिए सावधान हो जाइए। वह गाजीपुर जिले के आरटीआई मैदान में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने एंबुलेंस की



सर्विस को भी बर्बाद कर दिया। पुलिस को लेकर के भी हम लोगों ने व्यवस्था बनाई थी, जो बर्बाद हो गई है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग भी जान गए हैं कि 4 जून के बाद उनकी सरकार बनने वाली नहीं है। इसीलिए लखनऊ वाले तो लखनऊ वाले दिल्ली वालों की भी भाषा बदल गई है। हम इन भाजपा वालों को कहना चाहते हैं 4 जून के बाद न केवल मंत्री मंडली बदलेगी, मंत्रिमंडल भी बदलेगा और मीडिया मंडल भी बदलने का काम होगा।

## पेज एक का शेष

### 7 सीनियर अधिकारी सस्पेंड,

दी गई है। इस हादसे के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने इस घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिया था।

### हाईकोर्ट ने चार नगर...

निगम ने कोर्ट में माना कि हां इस मुद्दे पर हमारी मंजूरी नहीं ली गई। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि क्या आप अंधे हो गए। 4 साल से चल रहा था तो क्या सो गए थे। क्या हम मान लें कि आपने आंखें मूंद लीं? आप और आपके अनुयायी क्या करते हैं? कुछ अधिकारी के गेम जोन में जाने की तस्वीर सामने आने पर हाईकोर्ट ने कहा कि जो अधिकारी वहां खेलने गए थे वो क्या थे...? सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि मलबा हटाने प्रक्रिया रोकी जाए क्योंकि कुछ लोग अभी भी लापता हैं।

### डीएनए जांच से ...

डीएनए से मिलान करने के लिए हड्डियों के नमूने लिए हैं। नमूनों को सड़क के रास्ते गांधीनगर लाने वक्त लगता इसके लिए मुख्यमंत्री ने एयर एंबुलेंस से नमूने लाने का निर्देश दिया था।

### भारतीय सेना को...

ने एक कार्यक्रम के दौरान सौंप दी। भारतीय सेना ने हरित और टिकाऊ परिवहन समाधान खोजने की दिशा में दृढ़ संकल्प प्रदर्शित करते हुए पहली हाइड्रोजन ईंधन बस को अपने बेड़े में शामिल किया है। इस बस में 37 यात्रियों की बैठने की क्षमता है। टैंक को एक बार में 30 किलोग्राम हाइड्रोजन ईंधन से भरा जा सकता है। पूरे टैंक का 250-300 किमी का माइलेज है, जो शून्य कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करता है।

### 9 माह के भीतर ...

के क्षेत्र में भारत से केमिकल का निर्यात 106 फीसद बढ़ा है, खिलौना उद्योग में भारत तीसरे नंबर पर पहुंच गया है, ऑटोमोबाईल के क्षेत्र में भारत विश्वभर में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। 10 साल पहले भारत में इस्तेमाल होने वाले सभी मोबाईल फोन, कोरिया, जापान और चीन में बनाए जाते थे, आज हर मोबाईल का विनिर्माण भारत में हो रहा है। जब देश की बागडोर सही नेतृत्व के हाथों में पहुँचती है तब देश आगे बढ़ता है लेकिन जब गलत व्यक्तियों के हाथ में आता है देश पिछड़ने और बिखरने लगता है। जेपी नड्डा ने कहा कि कि 10 वर्षों पहले जब भी अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात की जाती थी तब हमेशा पाकिस्तान को भारत के साथ जोड़ा जाता था लेकिन आज दुनिया का कोई भी नेता भारत के साथ पाकिस्तान को नहीं जोड़ता है। यूपीए शासन के समय मनमोहन सिंह जब विदेश जाते थे तब वे आतंकवाद की बात करते थे, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में आज भारत एयर स्ट्राइक करके आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देती है।

### बीते साल...

अधिकारियों का प्रशिक्षण लगभग पूराः नए कानूनों को लागू करने की तैयारी के बारे में पूछे जाने पर गृह मंत्री ने कहा कि तैयारियां तेजी से चल रही हैं और अधिकारियों का प्रशिक्षण लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इसके लागू होने के बाद, नए आपराधिक कानूनों के तहत कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने के दिन से तीन साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट से आदेश प्राप्त कर सकता है।अमित शाह ने कहा कि वह साल 2019 से तीन नए आपराधिक कानूनों पर काम कर रहे हैं। हम अदालतों और पुलिस थानों के आधुनिकीकरण की दिशा में काम कर रहे हैं। सब कुछ तकनीक की मदद से हो रहा है। तकनीक के माध्यम से कानून का आधुनिकीकरण हो रहा है।

### बंगाल में चक्रवात...

सागरद्वीप और सुंदरवन इलाकों में हजारों कच्चे घर ढह गए हैं। मालूम हो कि चक्रवात रविवार रात करीब 8.30 बजे बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों से टकराया था। उसके प्रभाव से सोमवार को कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर व दक्षिण 24 परगना, पूर्व व पश्चिम बद्र्धमान, मुर्शिदाबाद, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, नदिया, पूर्व व पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भारी बारिश हुई, जिसका सामान्य जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है।

### सरमा : भाजपा सरकार...

शपथ लेगी। इसके बाद 11 जून को पांडियन को तमिलनाडु एयरपोर्ट भेजना है।

### राहुल : 5 जुलाई...

पार्टी इन दोनों समस्याओं को एक झटके में ठीक करने जा रही है। देश में गरीबों की एक सूची तैयार की जाएगी। 4 जून को गठबंधन सरकार बनाएगा। 5 जुलाई को देश की करोड़ों गरीब महिलाओं के बैंक खाते में 8500 रुपए आएंगे। यह जुलाई से अगस्त से लेकर सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर तक जारी रहेगा। इसी तरह 'ठका-ठक, ठका-ठक अंदर' और जब ऐसा होगा तो मीडिया कोई सवाल उठाएगा तो हम कहेंगे कि हम ये रकम दोगुनी कर देंगे।

### पप्पू यादव ने भाजपा विधायक को दी खुली चुनौती, कहा-

# सत्ता की हनक मत दिखाइए, आतंकियों जैसे व्यवहार से दहशत में है पूरा गांव

एजेंसी ▶▶ पूर्णिया

मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के जाले इलाके में 20 मई को बुर्का पहनकर फर्जी मतदान की कोशिश के आरोप में तीन फर्जी महिला मतदाता सहित चार लोगों को पुलिस ने बूथ पर से ही गिरफ्तार किया था। इसके बाद ग्रामीणों ने जाले थाना पर हमला कर चारों को भगा दिया था। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को जेल भेज दिया है।

अब इस मामले में सियासत तेज हो गई है। पहले भाजपा के पूर्व मंत्री जीवेश कुमार और मधुबनी के सांसद अशोक कुमार यादव ने बुर्का पहनकर मतदान करने पर रोक लगाने की मांग की थी। पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार और कांग्रेस नेता पप्पू यादव गिरफ्तार किए गए लोगों के घर पहुंचे। इनके परिजनों से मुलाकात की। पप्पू यादव ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों के साथ आतंकियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। पुलिस के डर से पूरा गांव दहशत में है। उन्होंने कहा कि पुलिस न्याय संगत कारवाई करे। आधी रात में जबरन गिरफ्तारी करना न्याय संगत नहीं है। इतना ही नहीं पप्पू यादव ने राजद प्रत्याशी अली अशरफ फातमी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सिर्फ मुस्लिमों का वोट लेना ही इनका मकसद है। आज इनके दुःख में खड़ा नहीं होना दुखद है।



### राजद को मुस्लिम वोट से मतलब

*पूर्णिया लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल को केवल मुस्लिम वोट से मतलब है। यहां के राजद उम्मीदवार अली अशरफ फातमी एक बार भी पीड़ित परिवार से मिलने नहीं पहुंचे। राजद के बड़े नेता जिस तरह छपरा नहीं गए उसी तरह यहां भी नहीं आए। तेजस्वी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कम से कम एक बार हेलीकॉप्टर यहां भी उतार देते तो लोगों को राहत मिलता।*

### आगरा में दिल दहला देने वाली घटना

# रेलवे स्टेशन पर झगड़े के बाद ट्रेन के आगे कूद गई प्रेमिका

**प्रेमी खड़ा बस देखता रह गया, वीडियो वायरल**

एजेंसी ▶▶ आगरा

यूपी के आगरा में एक प्रेमिका ने प्रेमी से विवाद के बाद ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। वहीं, प्रेमी बस देखता रह गया। इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

राजा मंडी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक प्रेमी-प्रेमिका बैठकर बातें कर रहे थे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिसके बाद गुस्से में आकर प्रेमिका ट्रैक पर कूद गई। इस बीच केरला एक्सप्रेस उसे रौंदते हुए आगे



बढ़ गई। वहीं, प्रेमिका को कटते हुए प्रेमी देखता रह गया। उसे बचाने की कोशिश भी नहीं की। उधर, सूचना मिलने पर आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची और आनन-फानन में महिला को एसएन अस्पताल लेकर पहुंची। जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना का 30 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक शादी के बाद भी महिला प्रेमी के साथ लिव इन में रह रही थी।

### मर्डर का लाइव वीडियो कर लोग हुए विचलित

# बार में निकर पहने शख्स ने रायफल से चला दी गोली

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की राजधानी रांची में मर्डर का लाइव वीडियो सामने आया है। हैरान कर देने वाले इस वीडियो में नजर आ रहा है कि एक शख्स एक लड़के को बिल्कुल पास से गोली मार देता है। यह वीडियो वाकई विचलित कर देने वाला है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि यह वीडियो रांची के एक बार का है। जिस लड़के को गोली मारी गई है वो पेश से डीजे है।

वीडियो में नजर आ रहा है कि गोली मारने वाला शख्स सिर्फ निकर पहने हुए है और उसके हाथ में रायफल है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो रांची के एक बार का है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ निकर पहन कर बार में घुसे इस शख्स ने बिल्कुल पास से डीजे को गोली मारी है। यह भी बताया जा रहा है कि इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वो बड़ी आराम से वहां से चला गया। इतना ही नहीं यह भी बताया जा रहा है कि इस शख्स ने काफी देर तक बार के बाहर जाकर भी गोलीबारी की थी। इस गोलीबारी से लोग सहम उठे थे।



### आरोपी की पहचान हो गई है

इस घटना को लेकर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि बार में ग्राहकों और बाउंसरों के बीच झगड़ा हुआ था। इस बात की संभावना है कि किसी ग्राहक ने इस घटना को अंजाम दिया है। हम आरोपियों की तलाश कर रहे हैं मामले की जांच जारी है। आरोपी की पहचान हो गई है। उसकी तलाश की जा रही है। उसका पुराना क्रिमिनल रिकॉर्ड भी रहा है और वो पहले जेल भी जा चुका है। मृतक युवक छपरा का रहने वाला था।

**प्रमोद मिश्रा,** डीएसपी हटिया

### पुलिस को रात में करीब 1 बजे मिली जानकारी

*बताया जा रहा है कि चुटिया थाना इलाके में स्थित एक्सट्रीम बार में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान संदीप प्रमाणिक उर्फ सैंडी डीजे के तौर पर हुई है। पुलिस को रात करीब 1 बजे इसकी जानकारी दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि गोली लगने से घायल युवक को रिम्स ले जाया गया था। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। बताया जा रहा है कि बार बंद होने के बाद करीब 4-5 लोग वहां पहुंचे थे। जिसके बाद बार में डीजे चलाने वाले युवक से उनकी कहासुनी हो गई थी। अचानक इनमें से एक शख्स ने संदीप के सीने में गोली डाल दी। इस हत्याकांड की सूचना मिलने पर एसएसपी और सिटी डीएसपी भी मौके पर पहुंचे थे।*



कवर स्टोरी / विनीता

उम्र का बहुत ही नाजुक दौर होता है किशोरावस्था। यह समय परवरिश के नजरिए से पैरेंट्स के लिए भी आसान नहीं होता है। किशोरवय बच्चे को लगता है, वह अब समझदार हो गया है, जबकि उसे पैरेंट्स के पूरे गाइडेंस की जरूरत होती है। ऐसे में पैरेंट्स अपने किशोरवय बच्चों की परवरिश में किन विशेष बातों का ध्यान रखें, जानिए।

# किशोरावस्था
## जरूरी है आपके स्नेह-प्रेम की छांव

बच्चे देखते ही देखते कब बड़े हो जाते हैं, हमें पता ही नहीं चलता। किशोरावस्था में प्रवेश करते ही उनकी पसंद और प्राथमिकताएं बदलने लगती हैं। इस उम्र में विशेष देखभाल के साथ, उन्हें आपके प्यार की भी जरूरत होती है। इस नए दौर में तो उनकी परवरिश और भी चुनौतीपूर्ण हो गई है, क्योंकि इंटरनेट के कारण अब कैशोर्य बच्चों के पास सूचनाओं का असीमित भंडार होता है, इसे देखकर वे अपनी एक सोच बनाते हैं फिर अपने हिसाब से चलते हैं। ऐसे में उनसे कुछ ऐसी भूलें हो सकती हैं, जो उनके भविष्य के लिए सही नहीं होतीं। किशोर बच्चों की परवरिश सही ढंग से हो, इसके लिए पैरेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए-

### जगाएं मन में विश्वास

जब कभी माता-पिता किसी बात को छुपाने के लिए अपने किशोर बच्चों से झूठ बोलते हैं, तो उन्हें इसका आभास हो जाता है। इससे उनके विश्वास को ठेस पहुंचती है। उन्हें ऐसा लगता है, जब उनके पैरेंट्स झूठ बोल सकते हैं, तो हम भी ऐसा क्यों नहीं करें? इस तरह वे भी किसी बात को छुपाने या झूठ बोलने की आदत अपना लेते हैं। इसलिए किशोर बच्चों के साथ आपके व्यवहार में पूरी ईमानदारी होनी चाहिए। अगर बच्चे की कोई बात सही नहीं लग रही है, तो उसे होने वाले नुकसान के बारे में प्यार से बताएं और ऐसा ना करने के लिए मना करें। बच्चे का भरोसा जीतने के लिए निरंतर प्रयास की जरूरत होती है, यह अचानक संभव नहीं है। हो सकता है, इसके लिए आपको बच्चे की कुछ छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज भी करना पड़े। मामूली-सी गलती पर अगर आप बच्चे पर ज्यादा सख्ती बरतेंगी, तो वह आपसे बातें छिपाना शुरू कर देगा, इससे उसका कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। इसलिए जब बच्चा कोई गलती करे तो उसे प्यार से समझाएं, अपनी गलती सुधारने का मौका दें। इसका असर उस पर जरूर होगा। किशोर बच्चा आपकी बातों को अहमियत देने लगेगा।



### बोलें कम-सुनें ज्यादा

कुछ पैरेंट्स छोटी-छोटी बातों पर बच्चों के साथ बहुत ज्यादा रोक-टोक करते हैं, क्योंकि उन्हें ऐसा लगता है कि अनुशासन के लिए यह जरूरी है, लेकिन आपके ऐसे व्यवहार का बच्चे पर विपरीत असर पड़ता है, वह आपकी बातों को अनसुना करने लगता है। इसलिए बच्चे को ज्यादा रोके-टोके नहीं। लेकिन जब भी बच्चा आपसे अपनी कोई समस्या शेयर करे, तो उससे यह कहकर 'तुम्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था,' दोषी न ठहराएं। बल्कि समाधान ढूंढ़ने में उसकी मदद करें। इससे घर में माहौल सौहार्दपूर्ण रहेगा।

### बच्चों से लें मदद और सलाह

आजकल के किशोरवय बच्चे काफी समझदार होते हैं। वे इस तकनीकी दौर में आपके लिए मददगार हो सकते हैं। अगर आप मोबाइल, लैपटॉप से जुड़ी कोई जानकारी चाहती हैं, तो बेझिझक अपने बच्चों से मदद लें। उन्हें इस तरह की मदद देकर खुशी होगी। पहले ऐसा माना जाता था कि बच्चों को पारिवारिक समस्याओं की जानकारी नहीं होनी चाहिए, लेकिन अब यह सोच बदली है। अगर परिवार में कोई समस्या है तो इस बारे में उसको बताएं। वे भी आपको सलाह दे सकते हैं। जब आप इस तरह उनकी मदद लेंगी तो किशोरवय बच्चों के साथ आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी।



### अपनाएं केयरिंग बिहेव

आजकल अधिकतर परिवारों में माता-पिता दोनों वर्किंग होते हैं, इससे उनके पास समय की कमी रहती है, लेकिन आप चाहे कितनी ही बिजी क्यों न हों, बच्चों को दिए जाने वाले वक्त में कटौती न करें। कुछ पैरेंट्स ऑफिस से लौटने के बाद अपने मोबाइल में बिजी हो जाते हैं, उन्हें देखकर बच्चे भी यही तरीका अपनाते हैं। शाम को घर लौटने के बाद बच्चों के साथ डिनर करें, इसके बाद इवनिंग वॉक पर जाएं। वॉक करते-करते उनसे पूछें कि उनका दिन कैसा रहा? अपने कुछ रोचक अनुभव आप भी उनके साथ शेयर करें। इससे आपके साथ उनका भावनात्मक बंधन मजबूत होगा।

### दें थोड़ा पर्सनल स्पेस

किशोर उम्र में हॉर्मोन संबंधी उतार-चढ़ाव के कारण बच्चों के मन में कई स्तरों पर अंतर्द्वंद्व चल रहा होता है, इससे कई बार उनका मन बहुत तनाव ग्रस्त होता है और वे कुछ पल अकेले सुकून के साथ बिताना चाहते हैं, इस दौरान वे अपनी रुचि से जुड़े किसी रचनात्मक कार्य में भी व्यस्त रहते हैं। अगर आपका बच्चा दिन के कुछ घंटे अकेले भी बिताना चाहता है, तो आप चिंतित न हों, लेकिन इस बात का ध्यान जरूर रखें कि वह इसका गलत फायदा न उठाए। ऐसी समस्या से बचने के लिए आप कुछ सीमाएं निर्धारित करें, मसलन उसे कमरे का दरवाजा बंद करने की इजाजत न दें, उसे हर एप का पासवर्ड भी न दें।

### प्रशंसा है जरूरी

जिस तरह आप छोटी-छोटी गलतियों पर अपने बच्चे को डांटती हैं, उसी तरह उसके हर अच्छे काम की तारीफ भी करें। अगर किसी कार्य में उसे सफलता मिली है, उसके बारे में अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और परिचितों को भी बताएं, अपनी प्रशंसा सुनकर उसका मनोबल बढ़ेगा। अगर कभी उससे कोई गलती हो, तो दूसरों के सामने कभी डांटें नहीं, बल्कि अकेले में समझाएं। उसे यह भरोसा दिलाएं कि हर हाल में आप उसके साथ हैं। जब आप अपने किशोरवय बच्चों की परवरिश पूरी तरह अपना स्नेह-प्रेम देकर करेंगी तो उनके व्यक्तित्व का विकास सही ढंग से होगा।

**(चाइल्ड काउंसलर पूनम कामदार से बातचीत पर आधारित)**

बिहेवियर / शिखर चंद जैन

कुछ लोगों का स्वभाव बहुत अजीब होता है, इनकी बातें ऐसी होती हैं कि इनके साथ बैठना मुश्किल हो जाता है। ऐसे लोगों की बातों से कैसे बचा जाए या इनसे कैसे दूरी बनाई जाए? यह कोई बहुत कठिन काम नहीं है। बड़ी आसानी से आप इनसे निपट सकती हैं।

# मुश्किल लोगों से निपटना है एक आर्ट



अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ में हमें रोजाना बहुत सारे लोगों से मिलना-जुलना पड़ता है। इनमें से कुछ लोग हंसमुख, जिंदादिल और पॉजिटिव नेचर के होते हैं, जो हमें एक खुशी देते हैं। वहीं इसके विपरीत कुछ लोग अजीब सी पर्सनालिटी वाले भी मिलते हैं, जो अपने व्यवहार, अपनी बातों से हमारा मूड ऑफ कर देते हैं। कई बार मजबूरी यह होती है कि हम चाह कर भी इनसे मिलना अवॉयड नहीं कर सकते। ऐसे अनकल्चर्ड और नेगेटिव माइंडेड लोगों को अगर हम टेक्टफुल होकर हैंडल करना सीख लें तो हम अपना मूड बिगड़ने से बचा सकते हैं। लेकिन इससे पहले ऐसे नेगेटिव नेचर वालों की आदतों को आपको समझना होगा ताकि आप उन्हें सही ढंग से हैंडल कर सकें।

**हर बात से शिकायत:** कुछ लोगों के दिमाग में शिकायतें ही शिकायतें भरी होती हैं। उन्हें हर व्यक्ति, हर सिचुएशन, हर जगह से शिकायत रहती है। आप उन्हें किसी अच्छे से रेस्तरां में डिनर या लंच के लिए ले जाइए, जब आप और साथ के दूसरे लोग माहौल और फूड को एंज्वॉय कर रहे होते हैं तो उनके पास तरह-



तरह की शिकायतें होती हैं। जैसे-लाइट बहुत कम है, म्यूजिक बहुत तेज है, खाना बिल्कुल बेकार है, सर्विस ढीली है आदि-आदि। ऐसे लोग सबका मूड खराब कर देते हैं। इस तरह के किसी व्यक्ति को साथ ले जाना हो तो रेस्टोरेंट उसको ही सेलेक्ट करने दें। उसकी बातों को सीरियसली ना लें, लेकिन उसे बोलने दें। टॉपिक चेंज करने के लिए उसकी किसी पुरानी बात की चर्चा शुरू कर दें और हंसी-मजाक शुरू कर दें। उसकी शिकायतें बंद हो जाएंगी।

**नॉनस्टॉप बोलने वाले :** जैसे ही आप ऐसे किसी व्यक्ति से बात करेंगी या अपना कोई अनुभव उनके साथ शेयर करेंगी, इनकी नॉनस्टॉप बातें शुरू हो जाएंगी। कम्युनिकेशन एक्सपर्ट और पुस्तक 'इमोशनल मैग्नेटिज्म हाउ टू कम्युनिकेट टू इग्नाइट कनेक्शन इन योर रिलेशनशिप' के लेखक सैंडी गर्बर कहते हैं, 'यह चटर-पटर मास्टर स्टोरी स्टीलर होते हैं। आप कुछ कहना चाहेंगे तो वह अपने किस्से सुनाने लगेंगे। ऐसे लोगों से चिढ़ने या परेशान होने की बजाय, इन्हें बोलने दें और खूब बातें पूछें। बोलने की खुली छूट देने पर यह थोड़ी देर में खुद ही चुप हो जाएंगे।'

**भेदिया नेचर:** इस किस्म के लोग आपके बेहद नजदीक आने के लिए अपने जीवन की कई बातें, कुछ खास किस्से और यहां तक कि दांपत्य जीवन की अंतरंग बातें भी आपको बताएंगे। जब आप इनकी बातों में दिलचस्पी लेने लगेंगी तो ये आपके आस-पास के दूसरे लोगों के किस्से बताएंगे। जब आप उनकी बातों में रुचि लेने लगेंगी तो ये और भी बातें बताएंगे। ऐसे लोगों को आप जल्दी पहचान लें और साफ-साफ कह दें, 'छोड़िए! हमें दूसरों की बातों से क्या लेना देना।' ये फिर कभी आपसे ऐसी बात नहीं करेंगे।

**इनसे भी निपटना है जरूरी:** बात-बात पर कटाक्ष करने वाले लोग शारीरिक बनावट, किसी की मानसिक समस्या, ड्रेस, वित्तीय स्थिति, जाति, धर्म या लिंग आदि पर चुभने वाले जोक्स या तंज करने में माहिर होते हैं। इन्हें पहली बार में ही साफ शब्दों में समझा दें कि आप इस तरह की बातें ना कहना और ना सुनना पसंद करती हैं। इससे ऐसे लोग स्वयं आपसे दूरी बना लेंगे।

### हर बात काटने वाले

**आपने कहा**, 'आज वाकई मौसम बड़ा सुहाना है।' वह तुरंत आपकी बात काटेंगे, 'अरे, ठंडी हवा चल रही है, कानों में घुस गई तो मुश्किल हो जाएगी।' भले ही अगले पल फिर आप जैसी ही बात करने लगेंगे। दरअसल, ऐसे लोगों में आदत होती है, हर किसी की सही बात को भी एक बार जरूर काटेंगे। ऐसे लोगों से कैसे निपटें, इस बारे में आरगुमेंट एक्सपर्ट और पुस्तक 'कनफ्लिक्टेड व्हाई आरगुमेंट्स आर टियरिंग अस अपार्ट एंड हाउ दे कैन ब्रिंग अस टुगेदर' के लेखक इयान लेस्ली कहते हैं, 'यह इनके ईगो सेटिस्फेक्शन का तरीका है। बेहतर होगा इनसे बहस ना करके आप इनकी बात से सहमति जता दें और बात को खत्म कर दें। वे अपने आप चुप हो जाएंगे।'

सलाह / मेघा राठी

# बुरा समय भी लाता है अच्छे दिन



हर व्यक्ति के जीवन में अच्छे-बुरे दिन आते हैं। अच्छे दिनों की तो सभी कामना करते हैं, बुरे दिनों को लोग जीवन के लिए अभिशाप मानते हैं। जबकि बुरे दिन सिर्फ बुरे नहीं होते, अच्छे दिनों की राह बनाते हैं, बशर्ते हम उसे सकारात्मक भावों से देखें। बुरे वक्त के पीछे कुछ अच्छाइयां भी छिपी होती हैं, जो बुरा वक्त जाने के बाद हमें पता चलती हैं।

**क्षमता पहचानने का मौका:** जब भी बुरा समय आता है, इससे उबरने के लिए व्यक्ति अपनी पूरी जी-जान लगा देता है। बहुत ही विवेक से काम लेता है। ऐसे में उसे भान होता है, अपनी उन क्षमताओं का, जिनका उपयोग उसने पहले कभी नहीं किया था, क्योंकि उसे इसकी आवश्यकता ही नहीं पड़ी थी। जब एक बार व्यक्ति अपनी क्षमताओं से परिचित हो जाता है, तब किसी भी कार्य को करने के लिए उसके भीतर आत्मविश्वास जाग जाता है, इसके बाद वह जो भी काम अपने हाथों में लेता है, उसमें सफल होता है।

**स्वयं को नियंत्रित करने का अवसर:** बुरे समय में व्यक्ति के अंदर दो तरह की ऊर्जाएं प्रवाहित होती हैं, एक सकारात्मक जो उसकी आशाओं को जिंदा रखती है, दूसरी नकारात्मक जो उसे गलत राह की ओर ले जाती है। यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह किस प्रकार की ऊर्जा को स्वयं में बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहता है। ऐसे में व्यक्ति अगर योग से स्वयं पर नियंत्रण रखे तो सकारात्मक ऊर्जा उसका जीवन सरल बनाकर संवार देती है।

**बुरे समय के दौरान क्या करें :** कहना आसान होता है, करना मुश्किल। लेकिन दृढ़ इच्छा शक्ति से अपने समय में बदलाव लाया जा सकता है, इसके लिए जरूरी है कि अतीत में जो घट चुका है, उसे बार-बार याद करना, अफसोस करना छोड़ दें। हां, उसके अनुभव को याद रखकर, सबक लेकर आगे क्या, कैसे करना है, इस पर ध्यान दें। आशावादी बनिए, लेकिन बहुत अधिक भी उम्मीदें न करें, क्योंकि उम्मीदों के टूटने से नकारात्मकता पैदा होती है। इसलिए मन शांत रखकर, बिना परिणाम की उम्मीद किए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें, साथ ही अपना व्यवहार भी अच्छा रखें, क्योंकि बुरा समय तो बीत ही जाएगा, लेकिन आपका अच्छा व्यवहार और काम आपकी पहचान बनकर हमेशा साथ रहेगा।

अगर आप आने वाले महीनों में अपनी बगिया में उगी ताजी-हरी सब्जियों का स्वाद लेना चाहती हैं तो इसकी अभी से तैयारी कर लीजिए। इसके लिए क्या-कैसे करना होगा, जानिए।

## अभी कर लें बगिया तैयार
# मिलेंगी ताजी-हरी सब्जियां



गार्डनिंग / अनु आर.

मई महीने के इन आखिरी दिनों में या जून के पहले सप्ताह में अगर आप भिंडी, बींस, ककड़ी, खीरा, सेम, टमाटर, हरी मिर्च और कद्दू के बीज अपनी बगिया में बो दें तो जुलाई आते-आते बगिया हरी-भरी और फलदार हो जाएगी। इसके लिए पहले बगिया को तैयार करना होगा।

**मिट्टी और खाद:** आपके पास गार्डनिंग के लिए जमीन हो या गमले, सबसे पहले उर्वर मिट्टी बनानी होगी। इसके लिए सबसे पहले धूप में मिट्टी को अच्छे से सुखा लें। इससे मिट्टी के अंदर मौजूद कीड़े-मकोड़े मर जाएंगे। मिट्टी को सूखी और भुरभुरी बनाने के बाद उसमें देसी गोबर की खाद मिला लें। इसे भी एक दो दिन मिट्टी के साथ ही सुखा लें। इससे खाद और मिट्टी के अंदर की नमी की वजह से मौजूद कीट और बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगे। अच्छी तरह से धूप में कई दिनों तक रहने से मिट्टी के अंदर मौजूद खर-पतवार भी खत्म हो जाते हैं। अब जमीन की मिट्टी या हर गमले की मिट्टी में 2 से 3 गिलास पानी डाल दें। अगले दिन शाम तक पानी सूख जाएगा और मिट्टी हल्की भुरभुरी हो जाएगी और उसके अंदर नमी भी मौजूद होगी।

**बीजों की बुवाई:** अब नम मिट्टी में एक से डेढ़ इंच गहराई में सब्जियों के बीज दबा दें और ऊपर से मिट्टी बराबर कर दें। मिट्टी बराबर करने के बाद थोड़ा-सा पानी भी जरूर डाल दें। अगर सब्जियों के बीजों को मिट्टी में दबाने के पहले कुछ घंटों तक पानी में भिगोकर रखेंगी तो वे बहुत आसानी से और जल्दी उग आते हैं। ऐसा करने से सिर्फ दो-तीन दिन के भीतर ये बीज उग आएंगे। अगर सब्जियों के बीज आपके अनुमान के मुताबिक जल्दी न उग रहे हों तो परेशान न हों, हो सकता है नमी में कुछ कमी हो, तो एक-दो दिन बाद उग आएंगे।



**अंकुर का रखें ध्यान:** जब बीज अंकुरित होकर बाहर निकल आएं, तो उसे सीधी और तीखी धूप से बचाना जरूरी है। एक हफ्ते के बाद पौधे धूप सहने लायक हो जाएंगे। जब पौधे 10 से 15 दिन के हो जाएं तो किसी विशेषज्ञ से पूछकर उन पौधों में लगने वाले कीड़ों से बचाव के लिए कीटनाशक छिड़क दें। नियमित रूप से पौधों को न सिर्फ पानी देती रहें बल्कि देसी खाद भी देते रहना जरूरी है। 20 से 25 दिन के बाद आपके पौधे लहलहाने लगेंगे।

**मिलने लगेंगी सब्जियां:** एक महीने के बाद पौधों में फूलने की शुरुआत होने लगेगी। 35 से 45 दिनों बाद आप अपनी बगिया की हरी-हरी खूबसूरत भिंडी की सब्जी खा रही होंगी। इसके कुछ ही दिनों बाद आपको कद्दू, हरी मिर्च, टमाटर, सेम और बींस के फल भी मिलने लगेंगे। मानसून में बारिश की बूंद पड़ने के बाद इनमें और तेजी से फल उगने लगेंगे।



स्किन केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

अगर आप चाहती हैं कि आपके ग्लोइंग फेस की तरह आपके पैरों की स्किन भी क्लीन और क्लीयर नजर आए। उसकी डार्कनेस की वजह से आपको शर्मिंदा ना होना पड़े तो यहां बताए जा रहे कुछ होम रेमिडीज को आजमा सकती हैं।

## पैरों की डार्क स्किन
# यूजफुल होम रेमिडीज



आमतौर पर महिलाएं अपने फेस स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए काफी केयर करती हैं लेकिन पैरों की स्किन पर उतना ध्यान नहीं देती हैं। इससे पैरों की स्किन डार्क दिखने लगती है। इस वजह से कई बार आपको बहुत ऑड फील करना पड़ता है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए आप कुछ आसान घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

**संतरा:** संतरे के छिलके को सुखा कर इसे मिक्सी में पीस कर पावडर बना लें। इस पावडर में कच्चा दूध मिला कर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को पैरों पर रगड़ें या आप इस पेस्ट को पैरों पर लगा कर कुछ समय के लिए छोड़ दें और फिर साफ पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में तीन बार यूज कर सकती हैं। इससे पैरों का कालापन दूर होने के साथ पैरों की चमक भी बढ़ेगी।

**नीबू:** एक-एक बड़े चम्मच नीबू के रस और गुलाब जल को बाउल में मिक्स कर लें। इस मिश्रण को रात में सोने से पहले पैरों पर लगा लें। सुबह ताजे ठंडे पानी से धो डालिए और बाद में पैरों पर मॉयश्चराइजर लगा लें। इससे पहले आप एक नीबू को बीच से दो टुकड़ों में काटें। इस नीबू में कुछ दाने चीनी के रखकर इस नीबू को पैरों की डार्क स्किन पर कुछ देर तक रगड़ें। ऐसा करने से पैरों की स्क्रबिंग हो जाएगी। इससे पैरों के कालेपन को दूर करने में मदद मिलेगी। दरअसल, नीबू में मौजूद विटामिन सी में ब्लीचिंग प्रॉपर्टीज होती हैं।

**एलोवेरा:** पैरों के कालेपन को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा, नमक, पानी और एलोवेरा जैल को आधी बाल्टी पानी में मिला लें। अब अपने पैरों को इस बाल्टी में कुछ देर तक रखें। इसके बाद आप बाल्टी में अपने पैरों को रगड़ें और बाद में बाहर निकाल कर साफ कर लें। अब पैरों को तौलिए से सुखा कर मॉयश्चराइजर का प्रयोग करें। इससे पैरों की डेड स्किन भी निकल जाती है।

**बेसन:** बेसन और दही का मिश्रण पैरों के कालेपन को दूर करने में काफी लाभदायक साबित होता है। एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन, 1 छोटा चम्मच दही मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पैरों को धोकर इस पेस्ट को लगा लें और जब यह सूख जाए तो पैरों को साफ पानी से धोकर मॉयश्चराइजर लगा लें। यह प्रक्रिया आप डेली कर सकती हैं।

**बेकिंग सोडा:** बेकिंग सोडा और टमाटर का इस्तेमाल कर के भी आप पैरों के कालेपन से छुटकारा पा सकती हैं। इसके लिए आप दो चम्मच बेकिंग सोडा लें और इसमें टमाटर का रस और नारियल तेल मिला लें। इस मिश्रण से पैरों पर स्क्रब करें, बाद में पानी से धो लें। इसके अलावा आप एक चम्मच बेकिंग सोडा में गुलाब जल मिलाकर तैयार पेस्ट को भी अप्लाई कर सकती हैं। इस पेस्ट को पैरों पर 15 से 20 मिनट तक लगाकर छोड़ दें और फिर सामान्य पानी से धोने के बाद मॉयश्चराइजर लगा लें। ऐसा रेग्युलर करने से अच्छा रिजल्ट मिलेगा।

**आलू:** आलू का रस क्लीनिंग एजेंट की तरह काम करता है। आलू को कद्दूकस करके रस निकाल लें। अब इस रस को पैरों की डार्क स्किन पर लगाकर 10 से 15 मिनट तक छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से पैर धो लें और इस पर मॉयश्चराइजर लगा लें। इसके अलावा आप यह उपाय भी आजमा सकती हैं। कांच के बाउल में एक बारीक कसा हुआ आलू और एक नीबू निचोड़ लें। इस मिश्रण को आधे घंटे तक पैरों पर लगा रहने के बाद ताजे ठंडे पानी से पैरों को धो डालें।



## खबर संक्षेप

### मांस-मछली की 442 अवैध शॉप पर कार्रवाई

**भोपाल।** प्रदेश के नगरीय निकायों ने खुले में मांस-मछली बेचने व शर्तों का उल्लंघन करने वाले मांस मछली विक्रेताओं के विरुद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाई की। प्रदेश के 16 नगर निगमों, 98 नगर पालिका और 298 नगर परिषद सहित समस्त 413 नगरी निकायों में 442 स्थान पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई करते हुए 77800 का जुर्माना भी वसूला गया। सर्वाधिक 25300 रुपए का जुर्मान शहडोल संभाग के निकायों ने वसूला। भोपाल, इंदौर और बुरहानपुर में भी अवैध विक्रय पर कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि आयुक्त भरत यादव ने अवैध बिक्री विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### रूट तय कर ई-रिक्शा को दिया जाए परमिट

**भोपाल।** सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलना, ट्रैफिक पुलिस की अवैध चालानी कार्रवाई करना, ई-रिक्शा चलाने का रूट तय नहीं होना, चालकों को परमिट नहीं देना समेत अन्य मांगों को लेकर रविवार को जय हिंद ई रिक्शा ऑटो चालक सेना की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडे ने बताया कि ई-रिक्शा ऑटो चालकों पर ट्रैफिक पुलिस अवैध चालानी कार्रवाई कर रही है। ई रिक्शा ऑटो चालकों का अभी तक रूट तय नहीं किया गया है। उन्हें सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। परमिट तक नहीं है। बैठक में निर्णय लिया गया कि ई-रिक्शा ऑटो चालक सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराने के लिए आगामी दिनों में धरना देंगे।

### हत्या और अपहरण में शामिल दो नक्सली अरेस्ट

**बीजापुर।** बीजापुर में डीआरजी और गंगालुर थाना की संयुक्त पार्टी ने मेटापाल के जंगल से हत्या और अपहरण जैसी घटनाओं में शामिल रहे दो जन मिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक नक्सल विरोधी अभियान के तहत बीजापुर डीआरजी व गंगालुर थाना की संयुक्त पार्टी मेटापाल की ओर निकली थी। इस दौरान मेटापाल से दो जन मिलिशिया सदस्यों कमलू पुनेम पिता रघु पुनेम उम्र 30 निवासी पुसनार व गोपाल पुनेम पिता कोसा उर्फ गल्ला उम्र 35 निवासी सावनार गंगालुर थाना को पकड़ा गया।पकड़े गये नक्सलियों में कमलू पुनेम 8 फरवरी 2014 को पुसनार के ग्रामीण का अपहरण व हत्या की घटना में तथा गोपाल पुनेम 12 फरवरी 2012 में गंगालुर मंझारपारा कच्ची रोड पर पुलिस पार्टी को क्षति पहुंचाने के लिए आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल था।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने वाराणसी में जनसभा में विपक्ष पर बोला हमला

# कांग्रेस की हमेशा से सनातन संस्कृति का विरोध करने की रही मानसिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की हमेशा से सनातन संस्कृति का विरोध करने की मानसिकता रही है। कांग्रेस और उनके नेता और घमंडिया गठबंधन हमारे देवी-देवताओं के पूजने पर भी आपत्ति उठाते हैं।

कांग्रेस ने हमेशा से भारतीय संस्कृति का अपमान करके अपनी मानसिकता जग जाहिर की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काशी में नारी शक्ति और मोदी का नारी वंदन कार्यक्रम में शिरकत करने के साथ ही सामाजिक संगठन की बैठक में भी सहभागिता की।

**1** मोदी ने पीएम बनने के बाद प्रारंभ किए सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना के प्रयास

**2** कांग्रेस ने देश को भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की शिक्षा से वंचित किया

#### अधर्म को बढ़ावा देने वालों को सबक सिखाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत रविदास मंदिर, काशी के कोतवाल कालभैरव मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, गोवर्धन धाम मंदिर घाट पहुंचकर दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अहंकारी रावण के घमंड का नाश किया था। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों को अपने साथ लेकर यह महाविजय प्राप्त की। वर्तमान का समय भी इससे अलग नहीं है। अधर्म को बढ़ावा देने वाले विपक्षी दलों को सबक सिखाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना का जो यज्ञ लगातार चल रहा है, उसे हम सभी को मिलकर जारी रखना है।

#### अब गीता भेंट दी जाती है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय था, जब विदेश से आने वाले मेहमानों को हम ताजमहल की प्रतिकृति उपहार में दिया करते थे, लेकिन ताजमहल से हमारी सनातन संस्कृति का कोई लेना-देना नहीं है। आज पूरा देश गौरवान्वित महसूस करता है कि भारत अपने अतिथियों को श्रीमद भागवत गीता की प्रति भेंट करता है। भगवान कृष्ण ने मोर पंख धारण किया, जिससे संदेश मिलता है कि हमें अपनी जड़ों से हमेशा जुड़े रहना चाहिए।

#### *कांग्रेस ने हटाई थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सनातन संस्कृति को शिक्षा में जोड़ा*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गई, जिसके माध्यम से पूरे देश में शिक्षा के पाठ्यक्रमों में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के साथ सनातन संस्कृति की शिक्षा को जोड़ा गया है। इससे पहले अंग्रेजों के जमाने में शिक्षा नीति के तहत इन सब पाठ्यक्रमों को हटा दिया गया था। आजादी के बाद कांग्रेस के पास सनातन संस्कृति की शिक्षा को फिर से जोड़ने का अवसर था, लेकिन कांग्रेस ने भी सनातन संस्कृति के विरोध की मानसिकता का परिचय दिया। कांग्रेस के कारण ही देश के नागरिकों ने दशकों तक पाठ्यक्रमों में श्रीराम और श्रीकृष्ण के साथ सनातन संस्कृति की शिक्षा प्राप्त नहीं की। अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए। कांग्रेस ने सनातन संस्कृति का हमेशा अपमान किया। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी के नागरिकों का अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने मोदी को यहां से सांसद बनाकर भेजा और मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना के प्रयास प्रारंभ किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने ऐसे महापाप किए हैं जिसकी उन्हें सजा मिलनी ही चाहिए।*



## सिंहस्थ में पहले लाखों की संख्या होती थी, अब करोड़ों में आते हैं श्रद्धालु

# सिंहस्थ अधिनियम में 70 साल बाद बदलाव की तैयारी,17 की जगह 40 धाराएं होंगी

हरि अग्रहरि ▶▶ भोपाल

*मेले में यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाया जाएगा*

*क्षिप्रा, मेले के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के लिए सख्त नियम लागू होंगे*

मप्र सरकार सिंहस्थ अधिनियम-1955 में बदलाव करने जा रही है। इसमें 17 की जगह 40 धाराएं होंगी। इसके तहत सिंहस्थ मेला क्षेत्र में भूमि प्रबंधन, आवंटन, मेला शुल्क, सुरक्षा, आवागमन से लेकर सभी सुविधाएं दी जाती है। अधिनियम में बदलाव की सबसे बड़ी वजह सिंहस्थ के स्वरूप में पिछले 70 सालों में बदलाव को माना जा रहा है।

प्रत्येक 12 वर्ष में सिंहस्थ का आयोजन होता है, इसमें करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु क्षिप्रा में स्नान कर दर्शन पूजन करते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बावजूद अधिनियम में कोई बदलाव नहीं हुआ था। पिछले सात दशकों में सिंहस्थ महाकुंभ का स्वरूप और आयोजन काफी बदल चुका है। 1950 के दशक में यह आयोजन साधारण और पारंपरिक तरीकों से किया जाता था, जिसमें सीमित संख्या में श्रद्धालु आते थे। परंतु समय के साथ-साथ इसमें काफी बदलाव हुए। इस मेले का आयोजन ज्योतिषीय गणना के अनुसार, सिंह राशि में गुरु के प्रवेश पर किया जाता है। इसे पवित्र नदी क्षिप्रा के तट पर आयोजित किया जाता है। इसे चार प्रमुख कुंभ




### सिंहस्थ अधिनियम 1955 में यह होगा बदलाव

सरकार ने वर्तमान समय की जरूरतों और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मध्य भारत सिंहस्थ मेला एक्ट-1955 में संशोधन करने का निर्णय लिया है। यह संशोधन संभावित है। मेले में यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाया जाएगा। क्षिप्रा नदी और मेले के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के लिए सख्त नियम लागू होंगे। आर्थिक प्रबंधन के तौर पर सिंहस्थ में फंडिंग, खर्च और राजस्व की पारदर्शिता को सुनिश्चित किया जाएगा। यह भी होगा कि इस मेला क्षेत्र को सुरक्षित रखा जाए।

**आम लोगों से लिए जाएंगे सुझाव**

सरकार के मुताबिक, अभी मेला क्षेत्र करीब 3 हजार हेक्टेयर का है। पिछली बार इसमें से करीब 23 फीसदी क्षेत्र खाली रह गया था। ऐसे में माना जा रहा है कि वर्ष 2040 तक में यह क्षेत्र भर जाएगा। मेला क्षेत्र में आने वाले वाहनों, दुकानों आदि से एक निश्चित शुल्क लिया जाएगा। अभी अधिनियम का ड्राफ्ट तैयार कर आम लोगों से सुझाव लिएं जाएंगे। इस सुझाव के आधार पर एक्ट तैयार कर उसे संभवतः दिसंबर में होने वाले विधानसभा सत्र में पारित कराया जाएगा।

#### अधिनियम में बदलाव की एक बड़ी वजह

भीड़ में खासा वृद्धि हो चुकी है। पहले जहां लाखों श्रद्धालु आते थे, वहीं अब करोड़ों श्रद्धालु इस आयोजन में भाग लेते हैं। आधुनिक यातायात व्यवस्था, संचार, चिकित्सा और स्वच्छता सुविधाओं का विस्तार हुआ है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अस्थाई अस्पताल, पुलिस नियंत्रण कक्ष और स्वच्छता अभियान चलाए जाते हैं। सिंहस्थ का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाता है, जिससे देश-विदेश से भी श्रद्धालु आते हैं। डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी व्यापक रूप से फैलाई जाती है।

#### 1955 के एक्ट में यह था प्रावधान

मप्र के गठन से पहले सिंहस्थ को सकुशल कराने मध्य भारत सिंहस्थ मेला अधिनियम-1955 बना था। इतने सालों से इसी अधिनियम के आधार पर मेले का संचालन हो रहा है। उस वक्त सिंहस्थ मेले में कम संख्या में श्रद्धालु आते थे। समय के अनुसार, अधिनियम में साइकिल, तांगा से लेकर बर्फ के गोले की बिक्री आदि पर मेला शुल्क लगाया जाता था। अब यह पूरी तरह से अप्रासंगिक हो चुका है, लेकिन शुल्क के जरिए प्रबंधन पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाता है। सरकार चाहती है कि इस अधिनियम में बदलाव कर मौजूदा समय के हिसाब से प्रबंधन हो।

#### कैबिनेट में रखेंगे प्रस्ताव

अभी 70 साल पुराने एक्ट के अनुसार प्रबंधन होता है। अब यह अप्रासंगिक हो चुका है, इसलिए एक्ट का नया ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इस पर सुझाव आमंत्रित किया जाएगा। इसके बाद कैबिनेट में प्रस्ताव पास कराकर विधानसभा में पारित कराया जाएगा। इसमें सभी संभावनाओं व जरूरतों को ध्यान में रखा जाएगा।

**नीरज मंडलोई**
प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

# वन अमले के खिलाफ सीधे दर्ज नहीं की जा सकेगी एफआईआर पहले मामले की करना होगी जांच

वन अमले के खिलाफ झूठी शिकायतों के बढ़े मामले

शिकायत आने पर पहले पुलिस को करना होगी पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में वन माफिया के खिलाफ एक्शन लेने वाले वन अमले के खिलाफ कई झूठी शिकायतें कर परेशान करने के मामले सामने आ चुके है। इस तरह के मामलों से विभागीय अमला परेशान है।उच्च स्तर पर कई बार इस तरह के मामलों पर विमर्श हुआ। अब वन अमले के खिलाफ हुई शिकायत की पुलिस को पहले सटीक जांच करनी होगी। इस तरह के मामलों में सीधे एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकेगी। वन मुख्यालय ने इस तरह के मामलों को गंभीरता से लिया है। गृह विभाग के पूर्व आदेश का अब कड़ाई से पालने कराया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि वनकर्मियों के खिलाफ वन माफिया द्वारा की जा रही साजिश का खुलासा हो सकेगा। वन मुख्यालय को फील्ड में तैनात वन अमले की कई शिकायतें मिली, जिसमें कहा गया कि उनको माफिया के लोग झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे है।

#### *तीन साल से वनकर्मियों ने बंदूकें नहीं ली वापस*

*वनरक्षकों के खिलाफ पुलिस में कई झूठी शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। रायसेन शिवपुरी, सतना और भिंड में वन माफिया के खिलाफ सख्त एक्शन लेने वाले वनकर्मियों पर हमले की घटनाएं भी हो चुकी है। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए कैबिनेट से नियम पारित करने पर चर्चा भी की थी। 2022 से रायसेन के लटेरी कांड से नाराज वनकर्मियों ने अपनी बंदूके जमा करा दी थी, जो आज तक वापस नहीं ली। दरअसल लटेरी में सागौन माफिया से हुई मुठभेड़ में एक आदिवासी युवक की मौत हुई थी। इस मामले में वन अमले के खिलाफ पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया था।*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू पुत्र ब्रहमपाल** निवासी RZ, Q-66, गली नंबर 13, निहाल विहार, वेस्ट दिल्ली ने **FIR. No. 116/19. u/s 420/34 IPC.** के अंतर्गत **थाना : I.P.** एस्टेट दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR. No. 116/19. u/s 420/34 IPC. थाना:** I.P. एस्टेट दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार
MM, कमरा न. 150, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/5847/CD/2024-Court matter

**पड़ोस में रहने वाले अधेड़ ने नाबालिग से किया दुष्कर्म :** पड़ोस में रहने वाले 52 साल के अधेड़ ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। नाबालिग के मां के गुजर जाने के बाद वो पिता के साथ रहती है। आरोपी के धमकी के डर से नाबालिग ने घटना की जानकारी चार दिन बाद अपनी मौसी मां को दी, तब उन्होंने थाना में एफआईआर दर्ज कराई।

### भाजपा हिमालय परिवार का 'नमो संग हिमालयी जन' कार्यक्रम

**नई दिल्ली ।** कई हिमालयी बुद्धिजीवी सम्मानित लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के बीच भाजपा हिमालय परिवार द्वारा लोकसभा सांसद,पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री मनोज तिवारी के आवास 24 मदर टेरेसा मार्ग,नई दिल्ली में हिमालयी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा ₹नमो संग हिमालयी जन₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हिमालयी राज्यों के बौद्धिक योद्धाओं के अभिनंदन और सम्मान के साथ "फिर एक बार मोदी सरकार" का नारा देते हुए हिमालयी क्षेत्र के प्रबुद्ध और सजग बुद्धिजीवियों ने दिल्ली के सातों लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया।समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि शीर्ष समाजसेवी और सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश कुमार झा थे और अध्यक्षता पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल ए.एस.रावत ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में टीएचडीसी के पूर्व कार्यकारी निदेशक श्री राकेश खरे,पूर्व जीएसटी कमिश्नर श्री विनोद सिंह,कैलाश हॉस्पिटल ग्रुप



के निदेशक डॉ.दिनेश शर्मा और दिल्ली विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका और भाजपा दिल्ली प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो.जसपाली चौहान उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड भाजपा कार्यकारिणी सदस्य श्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल,भाजपा उत्तराखंड प्रकोष्ठ दिल्ली के पूर्व प्रभारी श्री श्याम लाल मजेड़ा और भाजपा उत्तराखंड आर्थिक प्रकोष्ठ के सहप्रभारी चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री राजेश्वर पैन्यूली मौजूद रहे।

## कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभी जेल में बंद है

# सौम्या को हाईकोर्ट से नहीं मिली अंतरिम राहत बच्चों की परवरिश के आधार पर मांगी थी जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत नहीं मिली है। जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। सौम्या चौरसिया ने बच्चों की परवरिश के आधार पर जमानत मांगी है। मामले में अब 10 जून के बाद अगली सुनवाई होगी। कोयला घोटाला और मनी लॉड्रिंग केस में जेल में बंद हैं सौम्या चौरसिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव रही हैं। कोयला घोटाला और मनी लॉड्रिंग केस में जेल में बंद सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। सौम्या की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। सौम्या चौरसिया ने बच्चों की परवरिश के आधार पर जमानत की मांग की है, अब मामले की सुनवाई 10 जून के बाद होगी सुनवाई।



#### *ईडी ने दो दिसंबर 2022 को किया था गिरफ्तार*

जानकारी के मुताबिक पूर्व की कांग्रेस सरकार में करोड़ों के कोयला घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया को मनी लॉड्रिंग के केस में ईडी ने दो दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से सौम्या चौरसिया रायपुर के सेंट्रल जेल बंद हैं। इससे पहले कोयला घोटाला और मनी लॉड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट ने सौम्या की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और कोर्ट ने गलत तथ्य पेश करने पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया था। कुछ दिन पहले ही ईडी की विशेष अदालत में जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की है।

नक्सलियों ने जगह-जगह मांझी को धमकी देने वाले बैनर लगाए

# नक्सलियों से मिल रही धमकी, पद्मश्री लौटाएंगे हेमचंद मांझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पारंपरिक चिकित्सक वैद्यराज हेमचंद मांझी ने अपना पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि नक्सलियों की लगातार मिल रही धमकियों की वजह से वह इस पुरस्कार लौटाएंगे।

पुलिस का कहना है कि नक्सलियों ने रविवार रात नारायणपुर जिले के चमेली और गौरदंड गांवों में दो निर्माणाधीन मोबाइल टावरों में आग लगा दी। इसके साथ ही नक्सलियों ने वहां मांझी को धमकी देने वाले बैनर लगाए। इसके अलावा वहां कुछ पर्चे भी फेंके गए, जिसमें हेमचंद मांझी की पद्म श्री सम्मान लेते हुए तस्वीर छपी थी। नक्सलियों ने आरोप लगाया है कि मांझी ने नारायणपुर के छोटेडोंगर इलाके में आमदई घाटी लौह अयस्क परियोजना को शुरू करने में मदद की और इसके लिए रिश्वत भी ली। नक्सलियों द्वारा इससे पहले भी मांझी पर इस तरह के आरोप लगाकर धमकी दी गई थी। उधर वैद्यराज मांझी ने खुद पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज किया है।



#### 2023 में हुई थी वैद्यराज की भतीजी की हत्या

वैद्यराज ने कहा कि अपने परिवार से बात करने के बाद उन्होंने पद्म श्री सम्मान लौटाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह अपना पारंपरिक चिकित्सा का काम भी छोड़ देंगे। मांझी ने कहा 'मैं पद्म श्री पुरस्कार लौटा दूंगा। इससे पहले नक्सलियों ने मेरी भतीजी कोमल मांझी पर झूठे आरोप लगाकर उसकी हत्या कर दी थी। मैं और मेरा परिवार डर के साये में जी रहे हैं।' 9 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ के छोटेडोंगर में कोमल मांझी की हत्या की गई थी। फिलहाल स्थानीय पुलिस द्वारा वैद्यराज के परिवार को सुरक्षा प्रदान की गई है।

#### नक्सलियों ने दो टॉवर में लगाई आग

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सलियों ने फिर एक बार उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने छोटे डोंगर इलाके में दो बीएसएनएल टावरों को आग के हवाले कर कर दिया। आगजनी के बाद इलाके में मोबाइल सर्विस प्रभावित हो गई। वहीं नक्सलियों ने नारायणपुर के प्रख्यात वैद्यराज और पद्मश्री से सम्मानित हेमचंद मांझी के खिलाफ पर्चे भी जारी किए हैं। नक्सलियों ने पर्चों में लिखा है कि इलाके में संचालित खदानों के लिए हेमचंद मांझी काम करते हैं। दरअसल ये पहली बार नहीं है कि हेमचंद मांझी नक्सलियों के निशाने पर हैं, इससे पहले भी नक्सलियों द्वारा हेमचंद मांझी को धमकी दी जाती रही है। नक्सलियों ने मोबाइल टावर में आग लगाने के बाद बड़ी संख्या में बैनर पोस्टर भी लगाया है।



### बजरंग दल के जिला सहसंयोजक और एक युवती का शव डुमरखी जंगल में मिला, जांच में जुटी पुलिस

**बलरामपुर।** बलरामपुर रामनुजगंज में बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत स्वर्णकार का संदिग्ध परिस्थिति में शव जिला मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर डुमरखी जंगल में मिला। वहीं बगल में एक युवती का भी शव मिला है जो दहेजवार की बताई जा रही है। सूचना पर बड़ी संख्या में बलरामपुर से लोग मौके पर पहुंचे। घटना से पूरे बलरामपुर में शोक की लहर है। घटना के विरोध में नगर वासियों चक्काजाम कर दिया है। सुजीत अपने घर से 10:30 बजे करीब स्कूटी से निकले थे जिसके बाद सोमवार सुबह उनका शव जंगल में पड़ा देखा गया।

**सूर्या इंडिया लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : बी-1/एफ-12, मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044
CIN: L74899DL1985PLC019991; Tel: +91 11 42504115; Fax: +91 11 28898016
Email: cs@haldiram.com; Website: www.suryaindialtd.com

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का सार** (राशि लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2024 अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.2023 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2024 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2023 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 107.11 | 98.54 | 454.1 | 430.35 |
| 2 | कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि) | 1059.61 | 8.16 | 1,151.59 | 79.34 |
| 3 | असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि) | 1059.61 | 8.16 | 1,151.59 | 79.34 |
| 4 | कर के बाद और असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 858.44 | 6.57 | 928.69 | 58.13 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (907.23) | (620.23) | (834.66) | (563.06) |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) | 698.58 | 698.58 | 698.58 | 698.58 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | 12,310.03 | 12,446.11 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | |
| | 1. बेसिक : | 12.29 | 0.09 | 13.29 | 0.83 |
| | 2. डायल्युटेड : | 12.29 | 0.09 | 13.29 | 0.83 |

**टिप्पणियां :-**

1) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक और समाप्त वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक और वर्ष से तिथि तक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर उपलब्ध है।
2) उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा कर ली गई और ऑडिट कमेटी द्वारा अनुशंसित कर दिये गये तथा 26.05.2024 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3) प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) का समावेश अन्य आय में नहीं किया गया है।
4) पूर्ववर्ती तिमाही/वर्ष के आंकड़े वर्तमान तिमाही / वर्ष ग्रुपिंग के साथ अनुकूलन के लिए, जहां आवश्यक है, रिग्रुप्ड और रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।

कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
प्रीति अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00011450

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 26.05.2024

## चिंतन

# नियमों के पालन के प्रति कब गंभीर होगा प्रशासन?

आगजनित हादसे को हम गंभीर संकट कब मानना शुरू करेंगे? आग लगने से हादसे होते हैं, बेकसूरों की जान जाती है, तब प्रशासन जागता है, दो चार दिन कवायद करता है, फिर आंख मूंद कर सो जाता है। प्रशासनिक लापरवाही के चलते आग लगने से होने वाले हादसों से सबक लेकर नियम आधारित व्यवस्था बनाने व उसका पालन सुनिश्चित करने पर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। गुजरात के राजकोट गेम जोन में इतना बड़ा अग्निकांड हुआ, जिसमें 12 बच्चों समेत 28 लोगों की मौत हुई, दिल्ली के एक अस्पताल में 7 नवजातों की मौत हो गई, दोनों ही मामले में प्रशासनिक लापरवाही कारण हैं। राजकोट टीआरपी गेम जोन हादसे की सुनवाई करते हुए गुजरात हाईकोर्ट ने राजकोट महानगरपालिका प्रशासन को जमकर फटकर लगाई है। कोर्ट ने कहा- '28 लोगों की मौत के बाद आपको अब पता चल रहा है कि शहर में दो गेमिंग जोन बिना परमिशन के चल रहे हैं। क्या आप अंधे हो गए हैं, या फिर सो रहे हैं'? यह पहली बार नहीं है, जब अदालत ने प्रशासन को लापरवाही के लिए लताड़ा है। न ही गुजरात व दिल्ली की आग लगने की घटना ही पहली बार घटित हुई है। अतीत में बड़े से बड़े अग्निकांड हुए हैं, जिनमें सैकड़ों लोग जान गंवा चुके हैं। इस हादसों में अधिकांश प्रशासनिक लापरवाही के चलते हुए। राजकोट में गेमिंग सेंटर अनधिकृत परिसर में बनाया गया था और फायर सेफ्टी की एनओसी भी नहीं थी और यह सब कुछ पिछले चार साल से चल रहा था और स्थानीय प्रशासन आंख मूंदे हुए था। गुजरात हाईकोर्ट की टिप्पणी अहम है कि 'अब हमें नगर प्रशासन और गुजरात सरकार पर बिल्कुल भरोसा नहीं रहा। यह त्रासदी आंखें खोलने वाली है, सबसे दुखद बात यह है कि इसमें मासूम बच्चों की भी मौत हुई है'। हाईकोर्ट ने अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट में गेम जोन के नियमों पर दलीलें पेश करने का आदेश दिया था। राजकोट पुलिस कमिश्नर ने कोर्ट को बताया कि टीआरपी गेम जोन को कोई इजाजत नहीं दी गई थी। हाईकोर्ट ने पुलिस और नगर निगम से 3 जून तक हलफनामा देने को कहा है। 6 जून से इस केस की सुनवाई शुरू होगी। यूं तो गुजरात सरकार ने घटना को लेकर लापरवाही बरतने के आरोप में 6 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, लेकिन क्या सरकार 28 जिंदगियों को वापस ला सकती है? क्या हादसे के जिम्मेवार लापरवाह अधिकारियों को कानून के कटघरे में लाया जाएगा? यही सवाल दिल्ली सरकार पर भी लागू है। हमारे स्थानीय प्रशासन नियमों की पालना के प्रति जागरूक क्यों नहीं हैं? वे अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले संस्थानों की नियमित चेकिंग क्यों नहीं करते हैं? हमारा प्रशासन लोगों की जिंदगी से खेलने वालों के प्रति कठोर क्यों नहीं है? अभी पुणे के पोर्श नाबालिग घटना में चिकित्सकों पर ही रक्त नमूना फेरबदल के आरोप लग रहे हैं। सरकारी सिस्टम में कार्यरत लोगों की अपने राष्ट्र के नागरिकों की सुरक्षा के प्रति चेतना कब जागेगी? कब वे जिम्मेदारी समझेंगे कि नागरिकों का जीवन कितना महत्वपूर्ण है। अभी कोई भी गुजरात व दिल्ली के मासूमों की जिंदगी लौटा सकता है? बिल्कुल नहीं। आग लगने के इतने हादसे हो चुके हैं, आखिर प्रशासन कब सबक लेगा? अग्निकांड से बचाव के लिए फुलप्रूफ सिस्टम की जरूरत है। शासन व प्रशासन आंख मूंदे नहीं रह सकते हैं।



छठा चरण
अवधेश कुमार

# तस्वीर वैसी नहीं, जैसा विरोधी बता रहे

**विरोधी दलों, नेताओं और उनका समर्थन करने वाले मुख्य मीडिया, सोशल मीडिया के पत्रकारों ,एक्टिविस्टों ने ऐसा माहौल बनाया है मानो 4 जून के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का अंत हो जाएगा और उसकी जगह विपक्ष के गठबंधन की सरकार बनेगी। 4 जून को किसको कितनी सीटें आएंगी इसकी भविष्यवाणी जोखिम भरी होगी। किंतु क्या देश में ऐसी स्थिति पैदा हो गई कि बहुसंख्य मतदाता मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की सीमा तक विद्रोह कर दे? इसी के साथ यह भी प्रश्न है कि क्या विपक्ष ने अपनी छवि ऐसी बना ली है कि लोग वर्तमान परिस्थितियों में उनके हाथों सत्ता सौंपने का निर्णय कर लें? इन दोनों प्रश्नों का उत्तर 'नहीं' है।**

अब जब लोकसभा चुनाव का एक चरण बाकी है नेताओं, पार्टियों और विश्लेषकों के दावों पर बात किया जाना आवश्यक है। विरोधी दलों, नेताओं और उनका समर्थन करने वाले मुख्य मीडिया, सोशल मीडिया के पत्रकारों ,एक्टिविस्टों ने ऐसा माहौल बनाया है मानो 4 जून के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का अंत हो जाएगा और उसकी जगह विपक्ष के गठबंधन की सरकार बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जब चौथे दौर के साथ बहुमत एवं पांचवें दौर के साथ 310 सीटों तक पहुंचने की बात की तो ऐसे लोगों ने उसका उपहास उड़ाना शुरू कर दिया। आजकल डिबेट में भी पूछा जा रहा है कि अब भाजपा 400 से आकर 300 की बात कैसे करने लगी है? न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने, न गृहमंत्री अमित शाह ने कभी कहा है कि हमारा 400 पार का दावा खत्म हो गया है। सरकार में वरिष्ठ क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दूसरे नंबर पर आते हैं लेकिन नेतृत्व और नियंत्रण के आधार पर देखें तो प्रधानमंत्री के बाद गृह मंत्री अमित शाह ही सरकार और संगठन के दूसरे मुख्य निर्णायक हैं। इन दोनों ने 400 पार का दावा छोड़ा नहीं है तो विरोधियों की बात कैसे मान ली जाए कि भाजपा ने 300 तक का मन बना लिया है। 4 जून को किसको कितनी सीटें आएंगी इसकी भविष्यवाणी जोखिम भरी होगी। किंतु क्या देश में ऐसी स्थिति पैदा हो गई कि बहुसंख्य मतदाता मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की सीमा तक विद्रोह कर दे? इसी के साथ यह भी प्रश्न है कि क्या विपक्ष ने अपनी छवि ऐसी बना ली है कि लोग वर्तमान परिस्थितियों में उनके हाथों सत्ता सौंपने का निर्णय कर लें?

निष्पक्ष होकर विचार करेंगे तो इन दोनों प्रश्नों का उत्तर हां में नहीं आ सकता है। तीन चरणों के मतदान में कमी से माहौल ऐसा बनाया गया मानो लोग मोदी सरकार से रुष्ट थे जिस कारण मतदान गिरा है। यह भी अजीब बात है कि सामान्यतः मतदान घटने को सत्ता के पक्ष का संकेत माना जाता था। हालांकि 2010 से मतदान के घटने या बढ़ने से किसी की सत्ता जाने या आने के संकेत की धारणा खत्म हो चुकी है। विपक्ष का यह दावा कैसे मान लिया जाए कि भाजपा के मतदाता नहीं आ रहे हैं और उनके मतदाता निकल रहे हैं? क्या जिन परिस्थितियों में और जिन अपेक्षाओं से 2014 में भारत के लोगों ने 1984 के बाद एक नेता और दल के नेतृत्व में बहुमत दिया और 2019 में सशक्त किया उनके संदर्भ में ऐसी निराशाजनक प्रदर्शन सरकार है कि लोग उसे वाकई हटाने के लिए तैयार हो जाएं?

सच यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी ने उन परिस्थितियों और अपेक्षाओं के संदर्भ में कुछ ऐसे काम किए हैं जिनकी उम्मीद उनके अनेक समर्थकों ने नहीं की थी। भाजपा को राजनीति में संघ विचारधारा का प्रतिनिधि माना जाता है। हिंदुत्व, हिंदुत्व आधारित राष्ट्र भाव और वैश्विक दर्शन इसके मूल में है। इस कारण देश का बहुत बड़ा वर्ग उससे हिंदुत्व के मामलों पर विचार और व्यवहार में प्रखरता की उम्मीद करता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने पहले दिन से इस दिशा में पूर्व सरकारों से अलग मुखर भूमिका निभाने की कोशिश की। यह नहीं कह सकते कि हिंदुत्व के मामले में जितनी



अपेक्षाएं थीं सब पूरी हुई पर जो कमी पहली सरकार में थी वह अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद काफी हद तक खत्म हुईं हैं। उदाहरण के लिए किसी ने कल्पना नहीं की थी कि सरकार धारा 370 को एक दिन में समाप्त कर देगी। इसी तरह मुस्लिम समुदाय में समाज सुधार की दृष्टि से एक साथ तीन तलाक जैसे विषय को जिसे गलत तरीके से मजहब से जोड़ दिया गया है उसे खत्म करने का कानून बनाया जाएगा इसकी भी अपेक्षा नहीं थी। 1985 में शाहबानो प्रकरण के बाद भारत के राजनीतिक प्रतिष्ठान में धारणा बन गई थी कि मुसलमान से संबंधित कुरीतियों ,गलत प्रथाओं आदि को यूं ही छोड़ दिया जाए अन्यथा समुदाय कट्टरपंथियों के आह्वान पर उथल-पुथल मचा देगा। अयोध्या में वाकई श्री राम मंदिर बन जाएगा और रामललि की प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी इसकी भी उम्मीद बहुत कम लोगों को थी। उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया लेकिन सभी केंद्र में सत्ता का नियंत्रण मोदी और शाह के हाथों नहीं होता तथा उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार नहीं होती तो न समय सीमा में मंदिर का निर्माण होता और न रामलला की प्रण प्रतिष्ठा हो पाती। विदेश नीति में इस समय भारत संपूर्ण विश्व में उस प्रभावी और विश्वसनीय स्थान पर है जहां एक दूसरे के दुश्मन देश या देशों का समूह इसके साथ संबंध बनाए रखने के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। पहली बार इतनी प्रखरता से भारत अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपनी बात रख रहा है और विश्व समुदाय सुन भी रहा है। चीन जैसा आर्थिक एवं सैन्य दृष्टि से शक्तिशाली देश हमारे विरुद्ध है। उतना सशक्त न होते हुए भी विश्व कूटनीति में हम सफलतापूर्वक मुकाबला कर रहे हैं। विश्व भर में भारत में वांछित आतंकवादियों की लगातार हत्याएं हो रही हैं। कौन कर रहा है कैसे कर रहा है इस विषय पर अलग-अलग मत हो सकते हैं। कनाडा ने भारत सरकार पर आरोप लगाया तो अमेरिका ने भी आतंकवादी पन्नू की हत्या के प्रयास के पीछे भारत की भूमिका का उल्लेख किया है। पाकिस्तान लगातार कह रहा है कि भारत की एजेंसियां ही उसके देश के अंदर नागरिकों की हत्याएं करा रहा है। पाकिस्तान में जितने को मारा गया वह सब आतंकवादी थे। भारत विरोधी आतंकवादियों में पूरी दुनिया के अंदर दहशत पैदा हो चुका है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में दुनिया की सबसे तेजी से विकास करता हुआ देश भारत है। हमारा शेयर बाजार जबरदस्त ऊंचाइयों पर है। ऐसा नहीं है कि लोगों की सारी अपेक्षाएं पूरी हो गई हैं और हर व्यक्ति सुख समृद्धि और निश्चिंतता की अवस्था में पहुंच गया है। यूपीए सरकार की निराशाजनक स्थिति से उलट सकारात्मक और आशाजनक तस्वीर अवश्य है।

उम्मीदवारों के चयन, गठबंधन आदि को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों के अंदर असंतोष और नाराजगी देखी गई है जो स्वाभाविक है। मोदी और शाह का नेतृत्व, प्रबंधन, नियंत्रण, जगह-जगह नेताओं से संवाद करने, उन्हें संभालने की क्षमता तथा उसके साथ केंद्र से प्रदेश के स्तरों पर विश्वसनीय लोगों के समूह की सक्रियता का सामना विपक्ष करने की स्थिति में नहीं है। भाजपा का समर्थन और विरोध दोनों के पीछे उसकी विचारधारा को लेकर निर्मित सोच होती है। भारत और दुनिया भर के विरोधी अगर मोदी सरकार को हर हाल में सत्ता से हटाना चाहते हैं तो उसके पीछे मूल कारण इस विचारधारा के आधार पर खड़ा होता हुआ स्वाभिमानी भारत ही है जिसे वह पसंद नहीं करते या जो उनके लिए खतरा हो सकता है। भारत में एक बहुत बड़ा वर्ग इस विचारधारा को समझ कर खड़ा है और उसे लगता है कि हमारे सामने राजनीति में एक मात्र विकल्प इस समय भाजपा ही है। विरोधी राजनीति में आए इस बदलाव की शक्ति को अभी तक नहीं पहचान सके। आईएनडीआईए घटकों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जिम्मेवार और दूरगामी वाली सोच, कार्ययोजना एवं नेतृत्व की छवि प्रस्तुत नहीं की है। इसलिए यह मत मानिए कि देश भर के मतदाता उनके दावों के अनुरूप मतदान कर रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

गुजरात व दिल्ली अग्निकांड
अरविंद जयतिलक



# आग में खाक होती जिंदगी

गुजरात राज्य के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी आग में तकरीबन ढ़ाई दर्जन लोगों की जलकर मौत दिल को दहला देने वाली मर्मांतक घटना है। बताया जा रहा है कि टीआरपी गेम जोन नाम की इस जगह पर जनरेटर चलाने के लिए हजारों लीटर पेट्रोल-डीजल रखा हुआ था और फाइबर डोम से निकली लपटों ने कइयों की जिंदगी लील ली। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गेम जोन का पूरा ढांचा ही जल कर खाक हो गया। राजकोट के डिप्टी म्यूनिसिपल कमिश्नर की मानें तो टीआरपी गेम जोन ने 'फायर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' के लिए अप्लाई नहीं किया था। न ही उसने नगर निगम से किसी अन्य तरह की मंजूरी के लिए आवेदन किया था। सवाल लाजिमी है कि फिर टीआरपी गेम जोन का संचालन किसकी अनुमति से हो रहा था? क्या स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत थी? इससे इंकार नहीं किया जा सकता। यह पर्याप्त नहीं कि सरकार एक्शन में है और जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दी है। यह भी पर्याप्त नहीं कि सरकार की तरफ से मृतकों के लिए मुआवजे का एलान कर अपने कर्तव्यों का इतिश्री समझ ली गई। सच तो यह है कि अगर समय रहते टीआरपी गेम जोन के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई होती तो लोगों की जिंदगी खाक नहीं होती। ऐसे ही दिल्ली के एक शिशु अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर के फटने से सात नवजात की जान चली गई। अस्पताल में ऑक्सीजन रीफिलिंग अवैध रूप से चल रही थी। सवाल लाजिमी है कि क्या इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलााफ सख्त कार्रवाई होगी? इस बात की क्या गारंटी है कि अब इस तरह की हृदयविदारक घटनाएं नहीं होगी? अकसर देखा जाता है कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं राज्य प्रशासन हरकत में आ जाता है। लेकिन कुछ दिनों बाद ही इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होने लगती है। इसका सीधा तात्पर्य यह हुआ कि गैर-कानूनी ढंग से काम करने वाले लोगों के मन में कानून और सजा का भय नहीं हैं। गौर करें तो इस समय देश के कई हिस्सों में आए दिन आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं में एक बात समान रुप से देखने को मिल रही है कि कहीं भी आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं।

याद होगा गत वर्ष पहले गुजरात राज्य के सूरत की तक्षशिला कॉम्पलेक्स में भीषण आग लगी थी जिसमें 23 लोगों की मौत हुई। वहां भी आग बुझाने का समुचित इंतजाम नहीं था। राजकोट के टीआरपी गेम जोन अग्निकांड में कई बच्चों की जान गई है। गर्मी की छुट्टी के कारण बच्चे वहां खेलने गए थे। लेकिन उनकी जिंदगी आग की लपटों की भेंट चढ़ गई। याद होगा दिसंबर 1995 में हरियाणा के मंडी डबवाली में स्कूल के एक कार्यक्रम के दौरान पंडाल में आग लगने से तकरीबन 442 बच्चों की मौत हुई। वहां भी आग बुझाने का पुख्ता इंतजाम नहीं था। इसी तरह 6 जुलाई, 2004 को तमिलनाडु के कुंभकोणम जिले में लगी आग से 91 स्कूली बच्चों ने दम तोड़ा। सच तो यह है कि आग की लपटों से अब कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं है। चाहे वह इमारत, अस्पताल, स्कूल, सिनेमाहाल हो अथवा सार्वजनिक स्थान ही क्यों न हो। कहीं भी आग से निपटने के समुचित बंदोबस्त नहीं है। अभी गत वर्ष ही देश की राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके में निर्मित तीन मंजिला व्यवसायिक इमारत में लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हुई। 2019 में रानी झांसी रोड पर अनाज मंडी में लगी भीषण आग में 43 लोगों की जान गई। बाहरी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर पांच में एक इमारत में अवैध रुप से चल रही पटाखे की फैक्टरी में भीषण आग में तकरीबन 17 लोगों की जान गई। याद होगा दिल्ली में ही किन्नरों के महासम्मेलन के दौरान पंडाल में लगी आग से 16 किन्नरों की जान जा चुकी है। 31 मई 1999 को दिल्ली के ही लालकुंआ स्थित हमदर्द दवाखाना में केमिकल से लगी आग में 16 लोगों को जान गई। 13 जून 1997 को दिल्ली के उपहार सिनेमा हॉल में आग लगने से 59 लोगों की मौत हुई। मध्य मुंबई के लोअर परेल इलाके में निर्मित दो रेस्टोरेंट कम पब में भड़की आग में 14 लोगों की जान गई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज (केजीएमयू) के ट्रामा सेंटर में शार्ट सर्किट से लगी आग में छः मरीजों की दर्दनाक मौत हुई। यूपी के कानपुर में लिकेज सिलेंडर से आग लगने से पांच लोगों की जान गई। गत वर्ष पहले केरल के कोल्लम में पुत्तिंगल देवी मंदिर में आतिशबाजी से लगी आग में एक सैकड़ा से अधिक लोगों की जान गई। 7 दिसंबर 2004 को दिल्ली में होजरी फैक्ट्री में आग लगने से एक दर्जन लोग मारे गए। जब भी इस तरह के हादसे होते हैं कहा जाता है कि तंत्र और सरकारें सबक लेंगी। आपदा प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा, लेकिन फिर वही ढाक के तीन पात। सरकारें अग्निजनित हादसों को आपदा मानने को तैयार ही नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
**दर्शन**

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

# जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है। उस समय हमें कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### बच्चों को इतनी आजादी ठीक नहीं

पुणे में एक किशोर द्वारा अपनी कार से नशा कर दो लोगों को कुचलकर मारना और फिर भी कानून द्वारा इस मामले में नरमी बरतना बहुत ही निंदनीय है, क्योंकि ऐसे में और भी ऐसे लोगों के हौसले बुलंद होंगे और वे वाहन चलाने में लापरवाही बरतेंगे। मैं उन लोगों को यह सुझाव देना चाहता हूं, जो पैसे की चकाचौंध में इतने खो जाते हैं कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन सौंप देते हैं, ठीक है कि अपने बच्चों को वाहन की सुविधा देनी चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि वे इसका दुरुपयोग करें। मां-बाप बच्चों पर पर नजर रखें। पैसे से महंगे वाहन खरीदे जा सकते हैं और बच्चों को वो दिए जा सकते हैं, लेकिन लापरवाही से वाहन चलाने से अगर किसी की जान चली जाए तो पैसे से किसी की जान नहीं खरीदी जा सकती। बच्चों को इतनी आजादी ठीक नहीं है। *- पवन साहू, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# उत्तर कोरिया की रॉकेट प्रक्षेपण की योजना

उत्तर कोरिया ने अगले सप्ताह की शुरुआत में एक रॉकेट प्रक्षेपित करने की अपनी योजना की सोमवार को घोषणा की जिसके जरिए वह संभवतः अपने दूसरे सैन्य जासूसी उपग्रह अंतरिक्ष में पहुंचाएगा। उत्तर कोरिया के पड़ोसियों दक्षिण कोरिया एवं जापान ने इस घोषणा की निंदा की है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल, चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने चार साल से अधिक समय में अपनी पहली त्रिपक्षीय बैठक के लिए सियोल में मुलाकात की, तभी उत्तर कोरिया के संबंध में यह जानकारी मिली। जापान के तट रक्षक ने बताया कि उसे उत्तर कोरिया ने 'उपग्रह रॉकेट' के तय प्रक्षेपण के बारे में सूचित किया है




जिसमें सोमवार से तीन जून की आधी रात तक कोरियाई प्रायद्वीप एवं चीन के बीच के जलक्षेत्र और फिलीपीन द्वीप लुजोन के पूर्व में सुरक्षा बरतने को लेकर सचेत किया गया है। उत्तर कोरिया जापान को अपने प्रक्षेपण की जानकारी देता है क्योंकि जापान का तट रक्षक पूर्वी एशिया में समुद्री सुरक्षा जानकारी का समन्वय और वितरण करता है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के कार्यालय ने बताया कि किशिदा ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे उत्तर कोरिया से प्रक्षेपण नहीं करने का अनुरोध करें।

## ऑफ बीट

# खत्म हो रही है अंटार्कटिका की असाधारण स्थिति

कोरोना महामारी के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि अंटार्कटिका महाद्वीप का अलगाव इसे दुनिया के बाकी हिस्सों की घटनाओं से बचा नहीं सकता है।



अंटार्कटिका लंबे समय से अलग नियमों द्वारा संचालित होता है और इसे भूराजनीति की उथल-पुथल से अलग एक जगह के रूप में देखा जाता है। महाद्वीप की दूरी, अलगाव और तीव्र (कभी बहुत ज्यादा तो कभी बहुत कम) वातावरण इसका एक कारण है। लेकिन यह योजना के मुताबिक भी है: 1959 की अंटार्कटिक संधि में घोषित किया गया कि इस क्षेत्र का उपयोग केवल वैज्ञानिक अनुसंधान और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। शीत युद्ध के चरम पर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड अमेरिका और सोवियत संघ दोनों के साथ मूल 12 हस्ताक्षरकर्ताओं में से थे। आज 56 राज्य इस संधि के पक्षकार हैं और उस मकसद को लेकर दबाव बढ़ रहा है क्योंकि राजनीति, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और अन्य कारकों ने अंटार्कटिका में रुचि और भागीदारी बढ़ा दी है। वैश्विक महामारी कोविड के फैलने (2020 में) के साथ यह स्पष्ट हो गया कि अंटार्कटिका अब दुनिया के बाकी हिस्सों से इतना अलग नहीं है। न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में कैंटरबरी विश्वविद्यालय की डेनिएला लिगेट दो दशकों से अधिक समय से अंटार्कटिका का अध्ययन कर रही हैं।

## X ट्रेंड f

### कसर नहीं छोड़ेंगे



बीते 10 वर्षों में हमने पंजाब के लोगों और यहां के किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। अपने तीसरे टर्म में हम विकसित भारत-विकसित पंजाब के विजन के साथ राज्य को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अग्निवीर खत्म करेंगे



अग्निवीर विकास कुमार से चर्चा हुई तो उस बहादुर युवा की पीड़ा उसकी आंखों से बह निकली। अग्निवीर योजना देश की सेना और युवाओं की देशभक्ति का अपमान है। हम दो तरह के शहीद नहीं बनने देंगे।- अग्निवीर योजना खत्म करेंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### एकदम सफाचट



हम जानते है कि हमारे आदरणीय चाचा जी दिल से चाहते है कि बीजेपी केंद्र से हटे ताकि बिहार का अच्छे से विकास हो। हम उन्हीं की मुहिम "जो चौदह में आए है वो चौबीस में जाएंगे" को आगे बढ़ा रहे है। बीजेपी एकदम सफाचट हो रही है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### सशक्त भविष्य



नंद घर में, हम बच्चों को उनके सपनों को साकार करने और समग्र विकास के माध्यम से उनके भविष्य को सशक्त बनाने के लिए पौष्टिक भोजन प्रदान करके मजबूत करते हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## सीएम केजरीवाल की पोस्ट पर पाकिस्तान से आया था जवाब

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कसा तंज, बोले-राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को पाकिस्तान से मिला रहा है समर्थन जांच का विषय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पाकिस्तान से मिले 'समर्थन' पर खुलकर बात की है। पीएम मोदी ने कहा है कि यह जांच और पड़ताल का गंभीर विषय है। भारत में अभी लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और बीते दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को लेकर पाकिस्तान से टिप्पणियां आ चुकी हैं।एक इंटरव्यू में जब पाकिस्तान से राहुल और केजरीवाल को लेकर किए गए कमेंट पर पीएम मोदी से सवाल किया तो पीएम ने कहा कि चुनाव भारत का है और भारत का लोकतंत्र बहुत ही मैच्योर है, तंदरुस्त परंपराएं हैं। भारत के वोटर्स भी बाहर के किसी की हरकतों से प्रभावित होने वाले मतदाता नहीं हैं।

**केजरीवाल** ने लिखा- तानाशाही के खिलाफ वोट किया

**पाक** के फवाद हुसैन ने लिखा- नफरत और उग्रवाद की ताकतों को परास्त करें



**पीएम मोदी ने कहा** कि चुनाव भारत का है और भारत का लोकतंत्र बहुत ही मैच्योर है, तंदरुस्त परंपराएं हैं। भारत के वोटर्स भी बाहर के किसी की हरकतों से प्रभावित होने वाले मतदाता नहीं हैं।

### पीएम का सवालः आवाज वहां से क्यों उठती है

मैं नहीं जानता हूं कि कुछ ही लोग हैं, जिनको हमारे साथ दुश्मनी रखने वाले लोग क्यों पसंद करते हैं। कुछ ही लोग हैं, जिनके समर्थन में आवाज वहां से क्यों उठती है। अब यह जांच पड़ताल का गंभीर विषय है। मुझे नहीं लगता है कि जिस पद पर मैं बैठा हूं, वहां पर ऐसे विषयों पर कोई कमेंट करने चाहिए, लेकिन चिंता मैं समझ सकता हूं। दिल्ली में लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने परिवार के साथ एक फोटो शेयर की थी। इस पर उन्होंने लिखा था, मैंने अपने पिता, पत्नी और बच्चों के साथ आज वोट डाला। मेरी माता जी की तबीयत बहुत खराब है। वो नहीं आ पाईं। मैंने तानाशाही, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ वोट डाला। आप भी वोट डालने जरूर जाएं। इस पर पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने लिखा, शांति और सद्भावना नफरत और उग्रवाद की ताकतों को परास्त करे।इसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पाकिस्तानी नेता फवाद चौधरी को मुंहतोड़ जवाब भी दिया था। केजरीवाल ने लिखा था कि चौधरी साहब, मैं और मेरे देश के लोग अपने मसलों को संभालने में पूरी तरह से सक्षम हैं। आपके ट्वीट की जरूरत नहीं है। इस वक्त पाकिस्तान की हालत बहुत खराब है। आप अपने देश को संभालिए।

### फवाद ने की थी राहुल गांधी की तारीफ

इस महीने की शुरुआत में चौधरी फवाद हुसैन ने ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भी तारीफ की थी। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि अपने परदादा जवाहरलाल (नेहरू) की तरह राहुल गांधी में भी समाजवादी भावना है। बंटवारे के 75 साल बाद भी भारत और पाकिस्तान की समस्याएं जस की तस हैं। राहुल साहब ने कल रात अपने भाषण में कहा कि 30 या 50 परिवारों के पास भारत की 70 प्रतिशत संपत्ति है। यही बात पाकिस्तान के लिए भी लागू होती है, जहां केवल पाकिस्तान बिजनेस काउंसिल नामक एक बिजनेस क्लब और कुछ रियल एस्टेट सेठों के पास पाकिस्तान की 75 फीसदी संपत्ति है। धन का उचित वितरण पूंजीवाद की सबसे बड़ी चुनौती है।"

### एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेंगे गठबंधन के नेता



**मंडी।** भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार पराजय का ठीकरा खरगे के सिर फोड़ विदेश में छुट्टियां मनाने चला जाएगा। बेचारे खरगे कार्यकर्ताओं का गुस्सा सहते-सहते थक जाएंगे। बल्ह चुनावी सभा में कंगना ने ये बात कही है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस वाले देश को डराते थे। उन्होंने कहा कि 4 जून से एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेंगे इंडी गठबंधन के नेता।

### आपदा में क्यों नहीं आए पीएमः प्रियंका



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश में 2 जनसभाएं की। पहली जनसभा चंबा में और दूसरी शाहपुर में की। इस दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी कहते हैं कि हिमाचल मेरा दूसरा घर है, लेकिन वह यहां आपदा में एक बार नहीं आए। मोदी ने धनबल से हिमाचल सरकार को गिराने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जो प्रधानमंत्री इस तरह की साजिश करे। ऐसी भ्रष्ट साजिश करने वालों के मन में हिमाचल के प्रति आदर नहीं हो सकता। ऐसे लोगों का मकसद किसी भी हालत में सत्ता को अपने हाथों में रखना है।

### नीतीश के हेलीकॉप्टर का ईंधन खत्म



बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के लिए रविवार को उस समय मुश्किलें खड़ी हो गईं जब चुनाव प्रचार के दौरान उनके हेलीकॉप्टर में ईंधन खत्म हो गया। एक करीबी सहयोगी ने यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेता और जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा के साथ पटना शहर के बाहरी इलाके मसौढ़ी में एक चुनावी बैठक के लिए गए थे। फिर सड़क मार्ग से रवाना हुए।

## 4 जून को भाजपा की प्रचंड जीत होगी और राहुल बाबा के लोग ईवीएम पर ठीकरा फोड़ते हुए आएंगे नजर

# भाजपा 400 पार, कांग्रेस 40 सीट में सिमट रही है और अखिलेश को 4 सीट भी नहीं मिल रहीः शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर, सलेमपुर और चंदौली में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा 400 पार, कांग्रेस 40 सीट में सिमट रही है और अखिलेश को 4 सीट भी नहीं मिल रही।

उन्होंने समाजवादी पार्टी की अराजक सरकार तथा कांग्रेस के तुष्टिकरण की जमकर आलोचना की और साथ ही पुनः कमल खिलाने की अपील की। कार्यक्रमों के दौरान यूपी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद आरपीएन सिंह, बलिया निवर्तमान सांसद वीरेंद्र सिंह, कुशीनगर प्रत्याशी विजय कुमार दुबे, सलेमपुर प्रत्याशी रवींद्र कुशवाहा, चंदौली प्रत्याशी महेन्द्र नाथ पांडेय रहे। शाह ने कहा कि देश में 6 चरण के मतदान संपन्न हो चुके हैं और 5 चरण में पीएम मोदी 310 सीटें पार कर चुके हैं और 7वें चरण तक 400 सीटें पार करेंगे। 4 जून को 40 सीटें भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू तो 4 सीटें भी पार नहीं कर पाएंगे।

### अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर, सलेमपुर और चंदौली में आयोजित जनसभाओं को किया संबोधित



### हार का ठीकरा खड़गे साहब पर फूटेगा

देश की जनता ने तय कर लिया है कि आगामी 5 वर्षों तक नरेंद्र मोदी पीएम बने रहेंगे। 4 जून को भाजपा सरकार और एनडीए की जीत सुनिश्चित है। 4 जून को चुनावी नतीजे आने के बाद दोपहर को कांग्रेस पार्टी के लोग प्रेसवार्ता करके ईवीएम को ही दोष देंगे। कांग्रेस की हार का ठीकरा भाई-बहन पर नहीं, बल्कि खड़गे साहब पर फूटेगा। एक ओर अति पिछड़े घर में जन्मे पीएम हैं जिन्होंनें पूरे देश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है और दूसरी ओर चांदी की चम्मच के साथ जन्मे शहजादे राहुल बाबा और अखिलेश हैं जिनको पूर्वांचल की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है।

## भीषण गर्मी से झुलस रहा उत्तर भारत, अकोला में धारा 144 तक लागू

# राजस्थान : फलोदी में 50 के पार हुआ पारा देश के 37 शहरों में झुलसा रही 45 पार की गर्मी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अधिकांश राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। देश के लगभग 37 शहरों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। इतनी तेज गर्मी के बीच कई राज्यों में बिजली कटौती संबंधी शिकायतें भी सामने आ रही हैं। चिलचिलाती गर्मी के कारण महाराष्ट्र के अकोला में प्रशासन ने सार्वजनिक समारोहों पर रोक लगाते हुए 31 मई तक आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू कर दी है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और गुजरात में प्रचंड गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। इस गर्मी में हीट स्ट्रोक के मामले काफी देखने को मिल रहे हैं। राजस्थान का फलौदी लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले फलौदी का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। बता दें कि 1 जून 2019 के बाद से देश में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। वहीं राजस्थान में पिछले तीन दिनों से गर्मी से संबंधित कई मौतों की सूचना मिली है।





**1** जून 2019 के बाद से देश में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया

### शिमला में 30.6 डिग्री सेल्सियस तापमान

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 37 शहरों में रविवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। शिमला में 30.6 डिग्री सेल्सियस साथ इस मौसम का सबसे गर्म दिन रहा।

### नजफगढ़ में 48.3 डिग्री

दिल्ली में करीब आठ स्थानों पर अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जिसमें मुंगेशपुर और नजफगढ़ में 48.3 डिग्री सेल्सियस और 48.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं हरियाणा के नारनौल में पारा 47 डिग्री सेल्सियस और पंजाब के फरीदकोट में 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### हीट स्ट्रोक से 60 से अधिक की मौत

देश के कई राज्य इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत नेशनल सेंटर ऑफ डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक एक मार्च से अबतक देश में हीटस्ट्रोक के 16 हजार से अधिक मामले रिपोर्ट किए गए जबकि 60 से अधिक लोगों की मौत हुई है। उच्च तापमान का सेहत पर गंभीर दुष्प्रभाव हो सकता है। ये मस्तिष्क की समस्याओं से लेकर किडनी-लिवर फेलियर तक के जोखिमों को बढ़ाने वाली हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 1998 और 2017 के बीच हीटवेव के कारण 166,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## पंजाबः इंडी गठबंधन के कांग्रेस व आप के बीच होगा चुनावी दंगल

# भाजपा और शिअद इस बार अलग वर्चस्व के संघर्ष को मजबूर

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब में 13 लोकसभा सीटों पर एक जून को मतदान होगा। पंजाब के लोकसभा चुनाव पर सबकी नजरें होगी, जहां किसानों की नाराजगी झेलते हुए भाजपा, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी अकेले दम पर चुनावी जंग में कूदे हैं। कांग्रेस और आप विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बावूजद अलग थलग होकर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं पिछले चुनाव में भाजपा और अकाली दल राजग गठबंधन में चुनाव लड़े थे, लेकिन तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन के दौरान किसानों का पक्ष लेते हुए अकाली दल राजग से अलग हो गया था, लेकिन केंद्र में भाजपा के साथ किसानों की नाराजगी उसके लिए भी कम नहीं है। किसानों के आंदोलन जमीन पर अब इन सभी सियासी दलों ने किसानों की मांगों पर फोकस को रखकर चुनावी मैदान में कदम रखा है। पंजाब में ऐसा पहली बार है जब भाजपा अकेले दम पर सभी सीटों पर चुनाव मैदान में है।

### इन दिग्गजों की दांव पर होगी प्रतिष्ठा

पंजाब में लोकसभा के लिए हो रहे 13 सीटों पर चुनाव में सभी दलों ने मजबूत रणनीति के साथ प्रत्याशियों को चुनाव मैंदान में उतारा है। भाजपा ने जालंधर से आप के इकलौते सांसद सुशील कुमार रिंकू को चुनाव मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर दांव खेला। पटियाला से भाजपा कांग्रेस से चार बार सांसद रह चुकी पूर्व सीएम अमरिन्दर सिंह की धर्मपत्नी परणीत कौर इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में है। बंठिंडा सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर शिअद की प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में है। भाजपा ने उत्तर पश्चिम दिल्ली के मौजूदा सांसद एवं सूफी गायक हंसराज हंस को फरीदकोट से प्रत्याशी बनाया है, तो आप ने भी हास्य अभिनेता करमजीत अनमोल पर दांव खेला है।



## देश के युवा जागरूक हैं अग्निवीर में जॉब की पूरी गारंटी है : अनुराग ठाकुर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्निवीर योजना पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस भय और भ्रम फैलाना बंद करे। देश के युवा जागरूक हैं, अग्निवीर में जॉब की गारंटी है अगर 100 सैनिक अग्निवीर हुए तो वे 4 साल सेना में देंगे और उसके बाद (उनमें से) 25% वहां रह जाएंगे और बाकि 75% को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में आरक्षण दिया जाएगा ताकि उनको नौकरी मिल जाए। सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना में मीडिया से कहा कि अग्निवीर में इन्होंने हिन्दुस्तान के जवानों को मजदूर बनाया है। हम अग्निवीर को रद्द करेंगे और पहले जो व्यवस्था थी वो लागू करेंगे।


**IndusInd Bank**

Office address: C-53, Kiran Tower, RDC, Raj Nagar, Ghaziabad (U.P.) 201002

**HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| DEAL NO | REGISTRATION NO | CUSTOMER NAME | ENGINE NO | CHASIS NO | MODEL |
|---|---|---|---|---|---|
| 100212440 | UP14GT9383 | DULI CHAND | SLT4DT241406 | MBUWEL4XDT0247845 | SATRAJ -MODEL-SWARAJ MAZDA WV26-S - DSPLC 3455CC |
| 100438894 | UP13CT2437 | S LAKHVEER | 4SPCR16EXX611501 | MAT804709N8E09523 | TATA LPT 710 38 HSD BS VI |
| DAA01532L | UP82AT5601 | Q FARMAN | LPH022599P | MB1AA42E3PRLH2900 | AL BADA DOST I1 LS FSD BS6 |
| DAB00582L | UP13BT9643 | CHETAN PRATAP | 3.3LNGD06CYX510151 | MAT563011M7D08641 | TATA LPT 1512 / 48 BS VI |
| DAB00741L | UP13CT4699 | A JAFAR | 3.3LNGD06GXX521460 | MAT563009N7G18196 | TATA LPT 1512/42 WB CBC BS 6 |
| DAB00762L | UP13CT4419 | S MALKHAN | E426CDNG401725 | MC2ESLRC0NG211286 | EICHER PRO 2114XP L HSD 22FT PRM BS 6 |
| DAB00807L | UP13CT8076 | J MOHD | 3.8SGI81GXX812936 | MAT563016NAG07915 | TATA LPT 1512 CNG 22FT CBC BS6 |
| DAL02306L | UP13CT2437 | S LAKHVEER | 4SPCR16EXX611501 | MAT804709N8E09523 | TATA LPT 710 38 HSD BS VI |
| DAL02469L | UP16LT0317 | K MANOJ | TUP4F81307 | MA1RV2TUKP6F38026 | BOLERO MAXX C3T PS LX BS6 |
| DAM00937L | UP85AT6596 | R SURESH CHANDRAAGRAWAL | D63028759 | MC1E4DEA5GP0204035 | FORCE TRAVELLER 11STR+D |
| DDA01688L | UP14GT9383 | DULI CHAND | SLT4DT241406 | MBUWEL4XDT0247845 | SATRAJ -MODEL-SWARAJ MAZDA WV26-S-DSPLC 3455CC |
| DDA01761L | UP14HT0786 | B NAWAB ALI | JDEZ204654 | MB1A2GCD7JRDX7326 | AL E-COMET 1214 IL H SERIES |
| DDA02702L | UP14KT8519 | J TARUN | E426CCMM375875 | MC2ESLRC0NA202105 | EICHER PRO 2114XP 22FT HSD BS6 CNG P |
| DDA02755L | UP14LT1802 | O HEM SINGH | E416NCNB385003 | MC2EBJRC0N504642 | EICHER PRO 2095XP CBC 20FT CNG BS VI |
| DDA02756L | UP14LT1331 | O HEM SINGH | E416NCNC386320 | MC2EBKRC0NC505207 | EICHER PRO 2095XP CBC 20FT CNG BS VI |
| DDA02913L | UP14LT7411 | Z IRFAN | NLHZ403855 | MB1A3GDD9NALL9867 | AL 1615 22FT CNG BS6 |
| DDS00701L | UP11CT0640 | A ARSHAD | MNH010529P | MB1AA22E8NRKV9756 | AL DOST PLUS LX FSD BS6 |
| DHA00497L | UP86T5980 | S DHARMVEER | E424CDHM182735 | MC2G3HRC0JA137295 | EICHER PRO 11.14 HSD |
| DMM01859L | UP15FT6332 | K GUDDU | 3.8SGI79HYX624716 | MAT804001M8H12243 | TATA SFC 609/33G CNG BS VI |
| DMM01868L | UP15FT6398 | K MOIN | KNH026003P | MB1AA22E6NRGY5609 | ASHOK LEYLAND DOST PLUS LX FSD BS VI |
| DMM02118L | UP83CT3925 | R SHISHU ALVI | E416NCMA337166 | MC2EGFRC0MA477835 | EICHER PRO 2059XP CNG HSD 14 FT BS VI |
| DUB00303L | UP23AT2570 | M ABDUL MAJID | TMM4H94632 | MA1HA2TMDM3H11180 | JAYO BS6 HSD |
| DUB00408L | UP20BT0069 | A NAEEM AHMAD | UKN1G26143 | MA1ZN2UKK1G65486 | M&M BOLERO PICK UP 1.3 STD BS VI |
| DUZ01485L | UP12BT5622 | L MOSEEN | 3.8SGI81HYX623917 | MAT563015M5H11718 | TATA 1512 LPT BS VI |
| DUZ01565L | UP15FT4768 | S JOGINDRA | VARICOR12KYXJ15435 | MAT464779MSK14644 | TATA YODHA 1700 PICK UP BS VI |
| UHH00575L | UK06CB8485 | S S TRANSPORT COMPANY | CMH051397P | MB1AA23E2MRBR9571 | AL DOST STRONG LS FSD CNG BS6 |
| ULY01596L | UP26T9585 | R DHANI | I5CR06NXXSG0793 | MAT535093NYN53771 | TATA INTRA V50 BS6 |
| AA3C77927 | UK07BQ1251 | J MOHD JASEEM AKHTAR | B4AA400E028185 | MEEBBA000G233340 | RENAULT KWID RXT MT |
| DAA02058C | UP80FL8659 | A RINKU KHAN | G12BN762437 | MA3ERLF1S00778416 | MARUTI EECO TOUR V5 SEATER STD |
| DAF00482C | UP83BC2213 | J ARPIT | 2386015 | X231509 | MARUTI S-PRESSO VXI + BS VI |
| DAF00574C | UP86T9440 | S DEVENDRA SINGH | L12B35136334 | MAKDF15MJHN200388 | HONDA AMAZE 1.2 EMT |
| DAF00663C | HR29AG1088 | S JITENDRA | D13A2320445 | MA3FHEB1S00607525 | MARUTI SWIFT VDI 1248 CC BS III |
| DAL02856C | UP81DT2906 | G MANOJ | K12MN2420897 | MA3EJKD1S00C83833 | MARUTI DZIRE TOUR S (O) CNG BS VI |
| DAM02751C | UP14HT2583 | S ANIL | K14BN7218920 | MA3ELMG1S00556241 | MARUTI ERTIGA VXI BS IV |
| DAM02853C | UP85CT7546 | S JITU | G12BN1119097 | MA3ERLF1S00A59385 | MARUTI EECO 7 STR STD (O) BS VI |
| DAM03011C | UP85CC8491 | V RAVENDRA PRASAD | K10CN1067427 | MA3TFC62SNJ190604 | MARUTI CELERIO ZXI 1L 5MT BS VI |
| HDD02079C | UK14TA1609 | C PANKAJ KUMAR | D13A3296386 | MA3FJEB1S00B50087 | MARUTI DZIRE LDI TOUR 1248CC BS IV |
| HDD02173C | | A VAKAR | D4FALM068023 | MALFC81DLLM136255 | HYUNDAI VENUE 1.5 SX DIESEL BS VI |
| HDD02886C | | M JAMEEL | B4DA417E203362 | MEERBC006NA158069 | RENAULT TRIBER RXT PETROL 1.0L MT BS VI |
| UHH01609C | UK04TB1621 | R NIRMAL KUMAR | K10BN8164264 | MA3ETDE1S00581476 | MARUTI CELERIO X ZXI BS IV |
| UHM04384C | UP83AP1562 | M FAHEEM | G12BN544194 | MA3ERLF1S00566977 | MARUTI EECO 7 SEATER W/O AC 1196CC |
| DAA01391D | UP83CT8240 | N HUKUM DEV | NBHZ432258 | MB1AZHCD5NRBD2351 | ASHOK LEYLAND 1815 HE BS6 FBT |
| DAL01276D | UP81BT7587 | K BANTI | 61K84345578 | MAT448037GAN11777 | TATA LPT 2518 TRUCK |
| DAL01315D | UP81AF7411 | K DANESH | 497TC92HXY844954 | MAT457403CH31144 | TATA LPT 1109H EX2 42 CAB CR BS3 |
| DAP00184D | HR55AN9934 | S SHANKAR | 22K84993254 | MAT794003NAK11134 | TATA LPT 2818 BS6 TRUCK COWL CHASSIS |
| DAP00212D | RJ11GC3111 | K SALMAN | 71A63684529 | MAT447235H3A09835 | TATA LPS 4018 BS3 |
| DAP00284D | UP14HT5460 | S SHANKAR | JXEZ434599 | MB1CTCHD9JAXJ7014 | ASHOK LEYLAND 2518XL H SR 6600MM WB BSIV |
| DDA00604D | UP17AT9755 | S MUKESH | LYPZ107860 | MB1A9CHD2LPYL9249 | ASHOK LEYLAND GA1920 4750 WB 200HP BS VI |
| DDA00717D | HR38AD8135 | Y AYUB | NDPZ505371 | MB1TZVLD2NPDT2188 | AL 5525-3400 MM WB 250 HP BS6 |
| DMM02065D | UK04CC1515 | I MUDASSIR | 33LNGD06KXX530208 | MAT563010N7K24355 | TATA LPT 1512 HSD BS6 FBT |
| DNB00048D | HR55Y6480 | J RAHUL KUMAR | 61C84290765 | MAT448037G5C04446 | TATA LPT2518TC FBV |
| HDD00742D | UP11BT6648 | K PRAMOD | KDPZ124545 | MB1KACHD6KPDK2579 | AL 3118 SUPER 8X2 HAUL 5350 MM (210")WB |
| HDD00969D | UK07CD2584 | R SIKANDRA | 3.3LNGD05AWX503402 | MAT843004P7A02524 | TATA LPT 1815 42 HSD BS6 |
| UHM01525D | UP23AT3134 | A HASMUDDEEN | E426CDND392711 | MC2CAJRC0ND077794 | EICHER PRO3019 BS6 20FT FULLY BUILT TRUC |
| UYN00040D | UP24T8922 | S NARESH SINGH | E624CDKJ301840 | MC2ABKRC0KJ018597 | EICHER PRO 5019 K HSD TRUCK 20 FT BSIV |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : Ghaziabad

Contact Person : Manish Agarwal, Mob.No: 9791015623

## खबर संक्षेप

### जिप इलेक्ट्रिक ने जापानी कंपनी से जुटाई राशि

**मुंबई।** जिप इलेक्ट्रिक ने जापान की कंपनी ईएनईओएस से 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'सीरीज सी फंडिंग' के तहत 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। यह पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण चक्र का हिस्सा है। इसमें चार करोड़ अमेरिकी डॉलर इक्विटी निवेश, जबकि बाकी एक करोड़ अमेरिकी डॉलर कर्ज है।

### नाजारा टेक के प्रवर्तक ने 6.38% हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** नाज़ारा टेक्नोलॉजीज के प्रवर्तक मिटर इन्फोटेक ने मौजूदा निवेशक प्लूटस वेल्थ मैनेजमेंट को 48.8 लाख शेयर बेचे हैं, जो 6.38 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। नाज़ारा टेक्नोलॉजीज की प्रवर्तक कंपनी का नियंत्रण बरकरार रखेंगे। नीतीश मित्तरसेन मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी वर्तमान भूमिका में बने रहेंगे। विज्ञप्ति में कहा, ''नाज़ारा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के प्रवर्तक मित्तर इन्फोटेक एलएलपी ने 27 मई 2024 को शेयर बाजार में लेनदेन के जरिए प्लूटस वेल्थ मैनेजमेंट एलएलपी को 48,84,000 शेयर बेचे जो मौजूदा शेयर पूंजी का 6.38 प्रतिशत है।

## पिछले दस साल में केंद्रीय बजट की रूपरेखा बदल दी

# मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को बनाया समान वितरण का जरिया : सीतारमण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले 10 साल में केंद्रीय बजट की रूपरेखा बदल दी है। पहले यह केवल खर्चों का लेखा-जोखा होता था लेकिन मोदी सरकार ने इसे लोगों के बीच समान वितरण के लिए एक रणनीतिक खाके में तब्दील किया है। वित्त मंत्री ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधारों की गति जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य तथा प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेगी ताकि इसका लाभ सभी तक पहुंचाने के लिए इसका सर्वोत्तम इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके।

### एक्स पर किया पोस्ट

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, यह कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की 'ऑफ-बजट' उधारी और 'ऑयल बांड' जारी करने के जरिये घाटे को छिपाने की दोहरायी जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया।

### बजट की विश्वसनीयता में दिखा काफी सुधार

संप्रग के तहत बजट आंकड़ों को अनुकूल दिखाने के लिए मानक राजकोषीय प्रथाओं को नियमित रूप से बदला गया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में पुरानी बाधाओं और प्रथाओं को पीछे छोड़ते हुए केंद्रीय बजट की विश्वसनीयता में काफी सुधार देखा गया है।

### प्रत्येक रुपए का विवेकपूर्ण उपयोग

सीतारमण ने कहा, 'हमारी सरकार ने बजट को केवल खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के रणनीतिक खाके में बदल दिया है। हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और सही इस्तेमाल करते हैं...सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर पेश करते हैं।'

### सुधारों को आगे बढ़ाने प्रतिबद्ध

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत केंद्रीय बजट की विशेषता राजकोषीय विवेक, पारदर्शिता और समावेशिता है, जो सामाजिक विकास तथा बुनियादी ढांचे में निवेश सुनिश्चित करता है। मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने, पारदर्शिता बढ़ाने और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के लिए जारी सुधारों को आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध है।

### वैश्विक भरोसे में सुधार हो सकता है

सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। पारदर्शी बजट वाले देशों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा अधिक अनुकूल नजरिये से देखा जाता है। इससे वैश्विक भरोसे में सुधार हो सकता है।



- पहले यह केवल खर्चों का लेखा-जोखा होता था
- मोदी सरकार ने इसे लोगों के बीच समान वितरण में तब्दील किया
- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने सुधारों की गति जारी रखना होगा

### केंद्र 108 प्रायोजित योजनाओं का संचालन करती है

सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के जरिये 108 केंद्र प्रायोजित योजनाओं का संचालन करती है, जिसका बजट वित्त वर्ष 2024-25 के लिए करीब 5.01 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 4.76 लाख करोड़ रुपये था।

*पहले बजट 28 फरवरी को होता था पेश : मंत्री ने कहा कि सरकार ने बजटीय प्रक्रिया और प्रथाओं को मजबूत करने और पारदर्शिता लाने के लिए कई सुधार किए हैं। 2017-18 से बजट एक फरवरी को पेश किए जाने लगा। इससे व्यय चक्र प्रभावी रूप से दो महीने आगे बढ़ गया। इससे पहले बजट 28 फरवरी को पेश किया जाता था।*

## हुंडई ने चेन्नई में ईवी चार्जिंग स्टेशन किया स्थापित

एजेंसी ▶▶| चेन्नई




- तमिलनाडु में 100 चार्जिंक स्टेशन स्थापित करने की योजना

वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने यहां अपने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) फास्ट चार्जिंग स्टेशन के उद्घाटन की सोमवार को घोषणा की। कंपनी के अनुसार, यह तमिलनाडु में ऐसी 100 सुविधाएं स्थापित करने की दिशा में उसका पहला कदम है।

प्रसे विज्ञप्ति के अनुसार, 180 किलोवाट डीसी फास्ट चार्जिंग स्टेशन में 150 किलोवाट और 30 किलोवाट कनेक्टर शामिल हैं। यहां स्पेंसर प्लाजा में स्थापित किया गया है। यह ब्रांड तथा मॉडल से परे सभी चार पहिया वाहनों की जरूरतों को पूरा करेगा। एचएमआईएल के कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग) जे. वान रयू के हवाले से विज्ञप्ति में कहा गया, भारत में एचएमआईएल के 28 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए चेन्नई में अपने पहले 180 किलोवाट फास्ट पब्लिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है।

हुंडई के 'मानवता के लिए प्रगति'' के दृष्टिकोण के अनुरूप हमारा लक्ष्य सभी ईवी उपयोगकर्ताओं की सुविधा बढ़ाना है। इसलिए हमारे चार्जिंग स्टेशन का इस्तेमाल कोई भी चार-पहिया ईवी उपयोगकर्ता कर सकता है।'

### कंपनी अधिक लोगों को प्रेरित करेगी

ईवी परिवेश को बढ़ाने और राज्य भर में ईवी अपनाने के लिए अधिक लोगों को प्रेरित करने के लिए एचएमआईएल ने समूचे तमिलनाडु में 100 चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है।

### सोभा लिमिटेड 2000 करोड़ का राइट्स इश्यू लाएगी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सोभा लिमिटेड ने अगले पांच साल में अपनी इक्विटी पूंजी को चार गुना बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है और वह चालू वित्त वर्ष में करीब 2,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए राइट्स इश्यू लाने वाली है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार
हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान



बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट
ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

**जॉब**


(फ्रॉड कॉल से सावधान)
RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS SENDING JOB) करके लड़के- लडकियां, गृहणियां, घरबैठे कमाएं (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS / WHATSAPP करें :- 07827428113, 07679699330


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सोना 220 रुपए चढ़ा, चांदी में 1,050 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





- सोना बढ़कर 72,820 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंचा
- चांदी उछलकर 92,850 रुपए किग्रा पर बंद हुई

लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विदेशी बाजार में मजबूत रुख को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सोना 220 रुपये उछलकर 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,050 रुपये की तेजी के साथ 92,850 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,800 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों हाजिर सोना (24 कैरेट) की कीमत 220 रुपये की तेजी के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी।'

*वैश्विक बाजार में सोने की मांग बढ़ी : गांधी ने कहा कि नरम अमेरिकी डॉलर के समर्थन से सोने ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबार फिर से शुरू किया और इजरायल द्वारा राफा में हवाई हमले के बाद पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से, सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में सोने की मांग बढ़ी है। इसके अतिरिक्त, चांदी भी बढ़कर 30.75 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।*

## जिंस बाजार में कारोबार का समय बढ़ाने प्रक्रिया जारी

- कारोबार में रूकावट पर 15 मिनट के भीतर शुरू होगा बाजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को जिंस वायदा एवं विकल्प कारोबार में समस्या आने पर उससे निपटने को लेकर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की।

इसमें जिंस वायदा एवं विकल्प खंड से जुड़े शेयर बाजारों को ऐसी घटनाओं के 15 मिनट के भीतर कारोबार में रुकावट के बारे में सूचित करने और खरीद-फरोख्त रुकने की स्थिति में कारोबार के समय को 30 मिनट तक बढ़ाने के लिए कहा गया है। सेबी ने परिपत्र में कहा कि अगर एक शेयर बाजार में कारोबार रुकता है, ऐसे में उन शेयर बाजारों के कामकाजी समय में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां कोई समस्या नहीं हुई है।

*जल्द हो पाएगी सामान्य स्थिति: यह तब तक जारी रहेगा, जब तक कि परिचालन सामान्य नहीं हो जाता। प्रभावित शेयर बाजार की सूचना में कारोबारी समय के विस्तार का उल्लेख किया जाना आवश्यक है। प्रभावित शेयर बाजार जल्द से जल्द परिचालन को सामान्य स्थिति में बहाल करेगा। दिशानिर्देश एक जुलाई, 2024 से प्रभाव में आएगा।*

## एनएसई ने नकदी बढ़ाने चुनिंदा शेयरों के लिए 'टिक साइज' घटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने 250 रुपए प्रति शेयर से कम कीमत वाले सभी शेयरों के लिए 1 पैसा टिक साइज तय किया है। एनएसई ने इसे काफी घटाया है। फिलहाल टिक साइज 5 पैसा है। यह फैसला 10 जून से लागू होने जा रहा है। इस बदलाव से न सिर्फ लिक्विडिटी बढ़ेगी बल्कि प्राइस एडजस्टमेंट भी हासिल होगा। यह बदलाव सभी सिक्योरिटीज पर लागू होगा। हालांकि, इसमें कई सीरीज के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), जिनमें ईक्यू, बीई, बीजेड, बीओ, आरएल, और एएफ शामिल नहीं होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव एनएसई के प्राइसिंग सिस्टम को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के मुकाबले लाकर खड़ा कर देगा। बीएसई ने पिछले साल मार्च में ही 100 रुपए से कम कीमत वाले स्टॉक का टिक साइज 1 पैसा कर दिया था। कैश मार्केट में बीएसई की बाजार हिस्सेदारी 2023 में 7 फीसदी से बढ़कर 2024 में 8 फीसदी हो गई है। समान अवधि में फ्यूचर्स और ऑप्शंस (एफएडओ) सेगमेंट में इसकी हिस्सेदारी तेजी से बढ़कर 5.3 फीसदी से 17 फीसदी हो गई है। टिक साइज घटाने से मार्केट में बेहतर प्राइस डिस्कवरी, लिक्विडिटी और अधिक कुशल ट्रेडिंग सिस्टम तैयार होने की उम्मीद है।

### डीसीएम श्रीराम का शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 38.64 करोड़ रुपये रहा है। समान तिमाही में 31.53 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय घटकर 516.61 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 541.58 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 92 प्रतिशत बढ़कर 115.39 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में यह 60.16 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के निदेशक मंडल ने ऋण भुगतान और अपेक्षित पूंजीगत व्यय के लिए संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए अंतिम लाभांश की सिफारिश नहीं की है।

## आरबीआई का लाभांश भुगतान 0.6 प्रतिशत जीडीपी के बराबर : फिच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- अंतरिम बजट में निर्धारित 1.02 लाख करोड़ से दोगुना

फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने की घोषणा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 0.6 प्रतिशत के बराबर है लेकिन इस उच्च प्रतिशत के बरकरार रह पाने की संभावना बहुत कम है। आरबीआई के निदेशक मंडल ने पिछले सप्ताह वित्त वर्ष 2023-24 में अर्जित मुनाफे में से सरकार को रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश हस्तांतरित करने का निर्णय लिया था। यह अंतरिम बजट में निर्धारित 1.02 लाख करोड़ रुपये के अनुमान के दोगुने से भी अधिक है। फिच ने बयान में कहा कि आरबीआई को पिछले वित्त वर्ष में अधिक लाभ होने के पीछे विदेशी परिसंपत्तियों पर उच्च ब्याज राजस्व की भूमिका नजर आती है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने अभी तक इस बारे में कोई ब्योरा नहीं दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, 'आरबीआई ने जीडीपी के 0.6 प्रतिशत के बराबर राशि सरकार को रिकॉर्ड-उच्च लाभांश के रूप में देने की घोषणा की। यह वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में अपेक्षित जीडीपी के 0.3 प्रतिशत से अधिक है।

### लाभांश हस्तांतरण विभिन्न कारकों पर निर्भर

फिच ने कहा कि रिजर्व बैंक से सरकार को लाभांश हस्तांतरण विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिनमें केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट और भारत की विनिमय दर पर मौजूद संपत्तियों का आकार और प्रदर्शन शामिल हैं। इसके साथ ही यह बैलेंस शीट में बफर रखने से संबंधित आरबीआई की राय से भी प्रभावित हो सकता है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

### फसल बीमा योजना 'सुकृति' अब 20 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में

**नई दिल्ली।** क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज अपने प्रमुख फसल बीमा उत्पाद सुकृति के साथ-साथ प्रकृति को भारत के 20 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध कराने की घोषणा की। अब, भारत की जीडीपी में लगभग 15% योगदान देने वाले किसान अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं क्योंकि मानसून के आगमन के साथ ही खरीफ की बुवाई का महत्वपूर्ण समय आरंभ होता है। क्षेमा सुकृति की विस्तृत पहुंच किसानों और उनके परिवार के उन सदस्यों के लिए एक वरदान है, जिनकी बीमायोग्य आय होती है। वे मुफ्त में पंजीकरण कर सकते हैं और केवल 499 रुपये प्रति एकड़ की दर से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसान क्षेमा ऐप पर लॉग-इन करके सुकृति को कुछ आसान स्टेप्स में खरीद सकते हैं, जो भारत का पहला और एकमात्र स्वनिर्धारित फसल बीमा उत्पाद है।


## शीर्ष-10 देशों में 9 के साथ बढ़ा भारत का व्यापार घाटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय व्यापार के मोर्चे पर भारत को ज्यादातर भागीदार देशों के साथ घाटा उठाना पड़ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के दौरान भारत को अपने 10 सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार देशों में से 9 के साथ घाटा उठाना पड़ गया। एक रिपोर्ट में आधिकारिक आंकड़ों के हवाले से बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत को 10 में से 9 प्रमुख व्यापारिक भागीदारों के साथ घाटा उठाना पड़ गया। उनमें चीन, रूस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया आदि शामिल हैं। एक और गंभीर बात ये पता चली है कि उनमें से कई देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा साल भर पहले की तुलना में बढ़ गया है। किसी भी दो देश का व्यापार संतुलन उनके बीच आपस में होने वाले आयात और निर्यात के हिसाब से तय होता है। अगर कोई देश अपने किसी पार्टनर देश से जितना निर्यात करता है, उसकी तुलना में कम आयात करता है तो इसे व्यापार घाटे की स्थिति कहा जाता है। मतलब कह सकते हैं कि टॉप-10 व्यापारिक भागीदार देशों में से ज्यादातर के साथ भारत का निर्यात ज्यादा है, आयात कम। इन देशों के साथ बढ़ा व्यापार घाटा आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के दौरान जिन देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ गया, उनमें चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ भारत का व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में कम हुआ है।

### शब्द पहेली - 5524




**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5523 का हल**


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | टा | ■ | द | वा | खा | ना |
| ■ | क्ष्य | ■ | व | ■ | ल | क | वा | ■ | र | ज |
| ज | ■ | ■ | कु | सु | म | ■ | त | ■ | ■ | नी |
| ब | द | मा | श | ■ | टो | ना | ■ | सौ | त | न |
| र | ■ | हि | ■ | फा | ल | ■ | प्रा | ■ | न | ■ |
| न | ग | र | वा | सी | ■ | ग | ण | ना | य | क |
| ■ | र | ■ | द | ■ | मा | ली | ■ | पा | ■ | ल |
| अ | ल | ग | ■ | म | न | ■ | चौ | की | दा | र |
| प | ■ | ■ | चि | ■ | सि | स | की | ■ | ■ | व |
| रा | ज | ■ | क | न | क | ■ | दा | ■ | मे | ■ |
| ध | ड़ | क | न | ■ | ता | ■ | री | मा | ला | गू |



# गंभीर अकेले लूट ले गए महफिल, लेकिन पंडित-नायर-अरुण भी हैं जीत के 'गुमनाम हीरो'

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

कोलकाता नाइटराइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर आईपीएल 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मैदान पर जहां मिचेल स्टार्क, सुनील नरेन, श्रेयस अय्यर, हर्षित राणा, आंद्रे रसेल जैसे खिलाड़ियों ने परफॉर्म किया तो परदे के पीछे से कोचिंग स्टाफ ने भी कमाल कर दिया। यही वजह है कि टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर हैं तो ट्रॉफी की सफलता के बाद गौतम गंभीर की तूती बोल रही है। हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। हालांकि, उनके अलावा भी सपोर्ट स्टाफ में 3 देसी बॉयज हैं, जिन्होंने टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई है।




### मेंटॉर गौतम गंभीर

2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप के हीरो गौतम गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पिछले सीजन तक जुड़े थे, लेकिन फ्रेंचाइजी ने उन्हें जाने दिया। इस तरह कोलकाता नाइटराइडर्स और गौतम गंभीर फिर एक साथ आ गए। गंभीर के बारे में कोई कुछ भी कहे, लेकिन उनकी स्ट्रेंथ और लीडर के रूप में काबिलियत पर कभी किसी को शक नहीं रहा। अब रिजल्ट सामने है। बेहद गंभीर छवि के गौति खिलाड़ियों के साथ बेहद दोस्ताना अंदाज में नजर आए। टीम चैंपियन बनी।

### बॉलिंग कोच भरत अरुण

भरत अरुण टीम इंडिया में रवि शास्त्री के कार्यकाल के दौरान भारतीय गेंदबाजी को पैनी करने वाले भरत अरुण फिलहाल कोलकाता नाइटराइडर्स का हिस्सा हैं। उन्होंने गेंदबाजी में क्या बवाल काम किया यह हर कोई देख रहा है। हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, सुयश शर्मा जैसे देसी खिलाड़ियों पर खूब पसीना बहाया और उन्होंने टीम को टूर्नामेंट में जीत दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई।



### हेड कोच चंद्रकांत पंडित

रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाने वाले चंद्रकांत पंडित को काफी सख्त कोच माना जाता है। दो साल पहले जब वह टीम से जुड़े तो कुछ का मानना था कि डोमेस्टिक क्रिकेट में किसी टीम को फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट का चैंपियन बनाना और आईपीएल जैसे फास्ट मूविंग टूर्नामेंट में टीम को कोचिंग देना अलग-अलग बातें हैं। टीम की सफलता को देखकर यह आप कह सकते हैं कि उन्होंने टाइम लिया, लेकिन प्रोसेस में विश्वास रखने वाले पंडित आखिरकार आईपीएल के भी पंडित निकले।

### असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर

इस लिस्ट में अभिषेक नायर का नाम भले ही तीसरे नंबर पर लिया जा रहा है, लेकिन यकीन मानिए अगर खिलाड़ियों से पूछेंगे तो वह शायद टॉप पर रखें। फिलहाल जहां सेलिब्रिटिज क्रिकेट कोचों की भीड़ है तो अभिषेक बेहद लो प्रोफाइल रहकर काम करने में विश्वास रखते हैं। हर खिलाड़ी की कमियां पहचानने से लेकर ग्रूम करने तक में वह ग्राउंड लेवल पर काम करते हैं। रोहित शर्मा की 2013 में वापसी करने वाले भी अभिषेक ही थे। यही वजह है कि वरुण चक्रवर्ती ने हर किसी के सामने उनका नाम खुलकर लिया।

## खबर संक्षेप



### मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को मिलेंगे 25-25 लाख

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने उन्हें 'गुमनाम नायक' बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आईपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान 'शानदार पिचें' मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपए दिए जाएंगे। शाह ने एक्स पर लिखा, 'हमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। हमारी सराहना के प्रतीक के तौर पर 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को 25 लाख रुपए मिलेंगे और तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपए मिलेंगे।

### शुभंकर ऑस्ट्रिया ओपन के सेमीफाइनल में हारे

**ग्रेज।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी शुभंकर डे को यहां ऑस्ट्रिया ओपन इंटरनेशनल चैलेंज के सेमीफाइनल में इंडोनेशिश के प्राहदिस्का बगास शुजिवो के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।



तीस साल के शुभंकर को रविवार को प्राहदिस्का के खिलाफ 42 मिनट चले मुकाबले में 17-21, 15-21 से हार मिली।

### नडाल फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हारे

**पेरिस।** लाल बजरी के बादशाह रहे रफेल नडाल फ्रेंच ओपन के पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से 3-6, 6-7, 3-6 से हार गए और माना जा रहा है कि 14 बार के चैम्पियन का रोलां गैरो पर यह आखिरी मैच था। अपने लंबे और सुनहरे कैरियर में पहली बार नडाल क्लेकोर्ट पर लगातार दो मैच हारे हैं। फ्रेंच ओपन में पहली बार वह चौथे दौर से पहले बाहर हुए हैं। क्लेकोर्ट पर इस ग्रैंडस्लैम में उनका कैरियर रिकॉर्ड अब 112.4 हो गया है। नडाल को संभवतः आखिरी बार खेलते देखने के लिये करीब 15000 दर्शक जमा थे जिन्होंने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल तीन जून को 38 वर्ष के हो जायेंगे।

### क्वालीफायरः अंकुशिता जीती, अभिमन्यु हारे

**बैंकॉक।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो ने सोमवार को यहां पेरिस ओलंपिक के दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 60 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की नामून मोनखोर को हराया।



अभिमन्यु लोरा को आयरलैंड के केलिन केसिडी के खिलाफ 80 किग्रा वर्ग में शिकस्त झेलनी पड़ी। अंकुशिता ने मंगोलिया की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और तीन दौर के बाद 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। केसिडी ने अभिमन्यु के अंतिम दौर में अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहे।

## प्रो लीग : हरमनप्रीत ने 29वें, 50वें और 52वें मिनट में दागे गोल

# हरमनप्रीत की हैट्रिक से भारत ने अर्जेंटीना को 5-4 से हराया

भारत का अगला मुकाबला एक जून को जर्मनी से होगा

एजेंसी ▶▶| एंटवर्प

कप्तान हरमनप्रीत सिंह की शानदार हैट्रिक की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अर्जेंटीना पर 5-4 से रोमांचक जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत (29वें, 50वें और 52वें मिनट) के अलावा अराइजीत सिंह हुंदल (सातवें मिनट) और गुरजंत सिंह (18वें मिनट) ने भी भारत के लिए गोल किए। अर्जेंटीना के लिए फेडेरिको मोंजा (तीसरे मिनट), निकोलस कीनन (24वें मिनट), तादेओ मारुची (54वें मिनट) और लुकास मार्टिनेज (57वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। भारत का अगला मुकाबला एक जून को जर्मनी से होगा।



**पहला क्वार्टर**

*भारत ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले क्वार्टर में अधिकांश समय गेंद पर कब्जा बनाए रखा और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के सर्कल में घुसे। हालांकि पहला गोल अर्जेंटीना ने दागा जब फेडरिको ने करीब से गोल करके टीम को 1-0 से आगे किया। भारत ने जल्द ही बराबरी हासिल कर ली जब अराइजीत ने शानदार मैदानी गोल किया। भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सका और पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।*

**दूसरा क्वार्टर**

भारत ने दूसरे क्वार्टर की शानदार शुरुआत की। गुरजंत ने बेहतरीन मैदानी गोल दागकर टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। कीनन ने इसके बाद भारतीय रक्षापंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए सर्कल में प्रवेश किया और गेंद को गोल में पहुंचाकर स्कोर 2-2 कर दिया। हालांकि भारत ने क्वार्टर में एक मिनट शेष रहते हुए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और हरमनप्रीत ने भारत को 3-2 से आगे कर दिया।

**तीसरा क्वार्टर**

तीसरा क्वार्टर में दोनों टीमों ने तेजतर्रार हॉकी का प्रदर्शन किया। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। दोनों टीमों की रक्षापंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा।



**चौथा क्वार्टर**

चौथे क्वार्टर में भारत अच्छी लय में दिखा। टीम ने अर्जेंटीना को गलतियां करने के लिए मजबूर किया जिससे मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे पेनल्टी स्ट्रोक में बदल दिया गया और हरमनप्रीत ने गोल करके भारत को 4-2 की बढ़त दिला दी। दो मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया और इस बार भी हरमनप्रीत ने गोल करके भारत को 5-2 से आगे कर दिया। अर्जेंटीना ने तादेओ और लुकास के गोल से हार का अंत कम किया लेकिन भारत को 5-4 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाया।

आईपीएल-17

## अय्यर ने मेसी की स्टाइल में मनाया जीत का जश्न



एजेंसी ▶▶| पेरिस

निराशा को पीछे छोड़कर कामयाबी की नई दास्तान लिखने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने लियोनेल मेसी के विश्व कप जीतने के अंदाज में रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने का जश्न मनाया।

अय्यर ने सभी निराशा को पीछे छोड़कर केकेआर के आईपीएल खिताब के 10 साल को सूखे को उसी तरह खत्म किया जैसे मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 36 साल के बाद विश्व कप जीता था। मेसी को 2014 विश्व कप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था तो वही श्रेयस को इस तरह के पल का सामना 2020 में करना पड़ा था जब उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल फाइनल का सफर तय किया था।

आईपीएल ट्रॉफी उठाने के बाद श्रेयस ने टीम के अपने साथियों के साथ उसी तरह से जश्न मनाया जैसे मेसी ने दोहा में फीफा विश्व कप के फाइनल में फ्रांस को हराने के बाद मनाया था।

### मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा : रिंकू



**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल के फाइनल में रविवार को जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम के लिए विश्व कप ट्रॉफी उठाने की उम्मीद जताई। रिंकू ने कहा, 'मैं यहां से पहले नोएडा जाऊंगा और फिर अमेरिका के लिए रवाना होना है। आप लोग देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा।' रिंकू को भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है,जो चर्चा का विषय है। वह शुभमन गिल के साथ उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टीम के साथ रिजर्व के तौर पर यात्रा करेंगे।

## भारत ने की महिला फुटबॉल टीम की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 31 मई और चार जून को ताशकंद में खेले जाने वाले दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की। भारतीय दल बुधवार को ताशकंद रवाना होगा।

**भारतीय फुटबॉल टीम**

**गोलकीपरः** श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, एम मोनालिसा देवी।

**डिफेंडरः** एल आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी।


**मिडफील्डरः** कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग।

## अंतिम मैच में जीत के साथ बार्सीलोना के कोच के रूप में जावी का कार्यकाल खत्म

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

जावी हर्नांडेज ने बार्सीलोना के कोच के रूप में अपने कार्यकाल का अंत स्पेनिश लीग फुटबॉल के अंतिम दौर में सेविला के खिलाफ 2-1 की जीत के साथ किया। बार्सीलोना के लिए रॉबर्ट लेवानडोवस्की और फर्मिन लोपेज ने गोल दागे। बार्सीलोना ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वे पूर्व मिडफील्डर जावी के साथ करार तोड़ रहे हैं जबकि इसमें एक साल बचा था।

जावी ने कहा, 'हम इसे खत्म करना नहीं चाहते थे लेकिन ये क्लब के फैसले हैं। हमने खिताब नहीं जीते लेकिन हम सही राह पर थे। लेकिन फुटबॉल इसी तरह का खेल है, निदेशक अपने फैसले करते हैं।' बार्सीलोना के खिलाड़ियों ने मैच के बाद जावी को विदाई दी। वेम्बले में बोरुसिया डोर्टमंड के खिलाफ चैंपियन्स लीग की तैयारी कर रही चैंपियन रीयाल मैड्रिड को शनिवार को रीयाल बेटिस ने गोल रहित बराबरी पर रोका था।



बार्सीलोना, गिरोना और एटलेटिको मैड्रिड भी शीर्ष चार में रहते हुए अगले सत्र के लिए चैंपियन्स लीग में जगह बनाने में सफल रहे। केडिज, अल्मेरिया और ग्रेनाडा निचली लीग में खिसक गए।

## फ्रेंच ओपन : स्वियाटेक की लगातार 15 वीं जीत



**पेरिस।** इगा स्वियाटेक ने फ्रेंच ओपन टेनिस में लगातार तीसरी बार चैंपियन बनने के लक्ष्य के साथ सोमवार को लिओलिया जीनजीन पर 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। स्वियातेक की यह लगातार 13 वीं जबकि फ्रेंच ओपन में लगातार 15 वीं जीत है। उन्होंने अपने चार ग्रैंड स्लैम में से तीन (2020, 2022 और 2023) पेरिस में जीते हैं। स्वियाटेक के सामने अगले दौर में जापान की नाओमी ओसाका मुश्किल चुनौती होगी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने क्रिस यूबैंक्स पर 6-3, 6-3, 6-4 की जीत साथ अपना अभियान शुरू किया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा ने रेबेका मकारोवा को 6-1, 6-3 से और ग्रैंड स्लैम में दो बार फाइनल में पहुंचने वाली ओन्स जाबेउर ने अमेरिका की साचिया विकरी को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

### वावरिंका ने मरे को किया बाहर

स्टान वावरिंका ने रविवार को यहां रोलां गैरो पर संभवत: अपना अंतिम एकल मुकाबला खेल रहे एंडी मरे को सीधे सेटों में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। स्विट्जरलैंड के वावरिंका ने मरे को पहले दौर के मुकाबले में 6-4, 6-4, 6-2 से हराया। वावरिंका की मरे के खिलाफ 23 मुकाबलों में यह 10 वीं जीत है। दोनों पहली बार 2005 में भिड़ें थे।

## पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करेंगे खिलाड़ी

# सिंधू करेगी सिंगापुर ओपन में भारत की अगुवाई

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे लगभग सात करोड़ रुपए पुरस्कार राशि वाले सिंगापुर ओपन में दमदार प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे।

पेरिस ओलंपिक में दो महीने ही बचे हैं और चार वर्षों में होने वाले इन खेलों में भाग लेने से पहले खिलाड़ियों को खुद के खेल में सुधार करने के लिए सिंगापुर ओपन 750 के अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500, इंडोनेशिया सुपर 1000, कनाडा ओपन सुपर 500 में भाग लेने का मौका मिलेगा। थाईलैंड ओपन में हाल ही में चैंपियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी ओलंपिक के लिए बेहतरीन लय में दिख रही हैं, जबकि सिंधू ने भी रविवार को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अपना दावा मजबूत किया है। लक्ष्य और प्रणय पिछले कुछ समय से चली आ रही खराब लय को पीछे छोड़ पेरिस खेलों से पहले लय हासिल करने की पूरी कोशिश करेंगे। मलेशिया मार्स्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ निर्णायक गेम में 11-3 की बढ़त को गंवाने वाली सिंधू यहां डेनमार्क की लीन होजमार्क कजेर्सफेल्ट के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत करना चहेंगी। मलेशिया में सिंधू का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला लगभग 80-80 मिनटों तक चला था जिससे उनके लिए थकान से उबरना भी जरूरी होगा।



### भारतीयों के सामने चुनौती

पुरुष युगल में विश्व में नंबर एक सात्विक और चिराग के सामने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की चुनौती होगी। लक्ष्य का पुरुष एकल में सामना दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन से होगा। स्वास्थ्य समस्याओं से उबर रहे आठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को बेल्जियम के जूलियन कैरागी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना है। अन्य भारतीयों में किदांबी श्रीकांत जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे जबकि प्रियांशु राजावत पुरुष एकल में हांगकांग के ली चेउक यियू के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप का सामना पहले दौर में थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकेवोंग से होगा।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश सूचना
(विज्ञा. पीआर सं. -11 ऑफ 2024)

शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग और एमडीयू-सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड अलाइड स्टडीज (सीपीएएस), गुरुग्राम द्वारा प्रस्तावित एनईपी-2020 के अनुरूप 5-वर्षीय एकीकृत प्रोग्राम्स और 4-वर्षीय अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम्स [यूजी ऑनर्स)/यूजी (रिसर्च सहित ऑनर्स)] के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : 24.05.2024
बीपीएच प्रोग्राम जिसके लिए आवेदन जमा करवाने हेतु : 08.06.2024
अन्तिम तिथि 28.06.2024 है, को छोड़कर आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध 2024-25 की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

अद्यतन जानकारी / परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद विज्ञा. सं.-1235/11/129/2025/26396/सी/88/7 दि. 27.05.24 रजिस्ट्रार

# अमेरिका में तूफान का कहर, हवा में उड़ते दिखे कई घर, कारों के परखच्चे उड़े

## इस तूफान में 18 लोगों की मौत, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

एजेंसी ▶▶ टेक्सास

अमेरिका में आए एक तूफान ने देखते ही देखते बहुत कुछ तहस-नहस कर दिया है। कई घर हवा में उड़ते दिखाई दिए तो तमाम कारें हवा की चपेट में आईं और काफी ऊपर तक उड़ गईं। जब नीचे गिरीं तो उनके परखच्चे उड़ गए। बवंडर इतना तेज था कि टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में बवंडर के कहर से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

कई इमारतें, बिजली और गैस लाइनें और एक ईंधन स्टेशन नष्ट हो गया, जहां कई लोग शरण लिए हुए थे। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस बीच खोज एवं बचाव अभियान जारी है।



**खोज एवं बचाव अभियान जारी**

विनाशकारी तूफान में जीवित बच्चे लोगों के मिलने की उम्मीद



### 13 राज्यों में गुल हुई बिजली

*बता दें कि इस तूफान के कारण 13 राज्यों में हजारों लोगों के घर बिजली की कटौती हो गई। सबसे अधिक बिजली कटौती केंटुकी में की गई, जहां लगभग 135,000 ग्राहक बिना बिजली के हैं। फिलहाल 642,000 से ज्यादा लोग अंधेरे में हैं। बताया जा रहा है, फिलहाल न्यू इंग्लैंड के दक्षिण में पूर्वी तट पर कम से कम 120 मिलियन लोगों को तूफान का खतरा है।*

### सुपरसेल तूफान की आशंका

राष्ट्रीय मौसम विभाग के अनुसार,ऐसे तूफान के बीच एक विशेष प्रकार की घड़ी जारी की जाती है। ये केवल तभी जारी की जाती है जब क्षेत्र में कम से कम ईएफ-2-शक्ति वाले और लंबे समय तक रहने वाले कई तूफान आने की संभावना है। इसके साथ ही तूफान पूर्वानुमान केंद्र ने कई संभावित बवंडरों की चेतावनी जारी की रहै, जिसमें बेसबॉल से भी बड़े ओले गिरने और 85 मील प्रति घंटे की रफ्तार से व्यापक हवा चलने की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के लिए बता दें इससे पहले 25 मई को आए तूफान की वजह से करीब 100 लोग घायल हो गए थे।

### लॉरियां पलट गईं प्रमुख राजमार्ग बंद

उन राज्यों में भयंकर तूफान आया, जहां तापमान बहुत अधिक चल रहा है। टेक्सास का कुक काउंटी, डलास के उत्तर में और डेंटन काउंटी सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से हैं, जहां सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस बीच खोज एवं बचाव अभियान जारी है और उन्हें जीवित बचे लोगों के मिलने की उम्मीद है। बवंडर ने पूरे टेक्सास में सतही यातायात को भी प्रभावित किया, जिससे लॉरियां पलट गईं और प्रमुख राजमार्ग बंद हो गए।

---

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में सड़क हादसा, 13 की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में यात्री वैन और ट्रक के आपस में टकरा जाने से भीषण सड़क हादसा हो गया। इस



सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों समेत एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में नौ अन्य लोग घायल भी हुए हैं। यह दुर्घटना रविवार को लाहौर से करीब 350 किलोमीटर दूर मुजफ्फरगढ़ जिले में हुई।

### लाओसः 13 भारतीय श्रमिकों की घर वापसी

**नई दिल्ली।** लाओस स्थित भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है की - 'सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप



में भारतीयों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करते हुए भारतीय श्रमिकों को सफलतापूर्वक बचाया और वापस लाया गया। बता दे कि एक लकड़ी के कारखाने से 7 ओड़िया श्रमिक और गोल्डन ट्रायंगल एसईजेड, बोकेओ से 6 भारतीय युवा शामिल हैं।

### लंदन के होटल में परोसी जाती है शाकाहारी मछली

**लंदन।** लंदन में एक ऐसा रेस्त्रां है, जहां पर शाकाहारी मछली परोसी जाती है। हमारा मतलब है कि ये



रेस्त्रां मछली के फूड आइटम्स शाकाहारी चीजों से बनाता है। लंदन के इस रेस्त्रां का नाम डेनियल सटन है। यहां आपको फिश की कई वेराइटी वाली डिसेज मिल जाएगी। इसमें फिश चिप्स से लेकर फ्राइड फिश, फिश करी आदि शामिल है।

### अफगानिस्तानः बदख्शां में बाढ़, 16 की मौत

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के बगलान और बदख्शां प्रांतों में हाल ही में आई बाढ़ में महिलाओं और



बच्चों सहित 16 लोगों की मौत हो गई है। बाढ़ के कारण इस क्षेत्र के लगभग 500 घर पूरी तरह तबाह हो गए। अफगानिस्तान के बगलान और बदख्शां प्रांत में बाढ़ आई। बाढ़ से दंड-ए-घोरी, दोशी, पुल-ए-खुमरी शहर, मध्य बदख्शां के मोर्चक गांव आदि बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

### चीन की वाइस फॉरेन मिनिस्टर बनीं चुनयिंग

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय की स्पोक्सपर्सन हुआ चुनयिंग का प्रमोशन हो गया है। वह अब वाइस



फॉरेन मिनिस्टर बन गई हैं। चीन के विदेश मंत्रालय में 5 वाइस मिनिस्टर होते हैं। अमेरिका के खिलाफ अपने आक्रामक रवैये के चलते चुनयिंग को अमेरिका विरोधी कहा जाता है। चीन की वुल्फ वारियर कूटनीति को सपोर्ट करती हैं और इसे आगे बढ़ा रही हैं।

---

### अब बैंक अकाउंट में 60 हजार रुपए, रिटर्न टिकट होना जरूरी

# दुबई और अबू धाबी के एयरपोर्ट पर भारतीय पर्यटकों के लिए नियम सख्त


*संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने हवाई यात्रा करने वाले भारतीय यात्रियों के लिए नियम में बदलाव की घोषणा की है। अब नियम और भी सख्त कर दिए गए हैं।*

एजेंसी ▶▶ दुबई

नए नियमों के मुताबिक, दुबई-अबू धाबी जाने वाले पर्यटकों के बैंक अकाउंट में 60 हजार रुपए या उनके पास क्रेडिट कार्ड और रिटर्न टिकट होना जरूरी होगा। इन दोनों शर्तों को पूरा न करने वाले यात्रियों को दुबई और अबू धाबी एयरपोर्ट से ही वापस भारत भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल ही में रिटर्न टिकट न होने की वजह से 10 भारतीयों को यूएई से भारत डिपोर्ट किया गया है।

यूएई इमीग्रेशन का कहना है कि नए नियमों के जरिए टूरिस्ट वीजा के दुरुपयोग को रोका जा सकता है। दरअसल, कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां लोग टूरिस्ट वीजा पर दुबई-अबू धाबी जाते हैं और वहां काम करने लगते हैं। इसके अलावा कुछ लोगों के पास दुबई-अबू धाबी से लौटने के पैसे नहीं होते हैं इस वजह से उन्हें डिपोर्ट किया जाता है।बैंक बैलेंस दिखाने वाला डॉक्यूमेंट होना चाहिएपर्यटन के लिए दुबई और अबू धाबी जाने वाले यात्रियों के पास वीजा के अलावा ट्रैवलिंग से जुड़े जरूरी दस्तावेज और बैंक बैलेंस दिखाने वाला एक डॉक्यूमेंट भी होना चाहिए। इसके अलावा होटल रिजर्वेशन डॉक्यूमेंट भी होना चाहिए। अगर यात्री किसी परिजन से मिलने जा रहा है तो उसे परिजन का एड्रेस, फोन नंबर समेत अन्य डिटेल्स भी देनी होगी।

**10 भारतीयों को यूएई से भारत डिपोर्ट किया गया है**





### जांच के सख्त आदेश जारी

सख्त जांच के दायरे में तमिलनाडु और केरल से पहली बार दुबई और अबू धाबी जाने वाले टूरिस्ट की सख्ती से जांच की जाएगी। दरअसल, जानकारी के मुताबिक, केरल के कोट्टायम और इडुक्की जिले के कुछ यात्रियों को हाल मेंयूएई से डिपोर्ट किया गया। उनके पास यात्रा से जुड़े जरूरी डॉक्यूमेंट्स नहीं थे। नए नियमों से जुड़ी गाइडलाइंस एयरलाइंस को दे दी गई है।

### खास तौर पर युवा-युवतियों पर नए नियम

एयरलाइंस को अब यह वेरिफाई करना जरूरी होगी कि अकेले ट्रैवल करने वाले युवा (20-35 उम्र वाले) खास तौर पर युवतियां नए नियमों का पालन करें। इसके अलावा अगर यात्री उचित दस्तावेजों के बिना संयुक्त अरब अमीरात में उतरते हैं तो एयरलाइन कंपनियां जिम्मेदार होंगी। कंपनी पर जुर्माना लगाया जाएगा। नए नियमों के चलते भारतीय एयरपोट्र्स पर देरी हो रहीयूएई इमीग्रेशन के नए नियमों का पालन करने के लिए भारतीय एयरपोट्र्स पर चेकिंग तेज हो गई है। इस वजह से यात्रियों को फ्लाइट में बैठने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानियां केरल और तमिलनाडु के एयरपोट्र्स पर आ रही है। लोगों के सुविधा को देखते हुए चेक-इन टाइम बढ़ा दिया गया है, जिससे जांच की वजह से फ्लाइट डिले न हो।

**परेशानियों का सामना कर रहे यात्री**


*पिछले दिनों सिर्फ वीजा और हवाई टिकट लेकर एयरपोर्ट पहुंचने वाले सैकड़ों यात्री उड़ान नहीं भर पाए। यात्रियों ने इमीग्रेशन अफसर को वीजा डिटेल्स, यूएई में रहने वाले रिश्तेदारों और दोस्तों के फोन नंबर और एड्रेस भी दिए लेकिन उन्हें यात्रा करने की इजाजत नहीं दी। जिन यात्रियों की यात्रा रद्द हो गई, उन्हें कोई रिफंड भी नहीं दिया गया, न ही उन्हें यात्राएं री-शेड्यूल करने की इजाजत दी गई।*

---

### इतिहासकार शेन झिहुआ ने दी चेतावनी

# रूस की दोस्ती से चीन की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे शी जिनपिंग

यह प्लान असल में चीन की सुरक्षा के लिए ही खतरा है



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

रूस और चीन की दोस्ती पर पूरी दुनिया की नजर है। खुद चीन जानकार इस दोस्ती पर सवाल उठाने लगे हैं। शीतयुद्ध मामलों के विशेषज्ञ और चीन के चर्चित इतिहासकार शेन झिहुआ ने जिनपिंग सरकार को चेतावनी दी है कि पुतिन के प्लान से चीन की सुरक्षा को खतरा होगा।

यूक्रेन युद्ध के बीच चीन और रूस की दोस्ती अपने शिखर पर पहुंचती दिख रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में सत्ता संभालने के बाद सबसे पहले चीन के दौरे पर गए। शी जिनपिंग ने पुतिन का गले लगाकर स्वागत किया। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से जूझ रहा रूस अभी चीन पर बुरी तरह से निर्भर हो गया है। वहीं चीन को ताइवान पर कब्जा करने में रूस से मदद की उम्मीद दिख रही है। चीन और रूस अब नो लिमिट वाली दोस्ती कर रहे हैं और हर तरह से एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं।

### रूस और चीन की बढ़ती दोस्ती के बीच उठ रहे कई सवाल

रूस और चीन की बढ़ती दोस्ती के बीच विशेषज्ञ कई सवाल उठा रहे हैं उन्होंने यहां तक कह दिया कि चीन के लिए यह खतरा पैदा कर सकता है. दरअसल, राष्ट्रपति बनने के बाद रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन हाल ही में चीन के दौरे पर गए थे। शी जिनपिंग ने पुतनि का गले लगाकर स्वागत भी किया। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस पर पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगा दिया था, इसलिए उसकी निर्भरता फिलहाल चीन पर दिख रही है। खबर है कि चीन और रूस नो लिमिट वाली दोस्ती कर रहे हैं। इसको लेकर विशेषज्ञ और चीन के इतिहासकार शेन झिहुआ ने जिनपिंग सरकार को चेतावनी दी है। प्रफेसर शेन ने मॉर्निंग पोस्ट अखबार से कहा, मेरा मानना है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन भूतकाल में जाना चाहते हैं और रूसी साम्राज्य का पुनर्निर्माण करना चाहते हैं। पुतनि चाहते हैं कि उन जगहों पर रूस का दबदबा फिर से बढ़ाया जाए, जो अब रूस से अलग हो गए हैं।

### चीन और अमेरिका के बीच रिश्ते अच्छे नहीं

शेन ने कहा कि पुतिन का यह प्लान असल में चीन की सुरक्षा के लिए ही खतरा है। अपनी विदेश नीति पर कायम रहे चीन तो बेहतर होगा इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश भी रूस और चीन के इस प्लान का विरोध कर रहे हैं। चीन और अमेरिका के बीच रिश्ते अच्छे भी नहीं हैं।

---

### 14-पार्टी गठबंधन के साथ बैठक

# बांग्लादेश को तोड़ने की हो रही साजिशः शेख हसीना

एजेंसी ▶▶ ढाका

ढाका में गोनो भवन (प्रधानमंत्री आवास) में अपने 14-पार्टी गठबंधन के साथ एक बैठक में बोलते हुए, हसीना ने यह भी खुलासा किया कि उन्हें और उनकी पार्टी, अवामी लीग को जातीय संसद चुनावों में आसानी से फिर से चुनाव की पेशकश की गई थी।



हसीना ने बांग्लादेश और म्यांमार के कुछ हिस्सों का उपयोग करके पूर्वी तिमोर जैसा ईसाई राज्य स्थापित करने की साजिश रच रहे हैं, जिसे कामयाब नहीं होने देंगे।

### भारत के अपने पड़ोसी के साथ ऐतिहासिक संबंध

300 सदस्यीय सदन में 224 सीटों के साथ शानदार जीत हासिल करने वाली हसीना ने कहा कि ऐसा लग सकता है कि इसका लक्ष्य केवल एक देश है, लेकिन ऐसा नहीं है। मुझे पता है कि वे और कहां जाने का इरादा रखते हैं। बांग्लादेश के रणनीतिक महत्व के कारण वहां होने वाले किसी भी विकास पर भारत की पैनी नजर रहती है।

---

### धामी ने अधिकारियों के साथ बैठक की

# सीएम धामी ने 'चारधाम यात्रा' के लिए की गई व्यवस्था का किया निरीक्षण

एजेंसी ▶▶ उत्तराखंड

उत्तराखंड चारधाम यात्रा जोरों शोरों से चल रही है। उत्तराखंड चारधाम यात्रा की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद कमान संभाली है। वह यात्रा से संबंधित पल-पल की जानकारी ले रहे हैं, ताकि चारधाम यात्रा अच्छी तरीके से चलती रहे। इसके चलते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज (सोमवार) ऋषिकेश में 'चार धाम यात्रा' के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया।



### उत्तराखंड में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ी

बता दें कि उत्तराखंड चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित सिखों के सबसे पवित्र स्थानों में से एक गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब 25 मई से दर्शनों के लिए खुल गया है। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में धामों में बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की व्यवस्था और लगातार बढ़ रहे मौत के आंकड़ों को लेकर राज्य सरकार काफी गंभीर नजर आ रही है।

---

### कनाडा में हुई बैठक में हुआ फैसला

# 1 जून को पंजाब के पोलिंग बूथों पर खालिस्तानी झंडा लहराने की साजिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक जून को पंजाब में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर कनाडा में साजिश रची जाने लगी है। इन साजिशों को आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस और खालिस्तानी आतंकियों ने रचा है। लोकसभा चुनावों में सिख फॉर जस्टिस के जनरल काउंसिल ने कनाडा से पंजाब की प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र की पोलिंग स्टेशंस पर खालिस्तान का झंडा लहराने की साजिश की है। आतंकी संगठनों ने प्रत्येक पोलिंग स्टेशन में खालिस्तान झंडा लहराने और प्रोपेगंडा फैलाने के नाम पर एक-एक लाख रुपए इनाम देने का लालच दिया है। वहीं, दूसरी ओर इन्हीं चुनावों की आड़ में कनाडा में आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के संगठन सिख फॉर जस्टिस ने कई बड़ी बैठकें कर लोकसभा चुनाव में माहौल बिगड़ने की साजिश भी तैयार की है।





### खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के मिली जानकारी के मुताबिक देश में हो रहे आखिरी चरण के लोकसभा चुनाव में खालिस्तानी आतंकियों ने खलल डालने की साजिश रची है। इस साजिश के तहत सिख फॉर जस्टिस ने पंजाब के अलग-अलग पोलिंग स्टेशनों पर खालिस्तानी झंडा लहराने की अपील की है। एक वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि पंजाब में एक जून को होने वाले मतदान से पहले कनाडा के कुछ अलग-अलग शहरों में खालिस्तानी आतंकी संगठनों और उनके समर्थकों के बीच कई बैठकें की गईं।

### खालिस्तानी आतंकियों की हुई बैठकें

पिछले सप्ताह कनाडा के सरे और एडमंटन में हुई खालिस्तानी आतंकियों की बैठकों के बाद पंजाब में चुनावी माहौल बिगाड़ने की पूरी रणनीति बनाई गई। हालांकि सूत्रों का कहना है कि रणनीति के बाद बहुत सी सिख संगतों ने इसका कनाडा में ही विरोध किया।

---

### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर लगातार प्रगति कर रहा

# मुंबई में बनी इस सुरंग से बुलेट ट्रेन के काम में आएगी तेजी, 2026 से है चलाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत चल रहे काम में तेजी लाने के लिए, मुंबई के घनसोली में 394 मीटर लंबी एक अतिरिक्त मध्यवर्ती सुरंग बनाई गई है। इस नई मध्यवर्ती सुरंग की वजह से बीकेसी और ठाणे खाड़ी से सटे शिलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी मुख्य सुरंग के काम में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

26 मीटर गहरा नया टर्मिनल 3.3 किलोमीटर लंबा है, और यह दोनों तरफ 1.6 मीटर (लगभग) सुरंग बनाने के लिए, एक साथ पहुंच प्रदान करेगा। बुलेट ट्रेन परियोजना को अंजाम देने वाली स्पेशल पर्पस कंपनी नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 21 किलोमीटर लंबी मुख्य सुरंग के लिए, 16 किलोमीटर सुरंग बोरिंग मशीनों का उपयोग करके खोदी गई है और बचे हुए 5 किलोमीटर न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग विधि के माध्यम से खोदी जाएगी।



### 320 किलोमीटर प्रति घंटे की होगी रफ्तार

सुरंग के अंदर बुलेट ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेगी। इस साल मार्च में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि बहुप्रतीक्षित बुलेट ट्रेन परियोजना 2026 तक तैयार हो जाएगी।

### 6 दिसंबर को शुरू हुआ था काम

इस नई सुरंग के लिए खुदाई का काम 6 दिसंबर, 2023 को शुरू हुआ था और छह महीने में 394 मीटर की पूरी लंबाई की खुदाई कर ली गई। इस काम के लिए विशेषज्ञों की देखरेख में 27,515 किलोग्राम विस्फोटकों का उपयोग करके कुल 214 नियंत्रित विस्फोट किए गए। इस नई सुरंग की लंबाई-चौड़ाई ऐसी है कि इससे न केवल निर्माण बल्की संचालन के दौरान भी मुख्य सुरंग तक वाहन सीधे पहुंच सकेंगे और इमरजेंसी की स्थिति में निकासी प्रक्रिया के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकेगा।





हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह वाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109